www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 18 जून 2026 शुक्ल पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 129 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

'तुम लोग परजीवी हो...', सीजेआई बोले- समाज हित में तुम्हें जेल के अंदर ही रहना चाहिए

■ साइबर अपराधियों को लेकर सीजेआई सूर्यकांत की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली /ए.। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को साइबर फ्रॉड के एक आरोपी को बेल देने से साफ मना कर दिया। यही नहीं, उसकी जमानत याचिका खारिज करते हुए सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने ऐसे अपराधियों को लेकर कुछ बहुत ही गंभीर टिप्पणियां कीं और कहा कि समाज के हित में ऐसे लोगों को जेल के अंदर ही रहना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने साइबर अपराध केस में जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसे अपराधी देश भर के लोगों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

साइबर अपराधियों को जमानत देने से इनकार, जेल में ही रहना ठीक

तुम लोग परजीवी हो... जो निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाते हैं। साइबर क्रिमिनल्स के लिए हमें बहुत ही सख्त होना पड़ेगा। तुम्हारे पीड़ित हमेशा देशभर के भारतीय होते हैं, तुम किसी को तमिलनाडु में ठगते हो, फिर जम्मू चले जाते हो...समाज की भलाई सिर्फ इसी में है कि आप जेल के अंदर रहें।

साइबर फ्रॉड पर दिखी सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी

- सुप्रीम कोर्ट ने इस ओर ध्यान दिलाया कि साइबर अपराधी अक्सर एक साथ कई राज्यों में अपनी गतिविधियों को अंजाम देते हैं।
- इससे साइबर अपराध का पता लगाना, उनकी जांच करना और भी मुश्किल हो जाता है।
- इसलिए अदालत ने संकेत दिया कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए बहुत ही सख्त रुख अपनाए जाने की जरूरत है।
- बीते एक महीने में यह दूसरा मौका है, जब सीजेआई सूर्यकांत ने किसी मामले पर फैसला सुनाने से पहले इतनी कठोर भाषा का इस्तेमाल किया है।

सीजेआई कर चुके हैं कॉकरोच वाली टिप्पणी

- मई में इसी तरह से एक वकील सीनियर एडवोकेट का दर्जा पाने की अर्जी लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।
- तब सीजेआई ने देश में कुछ ऐसे लोगों का मुद्दा उठाया था, जो बिना किसी जिम्मेदारी के एक्टिविज्म या मीडिया के काम के नाम पर महत्वपूर्ण संस्थानों पर निशाना साधते हैं।
- तब उन्होंने कहा था, 'समाज में पहले से ही ऐसे परजीवी हैं, जो सिस्टम पर हमला करते हैं और आप उनके साथ जुड़ना चाहते हैं।'
- सीजेआई ने पहले कहा था, 'ऐसे युवा भी हैं, कॉकरोच की तरह, जिन्हें रोजगार नहीं मिलता या प्रोफेशन में उनकी कोई जगह नहीं होती।

अपराध : भाजपा नेता ने ही बीजेपी नेता और उनके भाई को कार में जिंदा जलाया, 3 की मौत, 2 गंभीर अस्पताल में भर्ती

रेत का खूनी खेल: भाजपा नेता को फॉर्च्यूनर गाड़ी में जिंदा जलाकर मार डाला, 4 गिरफ्तार

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले में रेत के कारोबार को लेकर भाजपा के 2 दिग्गज नेताओं के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद 16 जून की रात खूनी खेल में बदल गया। इसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के 5 लोगों को कार के भीतर पेट्रोल छिड़कर जला दिया। इसमें सोनहत के पूर्व जनपद अध्यक्ष भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह, उनके भाई बिरेंद्र सिंह और नागेंद्र सिंह की मौत हो गई, जबकि साथी योगेंद्र सिंह व मयंक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

योगेंद्र सिंह और मयंक सिंह को अंबिकापुर से रायपुर रेफर किया गया है। इस मामले में पुलिस ने 7 नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इसमें से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना प्रदेश से लेकर देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

दरअसल कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी भाजपा नेता भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह सोनहत के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष थे। इन दिनों लल्ला सिंह के भतीजे के नाम से रेत का ठेका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से चल रहा था विवाद

रेत घाट, रेत खनन व परिवहन को लेकर भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह तथा मनोज त्रिपाठी के परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। 2 दिन पूर्व ही रेत परिवहन को लेकर लल्ला सिंह व उनके रिश्तेदारों का मनोज त्रिपाठी व अन्य के साथ विवाद हुआ था। इस पर त्रिपाठी परिवार की ओर से थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। इसी बीच 16 जून की रात भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह, बिरेंद्र सिंह, शिक्षक नागेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह व मयंक सिंह को मनोज त्रिपाठी व उनके रिश्तेदारों ने अपने घर के सामने फॉर्च्यूनर कार में पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया। कोई बाहर न निकल सके, इसके लिए डंपर वाहन को कार के सामने सामने खड़ा कर दिया था तथा कई बार टक्कर मारी थी।

बेमेतरा में देवर ने भाभी और भतीजी को चाकू से गोदा, दोनों की मौत, आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोरेघाट में बीती रात हुए दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी भाभी और भतीजी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी हेमलाल आदिल का अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बीच उसने अपनी भाभी और भतीजी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दाढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी हेमलाल आदिल को हिरासत में ले लिया है। मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा हत्या के पीछे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। बताया जा रहा है कि वह पूर्व में हत्या के एक मामले में करीब 10 वर्ष की सजा काट चुका है। जेल से रिहा होने के बाद उसने एक बार फिर पारिवारिक विवाद के चलते इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया।

लल्ला सिंह की कार में ही जलकर मौत

कार में आग लगने से किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। जो कार की कांच तोडक़र बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, उन्हें बाहर खड़े त्रिपाठी परिवार व उनके सहयोगियों द्वारा बेरहमी से पीटा जा रहा था। इसी बीच अन्य तो किसी तरह बच निकले, लेकिन भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह की कार समेत भीतर ही जलकर मौत हो गई। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल बिरेंद्र सिंह, शिक्षक नागेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह व मयंक सिंह को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर ले जाया गया। यहां बिरेंद्र सिंह की मौत हो गई, जबकि शिक्षक योगेंद्र सिंह वेंटीलेटर पर हैं।

आईजी रात में ही घटनास्थल पहुंचे, क्षेत्र में तनाव

भाजपा नेता व उनके भाई की जघन्य हत्याकांड की खबर पर सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा रात में ही घटनास्थल पहुंचे थे। पुलिस ने मामले में 7 नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने इसमें शामिल 4 आरोपियों अक्षत त्रिपाठी, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, मन्नू त्रिपाठी और विशाल त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। क्षेत्र में तनाव भी है।

किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा : सीएम साय



कोरिया जिले में रेत उत्खनन को लेकर हुए विवाद में भाजपा नेता भरत सिंह और उनके करीबी वीरू सिंह की हत्या मामले में सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है और पुलिस इसकी जांच कर रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सरकार के संरक्षण में रेत माफिया बेलगाम: बैज

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में अब रेत का व्यापार भाजपा के नेताओं के बीच में गैंगवार का कारण बन चुका है। रेत के लिए खून-खराबा मचा हुआ है। कोरिया जिले में बेहद ही डरावनी घटना घटी, सरकार के संरक्षण में रेत माफिया बेलगाम हो चुका है। भाजपा के विधायक, सांसद, मंत्री सीधी रेत के कारोबार में लिप्त है, उनके संरक्षण में अपराधी आतंक मचा रहे हैं।

उद्धव की पार्टी टूटी 9 में से 6 सांसद बागी, स्पीकर को मिले

■ 4 साल पहले शिंदे 39 विधायकों के साथ शिवसेना से हुए थे अलग

नई दिल्ली/मुंबई/ए.। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, छह सांसदों ने शिंदे गुट की शिवसेना में विलय के लिए बुधवार सुबह 9:30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी भेजी है।

सूत्रों के मुताबिक, चिट्ठी भेजने वाले सांसदों में नागेश पाटिल आष्टीकर और संजय दीना पाटिल का नाम शामिल है। संजय दीना पाटिल ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज किया था। उन्होंने कहा- मैं उद्धव ठाकरे की पार्टी का सांसद हूं और इसी पार्टी में रहूंगा। इधर, शिवसेना (यूबीटी) के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उद्धव सांसदों को मनाने में जुटे, 18 जून को दिल्ली में बैठक बुलाई

उद्धव और अन्य पार्टी लीडर्स अपने सांसदों से लगातार संपर्क करने और उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। पार्टी ने गुरुवार को दिल्ली में संसदीय समिति की बैठक बुलाई है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, पार्टी ने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश दिया है। जो सांसद बैठक में नहीं आएंगे, पार्टी उनके खिलाफ डिस्क्वालिफिकेशन की कार्रवाई कर सकती है।

शिंदे के साथ खड़े हुए उद्धव ठाकरे गुट के सांसद

दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र की राजनीति में चल रही अंदरूनी खींचतान अब संसद भवन तक पहुंच चुकी है। विधानसभा के बाद अब लोकसभा के स्तर पर भी पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना में बड़ा विभाजन हो गया है। पार्टी के असंतुष्ट और बागी गुट के सांसदों ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान बागी सांसदों ने लिखित रूप से यह दावा पेश किया कि वे अब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले दल का हिस्सा नहीं हैं और संसदीय दल के भीतर उनकी संख्या दो-तिहाई से अधिक है। इस बड़े घटनाक्रम के बाद देश के सबसे बड़े सदन के भीतर शिवसेना के नियंत्रण को लेकर रस्साकशी बेहद तेज हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बागी सांसदों का यह मंडल बुधवार दोपहर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक औपचारिक पत्र सौंपा, जिसपर शिवसेना के कुल 6 लोकसभा सांसदों के हस्ताक्षर मौजूद थे। बागी गुट का दावा है कि संसदीय दल के भीतर लोकतांत्रिक रूप से उनके पास पर्याप्त संख्या बल

आज बेबाक

बकौल सबसे बड़े बकलोल डोनाल्ड ट्रंप- अमेरिका और ईरान के बीच डील डन..डना..डन... डन हो गई है। यदि यह शांति समझौता हस्ताक्षरित हो जाता है और टिकाऊ सिद्ध होता है तो इससे अच्छी बात भला और क्या हो सकती है? आधी दुनिया को तेल और गैस की किल्लत से मुक्ति मिल जाएगी। अब देखना होगा कि ट्रंप इस डील के लिए इजराइल के पीएम नेतन्याहू को कैसे सहमत करते हैं जो अपनी मुर्गी की तीन टांग वाली जिद पर अड़ा हुए है। यदि इजराइल लेबनान पर बमबारी कर रायता फैलाता रहा तो जाहिर है यह डील फेल हो जाएगी।

एयर इंडिया के विमान से टकराया पक्षी: रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के विमान से एक पक्षी टकरा गया। AI-1729 फ्लाइट दिल्ली से रायपुर आ रही थी।

गरमा-गरम

भारत पर हमला हुआ तो अमेरिका करेगा मदद

■ पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में बोले ट्रंप

पेरिस/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर भारत पर हमला होता है तो अमेरिका खुलकर मदद करेगा। उनका यह बयान जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान दिया है। ट्रंप ने भारत के साथ संबंधों की जमकर तारीफ की और खुद को नई दिल्ली का दोस्त बताया। ट्रंप ने कहा कि वह जब तक अमेरिका के राष्ट्रपति हैं, तब तक व्हाइट हाउस में भारत का दोस्त बैठा है। उन्होंने जल्द ही भारत यात्रा की भी उम्मीद की।

डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि अगर भारत पर हमला होता है तो अमेरिका मदद करेगा। ट्रंप ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा रिश्ता है... अगर उन पर हमला हुआ, तो हम उनकी मदद के लिए वहां होंगे... अगर कोई उन पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत मध्य पूर्व में निभाएगा बड़ी भूमिका: ट्रंप

ट्रंप ने इस बैठक को 'बहुत सार्थक' बताया और पीएम मोदी की प्रशंसा की। पश्चिम एशिया में भारत की भूमिका से जुड़े एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, 'मेरा मानना है कि जब तक वह (प्रधानमंत्री मोदी) नेता हैं, भारत हर चीज में बड़ी भूमिका निभाता है। भारत बड़ी भूमिका निभाने वाला है।' भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, 'जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, तब तक मेरे रूप में अमेरिका में भारत का एक मित्र है।'

लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला आज आएंगे रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला गुरुवार को रायपुर आएंगे। वो दो सामाजिक सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके बाद वो सीधे राजभवन जाएंगे। बताया गया कि बिड़ला पहले जैन समाज के सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है। इसमें सीएम विष्णु देव साय और स्पीकर डॉ. रमन सिंह भी मौजूद रहेंगे। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिड़ला दोपहर बाद शांति नगर स्थित विमतारा में माहेश्वरी समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम निपटने के बाद वो सीधे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

विद्युत यांत्रिकी विभाग का कर्मचारी एक लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ ग्रेच्युटी के नाम पर रिश्वत का खेल बेनकाब, धमतरी में एसीबी के जाल में फंसा सरकारी कर्मी

धमतरी/नवप्रदेश। भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए विद्युत यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी लकेश्वर (लकेश) साहू को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर ग्रेच्युटी राशि जारी करने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता गुमान सिंह ने एसीबी से शिकायत की थी कि उनके पिता संतोष सोनकर की ग्रेच्युटी राशि के भुगतान के लिए लकेश्वर साहू द्वारा एक लाख रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। बुधवार को आरोपी ने शिकायतकर्ता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ कर्मा नगर स्थित घर पर हुई कार्रवाई, एसीबी ने बिछाया था जाल

जनपद पंचायत मनोरा का एसडीओ 25 हजार रिश्वत के साथ पकड़ाया

जशपुर/नवप्रदेश। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) अंबिकापुर की टीम ने जशपुर जिले में बड़ी ट्रैप कार्रवाई की है। एसीबी ने जनपद पंचायत मनोरा के प्रभारी एसडीओ (आरईएस) एवं उप अभियंता संजय कुमार दिवाकर को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शपथ समारोह : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नवनिर्मित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

समर्पित भाव से काम करें जनप्रतिनिधि : सीएम साय

■ मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टॉलों का किया अवलोकन, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को किया लाभान्वित

रायपुर/नवप्रदेश। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि बिजली, पानी, सड़क, स्वच्छता सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम करें। राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधि जनता और शासन के बीच सेतु बनकर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाएं।

उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सूरजपुर जिले के नगर पंचायत शिवनंदनपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में कही। श्री साय ने नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल सहित सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा और विकास के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिलना क्षेत्र की वर्षों पुरानी आकांक्षा की पूर्ति है।

इससे क्षेत्र में सुनियोजित नगरीय विकास का मार्ग प्रशस्त होगा तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शिवनंदनपुर में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी: रामविचार नेताम

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि शिवनंदनपुर के नगर पंचायत बनने से क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिवनंदनपुर में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने तथा क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।

सीएम के प्रयास से मिला नपं का दर्जा: लक्ष्मी

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों और दूरदर्शी सोच के कारण शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ है। यह क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, जिससे नागरिकों को बेहतर नगरीय सुविधाएं और विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी एवं जागरूकता स्टॉलों का अवलोकन किया।

61 इंस्पेक्टर्स के तबादले, नक्सल क्षेत्र से मैदानी इलाकों में पोस्टिंग

■ निरीक्षकों को मिली नई जिम्मेदारी, पीएचक्यू से आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) नवा रायपुर अटल नगर ने बुधवार को आदेश जारी करते हुए 61 निरीक्षकों (इंस्पेक्टर्स) का तबादला किया है। यह कार्रवाई पुलिस स्थापना बोर्ड के निर्णय के आधार पर वन टाइम (ओटी) नीति के तहत की गई है। जारी आदेश के अनुसार बस्तर संभाग के नक्सल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इन जिलों में इस्पेक्टरों को भेजा गया

निरीक्षकों को बस्तर से निकालकर जिन जिलों में भेजा गया, उनमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद, कोरबा, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार-भाटापारा, सक्ती, बेमेतरा, गरियाबंद, रायगढ़, कोरिया, बालोद और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई सहित कई जिलों के नाम शामिल हैं। नई पदस्थापना के बाद संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भाटापारा में दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

अधोसंरचना एवं आर्थिक विकास की ओर प्रदेश तेजी से अग्रसर : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन

■ **लगभग 8 करोड़ की लागत के ऑडिटोरियम का लोकार्पण एवं 4 करोड़ के विभिन्न कार्यो का किया भूमिपूजन**

बलौदाबाजार -भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को एक दिवसीय भाटापारा प्रवास के दौरान करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय परिसर में लगभग 8 करोड़ की लागत से निर्मित ऑडिटोरियम का लोकार्पण एवं 4 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्ष में देश ने विकास की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में अधोसंरचना के साथ ही आर्थिक व सामजिक क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों के जीवन में परिवर्तन की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल के दौरान हुई।

उन्होंने किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड लागू किया। छत्तीसगढ़ में भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहकारी बैंकों से ऋण की सुविधा मिली जिससे किसान को भारी भरकम कर्ज की बोझ से मुक्ति मिली। उन्होनें कहा कि आज छत्तीसगढ़ में विकास बयार बह रही है। नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले बस्तर गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से नक्सल मुक्त होकर इतिहास रचा है। डॉ. सिंह ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकास राष्ट्र बनाने में सभी की सहभागिता का आह्वान किया।राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगे को लेकर हमारी सरकार आगे बढ़ रही है और डबल इंजन की सरकार विकास की दिशा में द्रुत गति से आगे बढ़ रही है। सभी लोगों का समग्र विकास हो रहा है, हमारी सरकार ने मोदी की सभी गारंटियों को पूरा किया है जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है।कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव एवं पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे के परिजनों सुपुत्री प्रिया खोण्डे, भाई प्रभाकर खोण्डे एवं बहनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बताया गया कि लगभग 8 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित आडिटोरियम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसकी क्षमता भू-तल एवं बालकनी सहित 540 सीटर है। मुख्य मंच के दोनों ओर चेंजिग रूम एवं ग्रीन रूम, बॉक्स रूम-3 नग, व्हीआईपी रूम-1 नग, महिला एवं पुरूष टायलेट पृथक-पृथक, एसी एवं साउण्ड सिस्टम लगाए गए है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य साहकरी बैंक के अध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा,पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव,जनपद अध्यक्ष सविता अनंत पूर्व विधायक डॉ.सनम जांगड़े, शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे के परिजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

गुमा में 17 जून से पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

धरसींवा/ कूंरा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) शासकीय आयुर्वेद औषधालय, तेंदुआ के तत्वावधान में ग्राम गुमा में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर एवं स्वास्थ्य प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 जून से 21 जून तक शासकीय प्राथमिक शाला गुमा में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित होगा। शिविर के दौरान आम लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे एनीमिया (खून की कमी), अम्लपित्त (एसिडिटी), वातव्याधि (जोड़ों व नस का दर्द), तनाव (स्ट्रेस), मोटापा, थायराइड, मधुमेह (शुगर) उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) उपरोक्त बीमारियों से बचाव और उनके नियंत्रण के लिए विशेष योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही, प्रतिभागियों को उनकी बीमारियों के अनुसार व्यक्तिगत योगाभ्यास की जानकारी और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुनेश्वरी भारद्वाज ने क्षेत्र के अधिक से अधिक नागरिकों से शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

जिले में सघन कुष्ठ खोज अभियान की शुरुआत

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में 15 जून से सघन कुष्ठ खोज अभियान शुरू हो चुका है जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जा

कर कुष्ठ के लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर रहे हैं। इसके लिए टीम बना कर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। यह अभियान 15 जुलाई तक ज़ारी रहेगा। अभियान में लोगों को रोग के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी के अनुसार सर्वे में समस्त जनसंख्या को सम्मिलित किया गया है । स्वास्थ्य टीम द्वारा सर्वप्रथम लक्षणों के आधार पर संदेहास्पद मरीजों की पहचान की जाती है बाद में चिकित्सक उसका परीक्षण करते हैं एवं आवश्यक होने पर दवाई शुरू की जाती है।जिले में कुष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ नवदीप बांधे के अनुसार कुष्ठ एक संक्रामक रोग है जो धीमी गति से शरीर पर असर दिखाता है उपचार न करने पर शरीर में स्थाई विकृति भी आ सकती है। त्वचा पर सुन्न धब्बे, स्पर्श या दर्द का अहसास न होना,हाथ-पैरों में सुन्नपन,मांसपेशियों में कमजोरी ये लक्षण कुष्ठ के हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में जांच करवाना जरूरी है । बीमारी की स्थिति में एम डी टी के माध्यम से उपचार किया जाता है ।

संयुक्त टीम ने किया बम्लेश्वरी गैस एजेंसी की जांच, प्रकरण दर्ज

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में संयुक्त टीम द्वारा गैस एजेसियो की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में

संयुक्त जांच दल द्वारा बम्लेश्वरी गैस एजेंसी में अनियमितता तथा उपभोक्ताओं से उचित व्यवहार नही किये जाने पर प्राप्त शिकायत के संबंध मे मंगलवार को जांच किया गया।जांच में उक्त गैस एजेंसी के संचालक द्वारा अनियमिता पाया गया जिसमें जांच दिनाँक को ऑनलाइन दर्ज मात्रा के विरुद्ध 346 नग भरा सिलिंडर कम और 296 नग खाली सिलिंडर अधिक पाया गया जिस पर गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस(प्रदाय व वितरण)विनियमन 2000 के सुसंगत कंडिकाओ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है और सबंधित गैस एजेंसी के ऑयल कम्पनी IOCL कार्यालय को कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है। संयुक्त जांच दल में ऑयल कम्पनी के सेल्स ऑफिसर, तहसीलदार व खाद्य निरीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जांच किया गया।

सौदेबाजी प्रकरण में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नाबालिग दुष्कर्म मामले में आठवां आरोपी हुआ गिरफ्तार

धरसीवां/ कूंरा । सिलयारी क्षेत्र के बहुचर्चित नाबालिग दुष्कर्म मामले में पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए सौदेबाजी के आरोप में आठवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भूषण यादव उर्फ चबन्नी को हिरासत में लिया है। आरोप है कि वह मामले को दबाने और समझौता कराने के प्रयास में शामिल था।

पुलिस के अनुसार, नाबालिग से दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद आरोपियों को बचाने और मामले को रफा-दफा करने के लिए कथित तौर पर आर्थिक लेन-देन किया गया था। जांच के दौरान इस सौदेबाजी से जुड़े कई तथ्य सामने आने के बाद लगातार गिरफ्तारियां की जा रही हैं।

इस मामले में इससे पहले कथित उस्मान सैफी, एक कांग्रेस नेता, एक भाजपा नेता, दुष्कर्म के दो मुख्य आरोपी, पीड़िता के दादा सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं विवेचना में लापरवाही पाए जाने पर सिलयारी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र दुबे को निलंबित कर दिया गया था।

वायरल वीडियो के बाद तेज हुई जांच-

मामले में नया मोड़ उस समय आया जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कथित रूप से सौदेबाजी से जुड़े लोगों के बीच रकम का लेन-देन दिखाई दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया और एक-एक कर आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू की।

जांच में यह भी सामने आया कि पीड़िता के दादा से समझौते की बातचीत कराने में कुछ स्थानीय लोगों की भूमिका रही। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है।

भाजपा नेता पर भी आरोप

पुलिस जांच में भाजपा मंडल मंत्री चंद्रशेखर यदु का नाम भी सामने आया है। आरोप है कि उन्होंने समझौते की प्रक्रिया में भूमिका निभाई थी। वायरल वीडियो में उन्हें कथित रूप से पीड़िता के दादा को 1 लाख 30 हजार रुपये देते हुए देखा गया था। हालांकि मामले की अंतिम पुष्टि न्यायालयीन प्रक्रिया और पुलिस जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी।

श्चौकी प्रभारी पहले ही हो चुके हैं निलंबित-

गौरतलब है कि मामले की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में सिलयारी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायपुर (ग्रामीण) से संबद्ध किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की प्रारंभिक जांच कर निर्धारित समय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है और मामले में आगे भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

अब गांव में ही मिल रही खाद-बीज सहित केसीसी सहित कृषि सेवाएं'

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। किसानों को कृषि कार्यों के लिए बेहतर एवं सुलभ सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य शासन द्वारा सहकारी साख समिति करमदा से पृथक धंवई सहकारी साख समिति का गठन किया गया है। पंजीयन क्रमांक 667 वाली यह समिति अप्रैल 2026 से संचालित हो रही है। समिति शुरू होने से धंवई एवं आसपास के किसानों को अब कृषि संबंधी आवश्यक कार्यों के लिए दूसरे गांव नहीं जाना पड़ रहा है। पहले किसानों को खाद, बीज, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), ऋण तथा खेती से जुड़ी अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए करमदा जाना पड़ता था। नई समिति शुरू होने से अब ये सभी सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं, जिससे किसानों के समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। धंवई के किसान राम लाल निषाद ने बताया कि पहले खाद-बीज और अन्य कृषि कार्यों के लिए करमदा जाना पड़ता था, जिससे काफी समय लगता था। अब गांव में ही समिति खुल जाने से सभी आवश्यक सुविधाएं आसानी से मिल रही हैं और किसानों को बड़ी राहत मिली है। इसी प्रकार किसान संतोष सेन ने कहा कि अब खाद-बीज सहित खेती से जुड़ी सभी सुविधाएं समिति के माध्यम से गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। इससे किसानों को काफी सुविधा हुई है। उन्होंने किसानों के हित में यह महत्वपूर्ण पहल करने के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। धंवई सहकारी साख समिति में वर्तमान में 525 किसान पंजीकृत हैं। समिति के कार्यक्षेत्र में 147.234 हेक्टेयर सिंचित तथा 143.927 हेक्टेयर असिंचित भूमि शामिल है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अब तक 209 किसानों के कृषि ऋण (लोन) स्वीकृत किए जा चुके हैं।

लग्जरी कार से गौ-तस्करी की कोशिश हुआ नाकाम, चार मवेशी बचाए गए

डोंगरगांव /नवप्रदेश। शहर से लगे ग्राम अमलीडीह टोलागांव में बुधवार देर रात गौ-तस्करी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सजग गौ-सेवकों और ग्रामीणों की सतर्कता से एक लग्जरी कार में क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाए जा रहे दो गाय और दो बछड़ों को सुरक्षित बचा लिया गया। तस्कर महाराष्ट्र पासिंग की सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 500 क्रमांक एमएच 48 पी 0567 में मवेशियों को भरकर कथित रूप से कत्लखाने ले जाने की फिराक में थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अवैध गतिविधि को अंजाम देने के लिए स्थानीय स्तर पर भी साठगांठ की गई थी। अमलीडीह के भाठापारा तालाब के पास कुछ लोगों की मदद से तस्कर मवेशियों को वाहन में भर

रहे थे। वहीं दो युवक प्लेटिना बाइक क्रमांक सीजी 08 बीजी 1915 से उनकी सहायता कर रहे थे। क्षेत्र में पिछले कुछ समय से लगातार गौ-तस्करी की सूचनाएं मिलने के बाद गौ-सेवक सतर्क थे और बुधवार रात करीब ढाई बजे उन्होंने घेराबंदी कर कार्रवाई की।बताया जाता है कि जैसे ही गौ-सेवकों ने मौके पर दबिश दी और पुलिस को सूचना दी, तस्करों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मवेशियों से भरी एक्सयूवी कार को जब्त कर लिया और सभी चारों मवेशियों को सुरक्षित गनेरी गौशाला भेजा गया।पुलिस ने मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6 और 10 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वाहन नंबरों के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में गौ-तस्करी को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा।

भाजपा के प्रगतिपथ कार्यक्रम में विधायक चन्द्राकर ने गिनाईं बड़ी विकास योजनाएं

■ **रेल और सड़क परियोजनाओं से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर: अजय**

कुरूद/नवप्रदेश। भाजपा संगठन के आह्वान पर कुरूद ब्रॉडगेज रेलवे स्टेशन परिसर में विधानसभा स्तरीय प्रगतिपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कुरूद विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर शामिल हुए। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी दी।

विधायक चन्द्राकर ने कहा कि कुरूद क्षेत्र विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुरूद रेलवे स्टेशन के आधुनिक विकास को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर आधुनिक प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज, पेयजल सुविधा, हाई-स्पीड वाई-फाई और बेहतर सर्कुलेटिंग एरिया जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

इससे यात्रियों के साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक चन्द्राकर ने रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परियोजना बताते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ सीधे विशाखापत्तनम बंदरगाह से जुड़ेगा। किसानों और व्यापारियों को बड़े बाजारों तक पहुंच आसान होगी। कॉरिडोर के आसपास लॉजिस्टिक हब और उद्योगों के विकास से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, नहर लाइनिंग, स्टॉपडैम, सामुदायिक भवन और खेल मैदानों के विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।

कांग्रेस ने बताया लोकतंत्र का हनन, काले झंडे के साथ प्रदर्शन की आशंका पर पुलिस की कार्रवाई

मुख्यमंत्री के दौरे से पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष नजरबंद

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ मंत्रियों के गरियाबंद दौरे से पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा को पुलिस द्वारा उनके निवास पर निगरानी में रखे जाने का मामला राजनीतिक विवाद का विषय बना रहा।कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया है।

बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,कृषि मंत्री रामविचार नेताम,खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद रूपकुमारी चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होना था। इस दौरान कांग्रेस द्वारा खाद की कमी, बढ़ती महंगाई,पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि, बेरोजगारी तथा अन्य जनसमस्याओं को लेकर काला झंडा दिखाकर विरोध प्रदर्शन की तैयारी की जा रही थी।कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इसी आशंका के चलते देवभोग पुलिस ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा को उनके गृह ग्राम दरलीपारा स्थित निवास पर ही नजरबंद कर दिया, ताकि वे जिला मुख्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन में शामिल न हो सकें।

नजरबंद किए जाने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना

प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर प्रशासन विपक्षी नेताओं को रोकने का काम कर रहा है। बेसरा ने कहा कि प्रदेश में खाद संकट, जंगलों की कटाई, बेरोजगारी, बढ़ती बिजली दरें, महंगाई तथा अन्य जनहित के मुद्दों को उठाना यदि अपराध माना जा रहा है तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है।उन्होंने भाजपा सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता के मुद्दों को दबाने की कोशिश अंततः सरकार के लिए नुकसानदायक साबित होगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी, घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में नाराजगी फैली रही।पार्टी नेताओं ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया।वहीं सोशल मीडिया सहित विभिन्न मंचों पर भी इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

मुख्यमंत्री के दौरे से ठीक पहले हुई इस कार्रवाई ने जिले की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। विपक्ष इसे दमनात्मक कार्रवाई बता रहा है,जबकि प्रशासन की ओर से इस मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में यह घटनाक्रम आगामी दिनों में राजनीतिक चर्चा का प्रमुख विषय बन सकता है।

ट्रैक्टर पलटने से किसान दबा,

बेमेतरा/ नवप्रदेश। जिले के थाना परपोड़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुंदेली में डायल-112 सेवा टीम और स्थानीय पुलिस की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा टल गया। खेत जा रहे एक किसान का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वह उसके नीचे दब गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल-112 टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से त्वरित रेस्क्यू कर किसान को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बुधवार सुबह लगभग 9:17 बजे डायल -112 टीम परपोड़ी को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बुंदेली निवासी ईश्वरी निषाद उम्र 38 वर्ष ट्रैक्टर से खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनका ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और वे उसके नीचे दब गए।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले बेमेतरा में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को माननीय राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रतिवर्ष भारत सरकार महिला एंव बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष उक्त आयोजन में आवेदन दिनांक 31 जुलाई 2026 तक केवल ऑनलाईन माध्यम से लिये जायेगें। जिले से उक्त संबंध में आवेदन ऑनलाईन भरा जाना है। भारत सरकार का महिला एंव बाल विकास मंत्रालय असाधारण क्षमताओं वाले बच्चों को उचित मान्यता देने के लिए हर साल प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) आयोजित करता है यह पुरूस्कार वीरता सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अंतर्गत दिया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में माननीय राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिये जाते है। पुरस्कार में एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है । प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन प्राप्त करने का पोर्टल (द्धह्लह्लश्चह्य://ड्ड2ड्डह्म्स्रह्य.द्द श1.द्बठ्ठ) 01.04.2026 को लाइव कर दिया गया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष (संबंधित वर्ष की 31 जुलाई को 2026) से अधिक नही है, जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है ।

बिजली दर पर बवाल: कांग्रेस का हल्लाबोल, दफ्तर का घेराव कर जमकर नारेबाजी

अमलेश्वर/दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे बिजली बिलों, उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे भारी भरकम बिजली बिलों तथा स्मार्ट मीटर के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं दुर्ग (शहर) के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए विद्युत कार्यालय का घेराव किया।

राजीव भवन, दुर्ग से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में निकले। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली पटेल चौक पहुंची, जहां से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय का घेराव कर बिजली विभाग एवं राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर अपने साथ स्मार्ट मीटर लेकर पहुंचे और बिजली कार्यालय के सामने उसे प्रतीकात्मक रूप से पटक-पटककर तोड़ते हुए स्मार्ट मीटर व्यवस्था का विरोध दर्ज कराया। इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग को चिमनी भेंट करते हुए अनोखा प्रदर्शन किया और कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों ने प्रदेश की जनता को फिर अंधेरे की ओर धकेलने का काम किया है। यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन जनता पर थोपी जा रही महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर व्यवस्था के खिलाफकांग्रेस के जनआक्रोश का प्रतीक है। गौरतलब हो कि इसके पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर विद्युत कार्यालय के घेराव में लालटेन सौंप कर चर्चा में आए थे अब एक बार फिर विद्युत विभाग को चिमनी सौंप अनोखा प्रदर्शन किया गया ।

इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया और पटेल चौक, दुर्ग में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ हल्की झूमा झटकी भी देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि जनता बढ़ते बिजली बिलों, स्मार्ट मीटर की मनमानी और बिजली विभाग की अव्यवस्थाओं से त्रस्त है, लेकिन सरकार जनता को राहत देने के बजाय उस पर आर्थिक बोझ डालने में लगी हुई है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली बिलों में हो रही अनियमितताओं पर रोक नहीं लगाई गई और आम उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिली, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा, ÷भाजपा सरकार जनता से किए गए वादों को भूल चुकी है। आज हर घर में बिजली बिल चिंता का विषय बन गया है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से जनता की जेब पर डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी और किसी भी कीमत पर जनता का शोषण नहीं होने देगी।÷ आज जनता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल को बहुत याद कर रही है जिसमे उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफयोजना का लाभ मिलता था। दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा, ÷प्रदेश की भाजपा सरकार बिजली जैसी मूलभूत सुविधा को भी कमाई का जरिया बना चुकी है। अनाप-शनाप बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस इस जनविरोधी नीति का पुरजोर विरोध करती है और जब तक सरकार जनता को राहत नहीं देती, तब तक हमारा आंदोलन लगातार जारी रहेगा।÷ प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा, गलत एवं अनियमित बिजली बिलों को तत्काल निरस्त करने, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने तथा आम उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की।

न्यूज गैलरी

लोक कल्याण मेले का आयोजन आज से

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत माना कैम्प जिला रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडरों एवं फुटपाथ व्यवसायियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने हेतु 18 जून 2026 को प्रातः 10:00 आज से सभा कक्ष, नगर पंचायत माना कैम्प में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में पात्र हितग्राहियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न बैंको के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिसमें हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों का त्वारित निराकरण एवं स्वीकृति की कार्यवाही की जा सकें। नगर पंचायत माना कैम्प में सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर, ठेला-गुमटी संचालक एवं फुटपाथ व्यवसायियों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

जोन-6 की सफाई व्यवस्था पर भड़कीं महापौर मीनल चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम जोन-6 के वार्डों में बारिश पूर्व सफाई व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर गहरा असंतोष जताया। जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता सहित पार्षदों और पार्षद प्रतिनिधियों ने महापौर को बताया कि वार्डों में सफाई कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं हो रहा है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की आशंका बढ़ गई है। महापौर कार्यालय में हुई बैठक में जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि स्वप्निल मिश्रा, अंजली जितेन्द्र गोलछा, प्रमोद साहू, रमेश सपहा, रवि सोनकर तथा सत्यनारायण नायक ने बताया कि जोन-6 के वार्डों में सफाई कर्मचारियों की नियमित और पूर्ण उपस्थिति नहीं रहती। वार्डवार उपलब्ध 25 सफाई कर्मियों के गैंग में भी कभी शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज नहीं होती, जिसके कारण नालियों और जल निकासी तंत्र की समुचित सफाई नहीं हो पा रही है। जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर महापौर मीनल चौबे ने जोन-6 की सफाई व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वार्ड पार्षदों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार करें और बारिश से पहले जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करें।

बटनदार चाकू लहराकर लोगों को धमकाने वाला युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक स्थान पर बटनदार चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को थाना डी.डी. नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे संध्या पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान के दौरान 17 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि महादेव घाट पुल के पास रायपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति हाथ में बटनदार चाकू लेकर आम लोगों को डरा-धमका रहा है, जिससे इलाके में भय और आतंक का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही थाना डी.डी. नगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मेन्द्र धीवर (29 वर्ष) निवासी बाजार चौक, डॉलफिन इम्प्रेस के सामने, मोवा, थाना पंडरी, जिला रायपुर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन संदीप पटेल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त देवांश सिंह राठौर के मार्गदर्शन में की गई।

सख्ती: परमिट लेकर बस न चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

आरटीओ मुख्यालय में उपस्थित रहें बकाया वसूली तेज करें : आयुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। परिवहन विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में सचिव एवं परिवहन आयुक्त श्री एस प्रकाश ने कई कड़े निर्देश जारी किए।

बैठक में आरटीओ-डीटीओ प्रवर्तन अमला, बस संचालक संघ और वाहन डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए। आरटीओ-डीटीओ अब मुख्यालय छोड़ नहीं सकेंगे, सभी क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने पदस्थापना मुख्यालय में रहकर ही काम करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर भी मौजूद थे।

बकाया कर वसूली के लिए चलेगा विशेष अभियान : जिलावार बकाया राजस्व की समीक्षा की गई। सचिव एवं परिवहन आयुक्त ने सभी आरटीओ-डीटीओ को वाहनों पर बकाया कर वसूलने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही जांच चौकियों और फ्लाइंग स्क्वॉड को बकायादार वाहनों की लिस्ट दी जाएगी।

बस संचालन पर कसेगा शिकंजा

बस स्टैंडों पर बसों की रोजाना मॉनिटरिंग होगी। बस आपरेटरों के द्वारा समय सारिणी तोड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परमिट लेकर भी बस न चलाने वाले संचालकों के परमिट निरस्त होंगे, ताकि नए आवेदकों को मौका मिले। बिना उपयोग खड़ी निजी बसों की जांच होगी।

लग्जरी बसों और फिटनेस सेंटर पर कार्रवाई

दुर्ग के ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर द्वारा अवैध फिटनेस देने पर सेंटर, वाहन मालिक और वेंडरों पर कार्रवाई के आदेश दिए गए। लग्जरी बसों में ज्वलनशील पदार्थ, अवैध सामान या ओवरलोडिंग मिलने पर जब्ती और एफआईआर होगी। ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट सिर्फ आरटीओ या अधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में परिवहन कार्यालय के भीतर ही होगा।

पीएम राहत योजना होगी लागू

सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए प्रधानमंत्री राहत योजना जमीनी स्तर पर लागू होगी। आरटीओ-डीटीओ दुर्घटना स्थल की जांच करेंगे। अस्पतालों-थानों में योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

वाहन डीलरों की समस्या का होगा समाधान

नए वाहनों के पंजीयन और यूज्ड कार नामांतरण की प्रक्रिया सरल होगी। डीलर्स को ट्रेड सर्टिफिकेट और सर्विस सेंटर के नियम मानने होंगे। ई-चालान हुआ आसान होगा ANPR से कटे ई-चालानों के भुगतान के लिए परिवहन कार्यालय में अलग काउंटर लगेगा। गलत चालान पर आपत्ति करने पर तुरंत सत्यापन कर निरस्त किया जाएगा। परिवहन आयुक्त ने सभी अधिकारियों को 15 दिन में अनुपालन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

6 लाख का गांजा जब्त, दो तस्करों समेत चार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायपुर पुलिस के उत्तर क्षेत्र की गुढ़ियारी, पण्डरी और उरला थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 13 किलो 451 ग्राम गांजा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तर प्रदेश के झांसी निवासी दो अंतर्राज्यीय तस्कर भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 6 लाख 72 हजार 550 रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर क्षेत्र) मयंक गुर्जर के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम और सहायक पुलिस आयुक्त पूर्णिमा लामा के मार्गदर्शन में तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। 17 जून को गुढ़ियारी थाना पुलिस ने कबीर चौक स्थित ऊपरी पुल के नीचे सब्जी बाजार के पास कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के झांसी निवासी आकाश रायकवाड़ और धीरज रायकवाड़ को गांजा परिवहन करते रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने उनके कब्जे से 9 किलो 866 ग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 93 हजार रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

16 जून को पण्डरी थाना पुलिस ने दलदल सिवनी स्थित कचरा गोदाम के पास गांजा बेच रहे कमलेश पटेल को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 2 किलो 285 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये है। आरोपी के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसी दिन उरला थाना पुलिस ने बीरगांव के बुधवारी बाजार क्षेत्र में छापेमारी कर संतराम निषाद को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 53 हजार रुपये आंकी गई है।

जैविक खेती से गांव होंगे समृद्ध किसान बनेंगे आत्मनिर्भर : साव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने बिलासपुर में कृषि विभाग की एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) योजना अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में आयोजित जैविक कृषि कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यशाला में कहा कि जैविक खेती से गांव समृद्ध होंगे और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। उप मुख्यमंत्री ने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, सभापति अंबालिका साहू, अनुसुईया जागेंद्र कश्यप, रतनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष लवकुश कश्यप, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, डॉ आर.के.एस. तोमर, राजेश सिंह, राकेश तिवारी, धीरेंद्र दुबे और दिनेश कौशिक सहित कृषि वैज्ञानिक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि किसान धरती पुत्र हैं। कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि गांवों की समृद्धि, किसानों की खुशहाली और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

स्वनिधि महोत्सव का आयोजन पथ विक्रेताओं को मिला सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम द्वारा निगम मुख्यालय परिसर में ÷स्वनिधि महोत्सव÷ का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़े पथ विक्रेताओं को सम्मानित करने के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं और वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे ने महिलाओं से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह योजना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दूरदर्शी सोच का परिचायक है।

कार्यक्रम में नगर निगम के शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग के अध्यक्ष खेम कुमार सेन तथा योजना प्रभारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणीग्रही भी मौजूद रहीं। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि स्वनिधि महोत्सव का उद्देश्य प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नए आवेदन प्राप्त करना, लाभार्थियों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइलिंग करना, डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड वितरित करना, क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना था।

कई जिलों के एसपी और वरिष्ठ अधिकारियों की बदल सकती है जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में जल्द ही बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार आगामी एक-दो दिनों के भीतर राज्य में पुलिस अधिकारियों की तबादला सूची जारी होने की संभावना है। प्रस्तावित सूची में एक-दो पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), कई जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) तथा राज्य पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के नाम शामिल होने की चर्चा है।

कई जिलों के बदले जा सकते है कप्तान

चर्चाओं के अनुसार दुर्ग, धमतरी, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बेमेतरा और जगदलपुर सहित कई जिलों के पुलिस कप्तानों की जिम्मेदारियों में बदलाव हो सकता है। वहीं बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी के प्रतिनियुक्ति पर जाने की स्थिति में उनकी जगह किसी अनुभवी आईजी को पदस्थ किए जाने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अब तक पुलिस मुख्यालय या गृह विभाग की ओर से कोई आधिकारिक सूची जारी नहीं की गई है, लेकिन संभावित तबादलों को लेकर पुलिस महकमे में चर्चाओं का दौर तेज है और सभी की निगाहें आगामी सूची पर टिकी हुई हैं।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न शासकीय कार्यों में व्यस्त रहे। इसी दौरान पुलिस मुख्यालय को संभावित तबादलों की सूची तैयार करने के निर्देश मिलने की चर्चा प्रशासनिक गलियारों में तेज हो गई। इसके बाद पुलिस विभाग में बड़े बदलाव की अटकलें और मजबूत हो गई हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रस्तावित फेरबदल का असर रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के साथ-साथ रायपुर ग्रामीण, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर और राजनांदगांव रेंज के कई महत्वपूर्ण जिलों पर पड़ सकता है। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी), उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी), एसडीओपी और निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की नई पदस्थापनाएं भी इसी सूची में शामिल किए जाने की संभावना है। बताया जा रहा है कि ऐसे अधिकारियों पर विशेष रूप से विचार किया जा रहा है, जो अपने वर्तमान पदस्थापना स्थल पर दो वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत हैं। वहीं जिन अधिकारियों के तबादला आदेश पूर्व में जारी किए गए थे, लेकिन प्रशासनिक या तकनीकी कारणों से वे नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण नहीं कर सके थे, उन्हें भी नई सूची में समायोजित किया जा सकता है।

सुविचार

इंसान चाहे कितना भी अमीर क्यों न हो जाए वह सुकून खरीद नहीं सकता, न ही अपनी तकलीफ बेच सकता है।

संसद में एनडीए की बढ़ती ताकत

पिछले लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का नारा जोर शोर से उछलने वाली भाजपा भले ही 340 सीटों पर सिमट गई थी किंतु आपरेशन लोटस चलाकर वह लगातार संसद में आपनी ताकत बढ़ा रही है। विपक्षी पार्टियों में बिखराव और तृणमूल कांग्रेस में टूट के बाद एनडीए अब राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत हासिल करने से बस कुछ ही कदम दूर रह गई है। 245 सदस्यीय राज्यसभा में एनडीए के सांसदों की संख्या बढ़कर 155 हो गई है। और नौ राज्यसभा सदस्य एनडीए के चुन लिए जाते हैं तो वह दो तिहाई बहुमत हासिल कर नया इतिहास रच देगी। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्यों की बगावत के बाद राज्यसभा में भाजपा और एनडीए की ताकत बढ़ी है। इस बीच टीएमसी में मचे कोहराम के दौरान टीएमसी के तीन राज्यसभा सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है। उसके लिए जब चुनाव होंगे तो बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत को मद्देनजर रखकर तीनों राज्यसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इसके बाद राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत के लिए एनडीए को सिर्फ छह सांसदों की ही जरूरत रहेगी। यह कमी भी एन केन प्रकारेण पूरी कर ही ली जाएगी। यदि ऐसा हुआ तो एनडीए सरकार के लिए महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद के उच्च सदन में पारित कराना चुटकी बजाने जैसा आसान काम हो जाएगा। जिसका विपक्ष पुरजोर ढंग से विरोध भी नहीं कर पाएगा क्योंकि राज्यसभा में इंडी गठबंधन की संख्या घटकर सिर्फ 63 रह गई है। इसमें आगे चलकर और कमी आ सकती है। इसी तरह लोकसभा में भी एनडीए की ताकत में लगातार इजाफा होता जा रहा है। टीएमसी के बीस सांसदों के अलग होकर नई पार्टी में शामिल हो जाने और एनडीए का समर्थन करने की घोषणा कर देने से लोकसभा में एनडीए की संख्या अब 314 हो गई है। इस बीच शिवसेना यू बीटी में भी टूट की अटकलें लगाई जा रही हैं उसके नौ में से सात सांसद उद्धव ठाकरे से पल्ला झाड़ कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसे में लोकसभा में एनडीए की संख्या बढ़कर 321 हो जाएगी। हालाकि वह लोकसभा में दो तिहाई बहुमत के जादूई आंकड़े से काफी दूर रहेगी लेकिन लोकसभा में उसकी ताकत बढ़ने के बाद वह महत्वपूर्ण विधेयकों को फ्लोर मैनेजमेंट के जरिए पारित कराने में सफल हो सकती है। टीएमसी और शिवसेना यू बीटी की तरह ही शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा सहित कुछ अन्य पार्टियों में भी बगावत हो जाए तो कोई बड़ी बात नहीं कि राज्यसभा की तरह लोकसभा में भी एनडीए दो तिहाई बहुमत के निकट पहुंच जाए। गौरतलब है कि एनडीए को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही स्पष्ट बहुमत प्राप्त है किन्तु महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने से पूर्व परिसीमन संसोधन विधेयक को पारित कराने के लिए उसे दोनों ही सदनों में दो तिहाई बहुमत की दरकार थी लेकिन दो तिहाई बहुमत न हो पाने के कारण संसद के पिछले बजट सत्र में परिसीमन विधेयक पारित हो नहीं पाया। अब इसे पारित कराने के लिए एनडीए को दोनों ही सदनों में दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता है यही वजह है कि वह दो तिहाई बहुमत के लिए कवायद कर रही है। टीएमसी और शिवसेना सहित अन्य पार्टियों में बगावत होना एनडीए की राह को असान बना रहा है। यदि निकट भविष्य में संसद के दोनों ही सदनों में एनडीए को किसी भी तरह से दो तिहाई बहुमत हासिल हो जाता है तो वह अन्य सभी पेंडिग महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद के दोनों सदनों में पारित कराने में सफल हो जाएगी।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर

दृढ़ प्रतिज्ञ आदमी परिस्थितियों से नहीं बदलता। गुरुवाणी ही बाण है, प्रबोध है जो तुमसे तुमको परिचित करा देगी; आत्म दर्शन करा देगी। ऐसे समाज में, राष्ट्र में जहां राष्ट्र प्रेम और धर्म प्रेम की भावना भरने वालों की, संस्कृति के प्रति जगाने वालों की प्रतिष्ठा ना हो वो राष्ट्र कैसे उन्नत हो सकता है? वो समाज कैसे धर्म और संस्कृति के मामले में ऊँचाइयों पर जा सकता है जो राष्ट्र धर्म और संस्कृति की शिक्षा देने वालों का सम्मान नहीं कर पाता, जो चंद्र और चंदन से भी शीतल सत्य के संगति में रहकर, परम शीतल होकर तुम्हें शीतलता देना चाहता है उनका सम्मान नहीं कर पाता; उस राष्ट्र की अवनति निश्चित है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता) 1758: फ्रेंच जनरल बुस्सी ने निजाम सलाबत जंग से जाने की इजाजत ली, जो भारत से फ्रांस की मौजूदगी का अंत था। 1812: अमेरिका के राष्ट्रपति जेम्स मेडिसन ने ब्रिटेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1815: वाटरलू के युद्ध में नेपोलियन बोनापार्ट को हार का सामना करना पड़ा। 1858: झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ग्वालियर के निकट लड़ाई के मैदान में ब्रिटिश सेना से लोहा लेने के बाद मारी गईं। 1931: के.एस. सुदर्शन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांचवें सरसंघचालक। 1941: तुर्की ने नाजी जर्मनी के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1946: गोवा को पुर्तगालियों से आजाद कराने के लिए पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया। 1956: हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम पारित हुआ। 1972: ब्रिटिश यूरोपियन विमान 548 उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार 118 लोगों की मौत। 1979: अमेरिका और सोवियत संघ के बीच हथियार नियंत्रण समझौता हुआ। 1987: एम एस स्वामीनाथन को पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला। 2009: नासा ने चांद पर पानी की तलाश में विशेष यान भेजा। 2017: पाकिस्तान ने भारत को हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।

अब स्कूलों का प्रबंधन अभिभावकों के हाथ, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं

छत्तीसगढ़ में स्कूल प्रबंधन समितियों (SMC) में हुए हालिया बदलाव को शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा रहा है। पहले कई विद्यालयों में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि या राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका अध्यक्ष पद पर दिखाई देती थी, लेकिन अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष केवल विद्यार्थियों के अभिभावकों में से चुने जाएंगे। पहली नजर में यह फैसला शिक्षा व्यवस्था को अधिक जनभागीदारी आधारित बनाने वाला प्रतीत होता है, लेकिन इसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं पर विचार करना आवश्यक है।

देवेंद्र किशोर गुप्ता

इस बदलाव का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष यह है कि विद्यालयों की निगरानी और निर्णय प्रक्रिया में सीधे उन लोगों की भागीदारी बढ़ेगी जिनके बच्चे वहां पढ़ते हैं। इससे स्कूलों की वास्तविक समस्याएं जैसे शिक्षकों की कमी, भवन, पेयजल, शौचालय, मध्यान्ह भोजन और पढ़ाई की गुणवत्ता अधिक मजबूती से उठाई जा सकेंगी। अभिभावकों को अधिकार मिलने से जवाबदेही भी बढ़ेगी और विद्यालयों पर समुदाय का स्वामित्व मजबूत होगा। दूसरी ओर, जनप्रतिनिधियों की भूमिका सीमित होने से कुछ चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। विधायक या सांसद प्रतिनिधियों के पास प्रशासनिक पहुंच, संसाधन जुटाने की क्षमता और अधिकारियों पर प्रभाव होता था, जिससे कई बार स्कूलों की समस्याओं का समाधान तेजी से हो जाता था। अब यह जिम्मेदारी उन अभिभावकों के हाथ में होगी जिनके पास जरूरी नहीं कि प्रशासनिक अनुभव या प्रभाव हो। इस व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है, जिस पर शायद सबसे कम चर्चा हो रही है। यदि विद्यालय प्रबंधन कोई गलत

निर्णय लेता है या किसी मुद्दे पर विरोध की आवश्यकता पड़ती है, तो क्या हर अभिभावक पूरी निर्भीकता से स्कूल प्रबंधन के खिलाफ खड़ा हो पाएगा? आखिर उसका बच्चा उसी विद्यालय में पढ़ रहा होगा। स्वाभाविक रूप से उसके मन में यह चिंता बनी रह सकती है कि कहीं उसके विरोध का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव उसके बच्चे पर न पड़ जाए। भले ही वास्तविकता में ऐसा कुछ न हो, लेकिन यह आशंका स्वयं में एक दबाव पैदा करती है। यहीं पर एक अदृश्य लेकिन महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा होता है। क्या एक पिता अपने बच्चे के भविष्य की चिंता से मुक्त होकर उतनी ही मजबूती से लड़ पाएगा, जितना कोई बाहरी प्रतिनिधि लड़ सकता था? विद्यालय प्रबंधन और अभिभावक के बीच कोई खुला टकराव दिखाई न दे, फिर भी एक अनकही दूरी और मनोवैज्ञानिक असहजता पैदा हो सकती है। कई अभिभावक संघर्ष का रास्ता चुनने के बजाय अपने बच्चे की पढ़ाई और भविष्य को ध्यान में रखते हुए चुप रहना अधिक सुरक्षित समझ सकते हैं। सरकार की दृष्टि से समर्थक इसे स्कूलों को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त करने की दिशा में कदम बताएंगे, जबकि आलोचक कहते है कि राजनीति खत्म नहीं होगी, बल्कि उसका स्वरूप बदल जाएगा। स्थानीय प्रभावशाली लोग अब भी अपने समर्थक अभिभावकों को समिति में प्रभावी बनाने का प्रयास कर सकते हैं। कुल मिलाकर यह बदलाव "नेता आधारित प्रतिनिधित्व" से "अभिभावक आधारित भागीदारी" की ओर बढ़ता हुआ दिखाई देता है। यह प्रयोग सफल भी हो सकता है और चुनौतियां भी पैदा कर सकता है। इसकी वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि अभिभावक कितनी स्वतंत्रता और आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा पाते हैं तथा विद्यालय प्रबंधन उनके सुझावों और आपत्तियों को कितनी सकारात्मकता से स्वीकार करता है। शिक्षा में जनभागीदारी का यह मॉडल निश्चित रूप से नया अवसर लेकर आया है, लेकिन इसके साथ कुछ ऐसे सवाल भी जुड़े हैं जिनका जवाब समय ही देगा।

तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों का एनसीपीआई में विलय

महेन्द्र तिवारी

भारतीय राजनीति के इतिहास में कई ऐसे घटनाक्रम दर्ज हैं जिन्होंने रातोंरात सत्ता के समीकरणों को बदलकर रख दिया है। इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल के सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस से 20 सांसदों का अलग होकर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल होना एक ऐसा राजनीतिक भूचाल है जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। यह घटना महज कुछ नेताओं का पाला बदलना नहीं है बल्कि एक सुस्थापित राजनीतिक दल के भीतर उपजे गहरे असंतोष और महत्वाकांक्षाओं के टकराव का परिणाम है। लंबे समय तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बेहद करीब रहीं काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में हुआ यह विभाजन भारतीय लोकतंत्र की उस गतिशीलता को दर्शाता है जहां कोई भी संगठन पूरी तरह अजेय नहीं होता। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारतीय राजनीति में पाला बदलने और नई विचारधाराओं के साथ चलने की परंपरा रही है लेकिन जब इतनी बड़ी संख्या में सांसद एक साथ अपनी पुरानी वफादारी छोड़ते हैं तो इसके मायने बहुत गहरे होते हैं। यह घटना इस बात का सटीक उदाहरण है कि कैसे राजनीतिक असंतोष धीरे धीरे पककर एक बड़े विस्फोट का रूप ले लेता है।

इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम की रूपरेखा बहुत ही रणनीतिक तरीके से तैयार की गई। 31 मई 2026 को काकोली घोष दस्तीदार को नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। यह दल कोई बहुत पुरानी या स्थापित ताकत नहीं थी बल्कि इसे 2023 में ही पंजीकृत कराया गया था। अपनी स्थापना के बाद से यह संगठन राजनीतिक परिदृश्य के हाशिये पर ही था लेकिन 20 सांसदों के एकमुश्त विलय ने इसे अचानक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ला खड़ा किया है। इसके बाद 14 जून 2026 को इस विलय और नए नेतृत्व की औपचारिक जानकारी भारत के निर्वाचन आयोग को सौंप दी गई। निर्वाचन आयोग को समय पर सूचना देना इस बात का प्रमाण है कि बागी गुट कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन करते हुए अपने कदम आगे बढ़ा रहा है ताकि उन पर कोई वैधानिक संकट ना आए। इस विभाजन का सबसे दूरगामी प्रभाव राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की राजनीति पर पड़ने वाला है। नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफइंडिया में शामिल हुए इन 20 सांसदों ने स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। संसद के भीतर 20 सांसदों का एक झटके में सत्तारूढ़ गठबंधन के पक्ष में चले जाना विपक्ष की एकजुटता के लिए एक बड़ा आघात है। इससे न केवल संसद में संख्या बल का समीकरण पूरी तरह बदल गया है बल्कि विपक्षी दलों के उस मनोबल को भी गहरी ठेस पहुंची है जो वे आगामी चुनावों के लिए तैयार कर रहे थे। पश्चिम बंगाल जो

कि हमेशा से गैर कांग्रेसी और गैर सत्ताधारी गठबंधनों का एक मजबूत गढ़ रहा है वहां से उठी यह बगावत अन्य राज्यों के क्षेत्रीय दलों के लिए भी खतरे की घंटी है। संविधान के जानकारों और राजनीतिक विश्लेषकों की नजर अब दसवीं अनुसूची यानी दल बदल विरोधी कानून पर टिकी है। भारत में निर्वाचित प्रतिनिधियों को मनमर्जी से दल बदलने से रोकने के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। लेकिन जब किसी संगठन के निर्वाचित सदस्यों का एक बड़ा हिस्सा टूटकर अलग होता है और वह आवश्यक वैधानिक अनुपात को पूरा करता है तो सदस्यों की सदस्यता रद्द होने से बच जाती है। यह देखना बहुत दिलचस्प होगा कि निर्वाचन आयोग और संसदीय समितियां इस पूरे मामले का मूल्यांकन किस तरह करती हैं। यदि ये 20 सांसद अपनी सदस्यता बचाने में सफल रहते हैं तो यह काकोली घोष दस्तीदार की एक बहुत बड़ी वैधानिक और रणनीतिक जीत मानी जाएगी। दल बदल कानून का मूल उद्देश्य राजनीतिक अस्थिरता को रोकना था लेकिन समय समय पर नेताओं ने इसके भीतर मौजूद कानूनी रास्तों का उपयोग अपने हित में किया है। अब जब मामला निर्वाचन आयोग के विचाराधीन है तो सभी कानूनी पहलुओं की बहुत ही बारीकी से जांच की जाएगी। इस निर्णय का प्रभाव केवल इन सांसदों के भविष्य पर ही नहीं बल्कि भारत की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था और भविष्य में होने वाले ऐसे हर विभाजन पर नजीर के रूप में काम करेगा।

तृणमूल कांग्रेस के लिए यह स्थिति गहन आत्मनिरीक्षण की है। दशकों के लंबे और कड़े संघर्ष के बाद जिस दल ने पश्चिम बंगाल में अपना अभेद्य किला बनाया था उस किले में इतनी बड़ी सेंध लगना नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। दल को अब न केवल अपने बचे हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं का भरोसा जीतना होगा बल्कि जमीन पर जनता के बीच भी यह संदेश देना होगा कि यह टूट उनके जनाधार को कमजोर नहीं कर सकती। राज्य का राजनीतिक इतिहास गवाह है कि यहां की जनता ने हमेशा सशक्त और स्पष्ट विचारधारा वाले नेतृत्व को पसंद किया है। वामपंथी दलों के लंबे शासनकाल को समाप्त करके जब ममता बनर्जी सत्ता में आईं थीं तब जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया था। अब यही बदलाव की मांग अगर उनके अपने ही संगठन के भीतर से उठ रही है तो इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

दूसरी ओर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती इन सभी 20 सांसदों को एकजुट रखना और राज्य में अपने लिए एक नया और मजबूत मतदाता आधार तैयार करना होगा। पश्चिम बंगाल की जनता जो राजनीतिक रूप से अत्यधिक जागरूक मानी जाती है वह इस पाला बदल को वैचारिक क्रांति मानती है या अवसरवादिता यह आने वाले चुनाव परिणामों में ही पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगा। इसके अतिरिक्त यह घटना क्षेत्रीय दलों की उस कमजोरी को भी उजागर करती है जहां संगठन का पूरा ढांचा किसी एक व्यक्ति के इर्द गिर्द घूमता है। जब दूसरी पंक्ति के नेताओं को आगे बढ़ने और अपनी बात रखने का उचित मंच नहीं मिलता तो इस तरह के विद्रोह जन्म लेते हैं। काकोली घोष दस्तीदार का कदम अन्य राज्यों में ऐसे नेताओं को भी प्रेरित कर सकता है जो अपने संगठनों में खुद को हाशिए पर महसूस कर रहे हैं। राष्ट्रीय दलों के लिए यह एक बहुत बड़ा अवसर होता है जब वे क्षेत्रीय दलों के असंतुष्ट नेताओं को अपने साथ जोड़कर अपने राजनीतिक आधार का विस्तार करते हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दिल चाहता है अब न कानों में शोर हो रफ़्तार जिंदगी की थोड़ी और जोर हो पतंग सी ख्वाहिश गर आसमां पे हो तो खुदाया नासमझ के हाथों न डोर हो। लुटा दी जिंदगी हुआ कुछ भी न हासिल दो दिन की जिंदगी में जीतने का दौर हो। डूबते सूरज को देख आंखें हुईं वीरान दिल चाहे नया गुल खिले एक नई भोर हो। हम देखकर वीरान खंडहरों को रो पड़े शायद ये मेरी जिंदगी का आखिरी छोर हो। तुम भी हंसो हम भी हंसें है दो दिन की जिंदगी इस दर्द को छोड़ो,जानिब,चलो कोई बात और हो।

– पावनी दिक्षित जानिब

थप्पड़ कांड और चेला। इसके गुरु ने कच्ची गोलियां नहीं खेली हैं उसी के नक्शे कदम पर यह चल रहा है। लटके झटके पुराने हैं परंतु भूखे पत्रकारों को मसाला मिल गया और यह सहानुभूति बटोरने की राह में लग गया। वैसे चेले ने गुरु के झापडों को पीछे छोड़ दिया कुछ ज्यादा खा लिए। – **नवीन शंकर शर्मा**

मैं हर यात्रा में तुम्हारी अदृश्य सहयात्री हूँ तुम अपने गंतव्य पर उतर जाते हो और तुम्हारे पदचाप की ध्वनि मेरे अंतिम पड़ाव तक कानों में गूँजती रहती हैं और तुम्हारे शब्द खिड़की से दंस्तक दी हुई धूप से मेरी झुलसी त्वंचा पर किसी ऋषि के कमण्डल से निकले जल सा प्रभाव करती है। – **सरिता सैल**

आंखें जब अपनी पलकों से गंगाजल सा छलकातीं हैं। उठतीं हैं भावों की लहरी कविताओं में ढल जातीं हैं। अनुराग भरी कल्पनाएं बनतीं गीतों की छन्दाएं मकरंद भरे मीठे स्वर में जीवन का राग सुनातीं हैं आंखें जब... फिर छा उठतीं नीली बदली लहरा उठतीं पुरवा संदली गमगीन मरुस्थल तक जा कर शीतल अमृत, बरसातीं हैं आंखें जब... उनको तो सारा, जग प्यारा करतीं जो जगमग उजियारा युग युग से किरन चांदनी की इस जग पर, नेह लुटातीं हैं आंखें जब । – **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

पहले चिट्ठियों में इंतज़ार बसता था। मायके और अपनों की एक खबर पाने को मन दिन गिनता था। अब हाथों में मोबाइल है, एक पल में बात हो सकती है, पर हम सोचते रह जाते हैं–आज नहीं, कल कर लेंगे। सुविधाएँ बढ़ गईं, पर रिश्ते धीरे-धीरे दूर और और दूर होते जा रहे हैं। – **प्रीति श्रीवास्तव**

ज़िन्दगी ख़ामुशी में गुज़री है! ग़म से वाबस्तगी में गुज़री है!! किरचियाँ ख़्वाब की थीं बिस्तर पर , सारी शब बेकली में गुज़री है! साथ तेरे गुज़ारनी थी जो शाम , अश्क़ और मैकशी में गुज़री है! गो मुकम्मल सफ़र हुआ न हुआ , जीस्त आवारगी में गुज़री है! फ़ितरतन मुस्कुरा रहे हैं लब , गरचे अफ़सुर्दगी में गुज़री है! उनके जोशो-जुनूं का क्या कहना , जिनकी दीवानगी में गुज़री है! चाँदनी की तलाश में ऐ 'वफ़ा' , ज़िन्दगी तीरगी में गुज़री है! – **कविता सिंह**

शज़र अपने से वो रूठा हुआ है जो पत्ता डाल से टूटा हुआ है। नहीं सुनता सदा इंसानियत की जमाना आजकल बहरा हुआ है। गुलामी हिंद की किस्मत न होती इसे हमने ही खुद लिक्खा हुआ है। रहा जो जान अस्मत का लुटेरा वही इस देश में नेता हुआ है। है जिसके पास रुतबा और दौलत उसी के नाम का सदका हुआ। घुटाले कर तिजोरी भरते नेता तभी तो देश ये ख़स्ता हुआ है। रवायत जीस्त की हंस कर निभा लो "तनुज" कब कौन और किसका हुआ है।

– सतीश मैथिल तनुज

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज दिन का पहला भाग सुख शांति से बीतेगा दैनिक कार्यो में सुस्ती दिखाएंगे घर में कोई अप्रिय घटना के कारण बाहर का वातावरण ज्यादा पसंद आएगा। मध्यान के बाद परिस्थिति बदलने लगेगी।

वृषः आज के दिन का पूर्वाध धन लाभ की संभावनाएं जगायेगा लेकिन स्वभाव में लापरवाही रहने से प्राप्ति में संशय रहेगा। खान पान संयमित रखें पेट खराब हो सकता है।

मिथुनः आज दिन के पूर्वार्ध में कुछ सोची हुई योजनाए पूर्ण होने से उत्साह में रहेंगे लेकिन अतिआत्मविश्वास की भावना निकट भविष्य में अवश्य ही कुछ ना कुछ हानि करायेगी।

कर्कः आज आप आर्थिक मामलों को लेकर ज्यादा गंभीर रहेंगे मध्यान तक का समय इस विषय मे निराशाजनक रहेगा लेकिन इसके बाद मेहनत का फल मिलने लगेगा।

सिंहः आज दिन का आरंभिक भाग हानि वाला रहेगा आवश्यक कार्यो को आज मध्यान तक टालना ही बेहतर रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में मन में किसी अरिष्ट की आशंका से भय रहेगा।

कन्याः आज दिन आपके लिए अनुकूल बना हुआ है। आप जिस भी कार्य को आरम्भ करेंगे परिस्थितियां पहले से ही उसके योग्य बन जाएंगी। आस-पास का वातावरण भी हास्य-प्रमोद वाला मिलने से कठिन कार्य भी आसानी से पूर्ण कर लेंगे।

तुलाः आज दिन के आरंभ में कार्य व्यवसाय अथवा सरकारी क्षेत्र से राहत वाले समाचार मिलेंगे। सरकारी कार्यो को आज प्राथमिकता दें थोड़े से परिश्रम से संतोषजनक परिणाम मिल सकते है।

वृश्चिकः आज का दिन थोड़ा राहत प्रदान करेगा। सेहत में सुधार आएगा लेकिन कार्यो के प्रति चिता रहते हुए भी ज्यादा गंभीरता नही दिखाएंगे।

धनुः आज दिन के पहले भाग को छोड़ शेष भाग में कुछ ना कुछ शारीरिक एवं मानसिक विषमताएं जन्म लेंगी सेहत की जांच समय रहते करा लें अन्यथा बाद में परेशानी बढ़ेगी।

मकरः आज आप जिस भी वस्तु की कामना करेंगे उसके लिए दोपहर तक परेशान रहेंगे माथापच्ची भी करनी पड़ेगी लेकिन दोपहर के बाद अधिकांश कामनाओ के पूर्ण होने की आशा जागेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में कार्य क्षेत्र पर बेहतर वातावरण मिलने से धन लाभ होगा। पत्नी संतान के साथ आज अच्छी पटेगी।

मीनः आज का दिन व्यर्थ की भागदौड़ वाला रहेगा। दिन का आरंभिक भाग आज भी पुरानी बातें ताजा होने पर गरमा गर्मी में खराब होगा।

QUIZ TIME

1) भारत का पहला नदी प्रकाशस्तंभ किस नदी पर बनाया जाएगा?

2) आरबीआई ने भारत का दूसरा सुरक्षित डेटा केंद्र किस राज्य में स्थापित किया है?

3) होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को किससे जोड़ता है?

4) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना किस वर्ष शुरू की गई थी?

5) लोकसभा के प्रथम महिला महासचिव कौन थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ब्रह्मपुत्र नदी (2) ओडिशा (3) ओमान की खाड़ी (4) मार्च 2008 (5) स्नेहलता श्रीवास्तव

पहेली

शब्द सामर्थ्य -072

खाद संकट, जर्जर सड़कें और कानून व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन, सड़क किया जाम

■ जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, खाद की काला-बाजारी का लगाया आरोप

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को सिहावा बस स्टैंड में राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के नेतृत्व में विशाल धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम का आयोजन किया गया। शाम लगभग 4 बजे शुरू हुए इस आंदोलन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, किसानों तथा आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध जुआ-सट्टा कारोबार पर रोक लगाने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण करने तथा कानून व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।धरना स्थल पर लगाए गए बैनर और पोस्टरों के माध्यम से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, वहीं कुछ स्थानों पर खाद की कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पैदा किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में अवैध जुआ और सट्टा का कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खुलेआम संचालित हो रहे इस अवैध कारोबार के कारण सामाजिक वातावरण भी बिगड़ रहा है। प्रशासन से मांग की गई कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि युवाओं को गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सके।

प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र की बदहाल सड़कों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने बताया कि सांकरा-जैतपुरी मार्ग, सिहावा-बिरगुड़ी मार्ग, बोराई-सिहावा मार्ग, कर्णेश्वर-घठुला मार्ग तथा हिरापुर-सिहावा मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं। सड़कें जगह-जगह से उखड़ चुकी हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने मांग की कि इन मार्गों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा आवश्यकतानुसार नई सड़कों का निर्माण कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

न्यूज गैलरी

नन्हे कदमों की छाप बनी यादगार, सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर की अनूठी पहल

बालोद/नवप्रदेश। विद्यालय में बच्चों का पहला दिन उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत होता है। इसी पल को हमेशा के लिए यादगार बनाने के उद्देश्य से सरस्वती शिशु मंदिर, जगन्नाथपुर के शिक्षकों ने एक प्रेरणादायी और भावनात्मक पहल की। नए प्रवेशी बच्चों के नन्हे-नन्हे कदमों की लाल रंग से छाप लेकर उन्हें कोरे पन्नों पर अंकित किया गया तथा प्रत्येक बच्चे का नाम लिखकर यह स्मृति-चिह्न उनके पालकों को भेंट किया गया।विद्यालय परिवार का मानना है कि शिक्षा के मंदिर में रखा गया यह पहला कदम केवल स्कूल में प्रवेश नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। बच्चों के पहले कदमों की यह छाप आने वाले वर्षों में उनके शैक्षणिक सफर की मधुर याद बनकर परिवारों को प्रेरित करती रहेगी।इस अवसर पर सिद्धिविनायक शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद हरदेल ने कहा कि बच्चों के जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को संजोना उन्हें विद्यालय से भावनात्मक रूप से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। प्रधानाचार्य ताराचंद साहू ने बताया कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार और संवेदनाओं के विकास को भी समान महत्व देता है।कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफउपस्थित रहा। शिक्षकों की इस अनूठी पहल की पालकों ने भी सराहना की और इसे बच्चों के शैक्षणिक जीवन की सुंदर शुरुआत बताया। नन्हे कदमों की यह छाप न केवल कागज पर अंकित हुई, बल्कि उपस्थित सभी लोगों के हृदयों में भी एक मधुर स्मृति बनकर बस गई।

राजनांदगांव पुलिस की अभिनव पहल, निःशुल्क कोचिंग और मेंटरशिप कार्यक्रम की घोषणा

'पहल' का डॉ. रमन सिंह ने किया शुभारंभ शिक्षा-सामाजिक परिवर्तन की नई शुरुआत

■ 2600 से अधिक लोगों की सहभागिता, विद्यार्थियों के लिए रीडिंग रूम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। समाज और पुलिस के बीच विश्वास, संवाद एवं जनसहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से राजनांदगांव पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व में ÷पहल÷ नामक एक अभिनव जन-केंद्रित अभियान की शुरुआत की गई। सोमवार को पुलिस लाइन राजनांदगांव में आयोजित भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय, जिले के विधायकगण, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में लगभग 2600 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें 550 कोटवार, करीब 1000 ग्रामीण, 400 प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थी, 500 से अधिक यातायात मित्र तथा 111 गुड समैरिटन्स शामिल रहे।

विद्यार्थियों के लिए शुरू हुआ 'पहल रीडिंग रूम'-अभियान के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ÷पहल रीडिंग रूम÷ का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा विशेष रूप से झुग्गी-बस्तियों, अटल आवास कॉलोनियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जहां अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध नहीं हो पाता।

पुलिस का उद्देश्य केवल अध्ययन की सुविधा प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को अपने क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव का वाहक बनाना है। चिखली थाना क्षेत्र से इस सुविधा की सबसे अधिक मांग सामने आई, जो इस बात का संकेत है कि कठिन परिस्थितियों में रहने वाले युवाओं में आगे बढ़ने की मजबूत इच्छाशक्ति मौजूद है।

अपराधमुक्त ग्रामों के सम्मान में वृक्षारोपण: कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2024, 2025 और 2026 में अपराधमुक्त रहे 164 गांवों के सम्मान में पुलिस लाइन एवं संबंधित थाना परिसरों में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह पहल सामाजिक जागरूकता और अपराध नियंत्रण में जनसहयोग को सम्मानित करने का प्रतीक बनी।

कोटवार और अपराधमुक्त ग्राम सम्मेलन का आयोजन: ग्रामीण सूचना तंत्र को मजबूत करने और पुलिस-जन संवाद को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के कोटवारों का सम्मेलन आयोजित किया गया। वहीं अपराधमुक्त ग्रामों के सरपंचों, पटेलों एवं ग्राम प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद कर उनके अनुभव साझा किए गए और सामुदायिक नेतृत्व को प्रोत्साहित किया गया। जिलेभर से आए अभ्यर्थियों के लिए प्रेरक सत्र, पुस्तक वितरण और कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मसानडबरा जनमन आवास कॉलोनी को देश का आदर्श मॉडल बनाने मुख्यमंत्री को दी जानकारी : अरुण सार्वा

नगरी/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने इस सप्ताह लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से मसानडबरा स्थित प्रधानमंत्री जनमन आवास कॉलोनी की जानकारी देते हुए इसके भव्य लोकार्पण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

अरुण सार्वा ने मुख्यमंत्री को बताया कि मसानडबरा में विकसित की गई जनमन आवास कॉलोनी अति पिछड़ी जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह कॉलोनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनजातीय उत्थान संबंधी सोच को साकार करने वाली एक उत्कृष्ट परियोजना है, जिसे विकसित भारत की अवधारणा के अनुरूप देश के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कॉलोनी के भव्य लोकार्पण के

लिए समय देने का आग्रह भी किया।

मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय अधोसंरचना विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखे गए। इनमें सांकरा-घटुला-बेलर-जेतपुरी मार्ग के चौड़ीकरण, केरेगांव-गट्टासिल्ली-बिरगुड़ी मार्ग के नवीनीकरण, सांकरा-झरियाबाहरा मार्ग के चौड़ीकरण, पुरूर-खिड़मीयेलन-गंगरेल मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण तथा पुरूर-भटगांव-गोकुलपुर मार्ग के उन्नयन की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। इसके साथ ही नगरी-सिहावा मार्ग के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह भी किया गया।

अरुण सार्वा ने क्षेत्र की जनसुविधाओं, सड़क संपर्क और ग्रामीण विकास से जुड़े अन्य आवश्यक कार्यों पर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

मोदी के 12 साल बेमिसाल : प्राकृतिक खेती कार्यशाला का सफल आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे मोदी के 12 साल बेमिसाल अभियान के अंतर्गत संबलपुर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, रासायनिक मुक्त कृषि, लागत में कमी तथा कृषि को आत्मनिर्भर एवं लाभकारी बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कृषि क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक सुधारों पर भी प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा जी, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद जी, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक ठाकुर जी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री रोहताश मिश्रा जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता कर प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में नवाचार, किसान सम्मान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिनका लाभ देश के करोड़ों किसानों तक पहुंच रहा है। मोदी के 12 साल बेमिसाल अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

फोटो-3- महिलाएं प्रमाण पत्र के साथ पीछे नपाध्यक्ष

नगरी विकासखंड क्षेत्र के अंतिम ग्राम मेचका में शालिनी राजपूत का विशेष जनसंपर्क संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 12 साल विकास के विश्वास के जनकल्याण के विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत शालिनी राजपूत अध्यक्ष हस्त-शिल्प कला बोर्ड एवं संगठन प्रभारी विधानसभा सिहावा द्वारा नरेन्द्र मोदी जी के देश के सबसे लम्बे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री कार्यकाल पूरा कर जनता के विश्वास देश के विकास एवं एक वैश्विक नेता बनकर उभरे हैं इस विशेष जनसंपर्क अभियान में ग्राम सांकरा मेचका अरसीकन्हार बेलरबाहरा क्षेत्र में वरिष्ठ ग्रामीण जन से भेंट कर संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा कर उनका हालचाल जाना इस

अवसर पर मोहन नाहटा मंडल प्रभारी राजेश गोसाई सभापति जनपद पंचायत नगरी

पवन साहु अध्यक्ष किसान मोर्चा शशि भूषण साहु जीवन नाग सरपंच मेचका विमला ध्रुर्वा पूर्व सरपंच वोषित पटेल गोपाल सोरी संतोष ठाकुर चंद्र कुमार नाग अंकेश ध्रुर्वा छक्कन ध्रुर्वा लखन सिन्हा गजेन्द्र सोनबोईर रेवा प्रसाद तिवारी पूनम सिन्हा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जन शामिल रहे।

कंपनी विस्तार के लिए आज जनसुनवाई ग्रामीण लामबंद, करेंगे पुरजोर विरोध

धरसींवा/ कूंरा/नवप्रदेश। मढ़ी में स्थापित मेमर्स गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के विस्तार के लिए आज जनसुनवाई होनी है। जिसका ग्रामीण पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इसी कंपनी ने पिछले दो सालों से धूल, धुएं और प्रदूषण से ग्रामीणों का जीना मुहाल कर रखा है, अब फिर इसी कंपनी के विस्तार के लिए आज 18 जून को पर्यावरणीय जनसुनवाई रखी गई है। सबसे बड़ा सवाल है पंचायत से बिना NOC लिए जनसुनवाई कैसे ? वर्तमान सरपंच एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों ने कंपनी को कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया है। इसके बावजूद जनसुनवाई की

तारीख तय कर दी गई। इसे नियम विरुद्ध बताते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने तत्काल रद्द करने की मांग की थी पर कुछ नहीं हुआ। पंचायत, ग्राम सभा, जनपद सदस्य ने भी कलेक्टर, उद्योग विभाग और मंत्रियों को अलग-अलग लिखित आवेदन देकर विस्तार पर रोक और जनसुनवाई तत्काल स्थगित करने की मांग किया था। पंचायत का स्पष्ट कहना है कि, जब पंचायत की सहमति ही नहीं है तो जनसुनवाई का मतलब क्या ? सवाल सिर्फ कंपनी से नहीं, कलेक्टर, पर्यावरण मंडल और उद्योग विभाग से है। क्या जनता की जान की कीमत कंपनी के निवेश से कम है ?

प्रशासन को तय करना है कि वह जनता के साथ खड़ा है या प्रदूषण फैलाने वाली कंपनी के साथ। बता दें कि, पर्यावरणीय जनसुनवाई के लिए ग्राम पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी NOC अनिवार्य है। सरपंच ने सूचना के अधिकार के तहत एनओसी को लेकर उद्योग विभाग से जानकारी मांगी है। मढ़ी पंचायत का कहना है कि, उन्होंने कोई NOC जारी नहीं की।

पीएम स्वनिधि महोत्सव में हितग्राहियों को किया गया प्रोत्साहित

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने तथा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थियों ने सहभागिता की।

महोत्सव के दौरान हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाओं, समय पर ऋण अदायगी के लाभ, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने तथा आगामी ऋण किश्तों की पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर योजना से लाभान्वित पथ विक्रेताओं ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे अन्य व्यापारियों को भी योजना से जुड़ने की प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने पात्र पथ विक्रेताओं से योजना का लाभ लेने और समय पर ऋण भुगतान करने की अपील की।

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि यह योजना रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के तहत बिना किसी जमानत के आसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे छोटे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।

संस्कार-संस्कृति को संजोए रखने के लिए 'डे केयर' के रूप में हमर ठीहा का संचालन

नगरी/नवप्रदेश। संस्था का उद्देश्य एकल परिवार, युवाओं का रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन और भाग दौड़ भरी जिंदगी के कारण हमारी कई वरिष्ठ नागरिक दिन के समय अकेलेपन तथा उपेक्षा का सामना कर रहे हैं।

यह अकेलापन केवल भावनात्मक नहीं बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर समस्या है इन समस्याओं का संरक्षण एवं विचारों को समेटने के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति को संजोए रखने के लिए ÷डे केयर के रूप में हमर ठीहा का संचालन किया जा रहा है ताकि उनके विचारों को उनके अनुभवों को उचित स्थान मिल सके और अपना जीवन आत्मसम्मान के साथ व्यतीत कर सके संस्था का इतिहास-यह संस्था विगत 16 वर्षो से स्टडी क्लब के रूप में स्कूली बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है तथा विगत 4 वर्षो से कंपटीशन की दुनिया में सीजी पी एस सी व्यापम और एकदिवसीय प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवा रही है।

सरकारी दफ्तर में शराब का सेवन, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय मे शासकीय कार्यालयों मे कर्मचारियो द्वारा ही शराबखोरी की घटनाएं थमने का नाम नही ल रही हे । शिक्षा कार्यालय मे शराबखोरी करते पकड़ाए लिपिक और प्रधानपाठक के बाद अब कलेक्टर कार्यालय मे संचालित होने वाले जिला आबकारी कार्यालय मे ही वहाँ पदस्थ बाबू कार्यालयीन समय मे शराबखोरी करते वाइरल विडियो मे सामने आए है । कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित जिला आबकारी कार्यालय से कर्मचारियों के शराब

सेवन का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक हलकों में हडकंप मच गया है। विभाग के कक्ष से वायरल वीडियो में आबकारी विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन सुजीत पूरी गोस्वामी और मुख्य लिपिक वीरेंद्र सिंह यादव ड्यूटी समय में शराब का सेवन करते दिखाई दे रहे हैं। विडियो दोपहर के समय का बताया गया है । उल्लेखनीय है कि पूरे जिले मे सरकारी शराब की व्यवस्था संभालने वाले आबकारी कार्यालय मे कार्यालयीन समय मे ही कर्मचारियो द्वारा शराब सेवन किए जाने की यह पहली घटना सामने आई है । जिला कार्यालय मे कलेक्टर सहित जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से मौजूद रहते हैं, उसी परिसर में कर्मचारी बेखौफ होकर शराब पीते नजर आए। घटना सामने आने के बाद सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शराब सेवन के वाइरल विडियो मामले पर जिला आबकारी विभाग फिलहाल बोलने से बच रहे है । मामले को लेकर अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि मामला की जानकारी मिली है। संबंधित कर्मचारियों के खिलाफनियमानुसार दंडात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

गड़बड़ी: माफियाओं के आगे प्रशासन बेबस, कलेक्टर के आदेश का भी असर नहीं

रातापायली में दिन-रात धड़ल्ले से चल रहा रेत का अवैध खनन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत खनन पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर द्वारा लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं, लेकिन डोंगरगांव जनपद पंचायत अंतर्गत रातापायली में इन आदेशों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। आरोप है कि हर रात बड़ी संख्या में ट्रैक्टर और अन्य वाहन नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर शासन को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगा रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रशासन को अवैध खनन की पूरी जानकारी है, तब भी रेत माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? स्थानीय लोगों का आरोप है कि एसडीएम, तहसीलदार और माइनिंग विभाग केवल दिखावटी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर अवैध खनन का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। सूत्रों की मानें तो कुछ दिन पहले राजस्व विभाग की टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची थी। इस दौरान कथित रूप से रेत माफियाओं ने राजस्व विभाग की वाहन में तोड़फोड़ का भी मामला सामने आया है इतनी गंभीर घटना के बाद भी यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई है, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर कई सवाल खड़े करता है।

क्षेत्र में चर्चा है कि आखिर रेत माफियाओं को किसका संरक्षण प्राप्त है? क्या राजनीतिक दबाव के कारण अधिकारी कार्रवाई से बच रहे हैं? यदि नहीं, तो फिर अवैध खनन का यह खेल आखिर किसके इशारे पर चल रहा है?

पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ अवैध खनन से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की चुप्पी लोगों के बीच नाराजगी का कारण बन रही है।

अब देखना यह होगा कि कलेक्टर के आदेशों का पालन करते हुए प्रशासन रेत माफियाओं पर कब तक बड़ी कार्रवाई करता है या फिर अवैध खनन का यह काला कारोबार यूं ही चलता रहेगा।

24 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में होगी ग्राम सभा

महासमुंद/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून 2026 को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का वाचन एवं अवलोकन किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिचिरदा में हर्षोल्लास के साथ बनाया प्रवेश उत्सव

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार के परिपालन में शा.पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिचिरदा मे शाला प्रवेश उत्सव आयोजित हुआ जिसमे जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव जी के मुख्य आतिथि सरपंच जितेंद्र प्रभुवा के विशिष्ट आतिथ्य व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष कुमार लसेर की अध्यक्षता मे नवप्रवेशी बच्चो का तिलक लगाकर मिठाई खिला कर स्वागत किया गया तत्पश्चात उन्हे स्कूल बैग गणवेश पाठ्यपुस्तक प्रदान किए गए इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रशांत यादव, बृहस्पतिवार सिह पैकरा,भरत निषाद ,कौशल वर्मा,गोविंद दास मानिकपुरी, रोहित पटेल, दशरथ निषाद, रामलाल पैकरा,रामाधार यादव, राजेश कुमार पटेल, कुशल पैकरा सहित गणमान्य नागरिक शाला के प्रमुख भीजराम वर्मा व शिक्षक गण मनोज कुमार ध्रुव, श्रीमती लता ध्रुव प्यारेलाल बरेठ, रमेश कुमार दीवान, नरदूराम पैकरा,हरेंद्र कुमार साहू,प्रेम कुमार पटेल, पापूराम वर्मा,प्रभा वर्मा,डिगेश्वर साहू,जगेश्वर चतुर्वेदी, देहुति दीवान, प्यारेलाल पैकरा शाला के बच्चे उपस्थित हुए जनपद अध्यक्ष यादव जी ने अपने सम्बोधन मे शाला शतप्रतिशत नामांकन व नियमित उपस्थिती पर जोर देते हुए शिक्षा को विकास के लिए अनिवार्य बताई विद्यालय मे शिक्षको द्वारा किए गए कार्य को सराहनीय कदम बताए ।

गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी, तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र में गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।पुलिस को ग्राम कनकेवा निवासी नूरपति निषाद ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके नाबालिग पुत्र के साथ हुई एक घटना की रिपोर्ट पहले से थाना सरायपाली में दर्ज है, जिसकी जांच चल रही है। 22 मई की रात लगभग 8 बजे वह अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव का टुकलाल निषाद वहां पहुंचा और पूर्व की घटना को लेकर थाना जाने संबंधी बात पर विवाद करने लगा।शिकायतकर्ता के अनुसार, बातचीत के दौरान टुकलाल निषाद गाली-गलौज करने लगा। कुछ देर बाद उसका भाई पुस्तम निषाद और लीला बाई भी वहां पहुंच गए। तीनों ने मिलकर अभद्र व्यवहार किया तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर सरायपाली पुलिस ने टुकलाल निषाद, पुस्तम निषाद और लीला बाई के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(2) तथा 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

नगर पंचायत पलारी में लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि महोत्सव 19 जून को

पलारी /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना अंतर्गत स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला का आयोजन दिनांक 19 जून 2026 को वार्ड क्रमांक 6, तारण चौक, नगर पंचायत पलारी में किया जाएगा।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पथ विक्रेताओं, शहरी गरीब परिवारों एवं असंगठित श्रमिकों को विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। मेले में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण, नवीन ऋण आवेदन, डिजिटल भुगतान पंजीयन, पीएम स्वनिधि मोबाइल एप इंस्टॉलेशन, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल भुगतान संबंधी प्रशिक्षण अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़ने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पथ विक्रेताओं, महिला एवं दिव्यांग पथ विक्रेताओं को सम्मानित किया जाएगा। खाद्य व्यवसाय संचालित करने वाले स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर आज से

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर 18 से 20 जून तक आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी एसडीएम को शिविर के बेहतर अयोजन के निर्देश दिये हैं। शिविर जिले के सभी राजस्व अनुभाग मुख्यालय में आयोजित होंगे। इसके लिये एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविरों में मुख्य रूप से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लिए नए पंजीकरण, त्रुटि सुधार और समस्याओं का त्वरित निवारण संबंधी कार्य किया जाएगा। विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, आयुष्मान वैवंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि के अंतर्गत पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही किया जाएगा।

झोलाछाप डॉक्टर पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, क्लिनिक सील

छुईखदान/नवप्रदेश। क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम नर्मदा में संचालित एक अवैध क्लिनिक को सील कर दिया। यह कार्रवाई बीएमओ डॉ. मनीष बघेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर एवं थाना प्रभारी गंडई के नेतृत्व में गठित विकासखंड स्तरीय संयुक्त जांच दल द्वारा की गई। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बिना डिग्री के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार ग्राम बाजार अतरिया निवासी मीना पाल ने शिकायत की थी कि ग्राम नर्मदा में भक्कू चंदेल नामक व्यक्ति बिना किसी वैध चिकित्सकीय डिग्री के क्लिनिक संचालित कर एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का इलाज कर रहा है। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित की। टीम ने 16 जून 2026 को क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान क्लिनिक में बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां, इंजेक्शन, नीडल, सिरिंज तथा अन्य चिकित्सा उपकरण पाए गए।

मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री होगी ऑनलाइन, 29 निजी अस्पतालों में भी बनेंगे आभा कार्ड

महासमुंद बनेगा मॉडल डिजिटल हेल्थ जिला, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर कार्यशाला

महासमुंद/नवप्रदेश। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत महासमुंद जिले का चयन मॉडल डिजिटल हेल्थ जिला के रूप में किया गया है। मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों तथा जिला क्रियान्वयन इकाई के सदस्यों को मिशन की कार्ययोजना और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

हेल्थ फैसिलिटी रजिस्टर से जुड़ेंगे अस्पताल

कार्यशाला में हेल्थ फैसिलिटी रजिस्टर (एच एफआर) को जिले में प्रभावी रूप से लागू करने की जानकारी दी गई। इसके माध्यम से अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इससे मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सुरक्षित रूप से डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध रहेगी ।

मरीजों को मिलेगा लाभ

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। उपचार की प्रत्येक प्रक्रिया डिजिटल रूप से दर्ज होगी, जिससे फर्जी क्लेम और रिकॉर्ड संबंधी गड़बड़ियों की संभावना कम होगी। साथ ही मरीजों को बार-बार कागजी दस्तावेज साथ रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उपचार प्रक्रिया अधिक सरल एवं सुविधाजनक बनेगी।

निजी अस्पतालों में भी बनेंगे आभा कार्ड

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को महासमुंद को मॉडल डिजिटल हेल्थ जिला बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए ।कार्यशाला में बताया गया कि अब जिले के सभी निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में भी आभा (आभा) कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिले के 29 निजी अस्पताल इस अभियान से जुड़ेंगे। आभा कार्ड बनने के बाद मरीज की डिजिटल हेल्थ आईडी तैयार होगी, जिसमें उसके उपचार, जांच, दवाइयों और चिकित्सकीय इतिहास का संपूर्ण रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा।

डिजिटल हेल्थ सिस्टम से बढ़ेगी पारदर्शिता-

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव तथा राज्य स्तरीय टीम के अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के उद्देश्यों और लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डिजिटल हेल्थ सिस्टम लागू होने से मरीजों, अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

स्मार्ट मीटर और बढ़ी हुई बिजली दरों को लेकर फूटा गुस्सा, मुख्यमंत्री का पुतला दहन

बिजली बिल का झटका, कांग्रेस का विद्युत कंपनी घेराव, बैरिकेड तोड़कर किया प्रदर्शन

महासमुंद/नवप्रदेश। बिजली दरों में लगातार की जा रही वृद्धि, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया और बढ़ते बिजली बिलों के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय का घेराव कर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते हुए सरकार पर जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की और झूमाझटकी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर विद्युत कंपनी परिसर में प्रवेश किया और सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई बिजली दरों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि विधानसभा चुनाव के दौरान जनता को राहत देने और बिजली बिल आधा करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार अब उल्टा बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी कर आम लोगों की जेब पर बोझ डाल रही है। इधर कार्यालय पहुंचते ही प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग हटाने की कोशिश की, जिसे रोकने के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर परिसर में प्रवेश किया और कार्यालय के सामने धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

अनिला भेड़िया का सरकार पर हमला, स्मार्ट मीटर पर उठाए सवाल

धमतरी/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिला भेड़िया ने बिजली दरों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। गुरुवार को धमतरी के राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार बिजली महंगी कर आम जनता, किसानों और छोटे कारोबारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है।भेड़िया ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में यह पांचवीं बार है जब बिजली दरों में वृद्धि की गई है। उनके अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तथा कृषि पंपों के लिए 40 पैसे प्रति यूनिट तक दरें बढ़ाई गई हैं। इससे किसानों और आम उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ेगा।उन्होंने कहा कि पहले से ही उपभोक्ता बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान हैं, वहीं हाल के महीनों में कई लोगों के बिजली बिल सामान्य से तीन से चार गुना तक बढ़कर आने की शिकायतें सामने आई हैं।

खाद-बीज संकट और महंगाई पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। खाद-बीज की किल्लत और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में बुधवार को राजिम क्षेत्र में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के गरियाबंद दौरे के दौरान विधायक रोहित साहू को काले झंडे दिखाने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पाण्डुका के चारों धाम चौक पर रोकते हुए बड़ी संख्या में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कुछ समय के लिए गरियाबंद-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई और क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमा गया।जानकारी के अनुसार, कांग्रेस कार्यकर्ता काले कपड़े पहनकर और हाथों में काले झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे।

प्रदर्शनकारियों ने 卐रोहित साहू वापस जाओ卐 और 卐मुख्यमंत्री वापस जाओ卐 के नारे लगाते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफजमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि प्रदेश में खाद-बीज की भारी किल्लत है और लगातार बढ़ती महंगाई से किसान व आम जनता परेशान हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। ब्लॉक अध्यक्ष समेत सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार-स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने चारों धाम चौक पर बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रुपेश साहू सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद भी कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते रहे और सरकार के खिलाफअपना आक्रोश जताते रहे।प्रदर्शन के कारण रुका विधायक का काफिला- कांग्रेस के उग्र प्रदर्शन का असर विधायक रोहित साहू के काफिले पर भी पड़ा। विरोध के चलते उनका काफिला कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। मौके पर भारी गहमागहमी का माहौल बना रहा। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात व्यवस्था को सामान्य कराया।

महंगाई, बेरोजगारी और बिजली दर वृद्धि पर कांग्रेस का हल्ला बोल, कलेक्ट्रेट घेराव में गरजे दीपक बैज

धमतरी (नवप्रदेश)। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याओं तथा बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया विशेष रूप से शामिल हुए। कलेक्ट्रेट घेराव के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट मोड़ पर एकत्रित हुए और पदयात्रा करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े। इस दौरान

पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। चुनाव के दौरान किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं और जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं तक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बैज ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है, कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है और किसान खाद-बीज जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए परेशान हैं। उन्होंने अघोषित बिजली कटौती और बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि यह सुशासन नहीं बल्कि कुशासन का उदाहरण है।

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर दायरे में धारा 163 लागू

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में शांति, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश को आगामी दो माह के लिए पुनः लागू कर दिया है। यह आदेश 16 जून 2026 से 17 अगस्त 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

जिला दंडाधिकारी प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जारी आदेश के अनुसार संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में खाद्य, आदिवासी विकास, कृषि, आबकारी, खनिज सहित विभिन्न शासकीय विभाग संचालित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, वृद्धजन, महिलाएं एवं आम नागरिक अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं। परिसर में धरना, प्रदर्शन, जुलूस एवं आमसभाओं के आयोजन से आमजन को असुविधा होने तथा शासकीय कार्य प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।आदेश के तहत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में जुलूस, धरना, आमसभा और प्रदर्शन आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। साथ ही किसी भी सभा, रैली या जुलूस के आयोजन से पूर्व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। लाउडस्पीकर अथवा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए भी संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी या कार्यपालिक दंडाधिकारी से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा।

ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के प्रतिभागियों का सम्मान, खिलाड़ियों को मिले प्रमाण पत्र

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर के समापन उपरांत ग्राम पंचायत भोरिंग, नगर पंचायत तुमगांव तथा एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

17 मई से 6 जून तक आयोजित प्रशिक्षण शिविर में डॉ. सुनील कुमार भोई, जगदीश धीवर, सेवन साहू एवं अभिषेक नेहरू के मार्गदर्शन में रग्बी, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, तीरंदाजी एवं तलवारबाजी सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारना, उनके तकनीकी कौशल का विकास करना तथा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना था। शिविर के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। भोरिंग की खिलाड़ी शालिनी एवं केशरी ने भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय सब-जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया।

शिक्षा व्यवस्था इस बार भी पुरानी समस्याओं से जूझती नजर आ रही

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। नया शैक्षणिक सत्र 16 जून से जिले के 2061 सरकारी स्कूलो में प्रारंभ हो गया है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था इस बार भी पुरानी समस्याओं से जूझती नजर आ रही है। शिक्षको की भारी कमी, जर्जर स्कूल भवनो की मरम्मत न होना और शिक्षको का विभिन्न कार्यालयों में संलग्नीकरण जैसी समस्याओं के बीच करीब 2 लाख 15 हजार विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू होगी। यूनिफार्म तैयार नही होने से अब तक बच्चों को यूनिफार्म नही दिया गया है।

जिले में 1189 प्राथमिक ,638 माध्यमिक,98 हाई स्कूल तथा 133 हायर सेकण्डरी स्कूल संचालित है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए महज 6945 शिक्षक है। जबकि शिक्षको के 2846 पद रिक्त है। शिक्षा विभाग के अनुसार नए सत्र के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है लेकिन जमीनी स्थिति बताती है कि शिक्षको की कमी और आधारभूत सुविधाओं का अभाव शिक्षा व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती बना हुआ है।

प्रधान पाठक अध्यापन से दूर, लेकिन गिनती शिक्षको में

युक्तियुक्तकरण के बाद प्रधान पाठको भी शिक्षको की संख्या में शामिल करते हुए स्कूलो का सेटअप निर्धारित किया गया था, लेकिन जिले के अनेक स्कूलो में प्रधान पाठक ने तो नियमित रूप से अध्यापन कार्य कर रहे है और न ही अपने प्रशासनिक दायित्वों का पूरी तरह से निर्वहन कर रहे है। शिक्षकों का कहना है कि अधिकांश प्रधान पाठक पूरे दिन कार्यालयीन कार्यो तक सिमित रहते है। स्थिति यह है कि विद्यार्थियों को पढ़ाना तो दूर विभागीय जानकारी भरने, विभिन्न पोर्टलो में प्रविष्टि करने, रिपोर्ट तैयार करने तथा अन्य फाईल संबंधी कार्य भी अपने मातहत शिक्षको से ही करवाते है।

छुईखदान-गंडई का नाम नहीं, विभागीय रिकॉर्ड पर उठे सवाल

गांव-देहात के नाम पर जारी हो रहे FSSAI लाइसेंस

छुईखदान/गंडई। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के तहत जारी कई लाइसेंसों में छुईखदान और गंडई नगर का नाम दर्ज नहीं होने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र में संचालित अनेक खाद्य व्यवसायों के लाइसेंस गांव-देहात के नाम से जारी किए गए हैं, जबकि प्रतिष्ठान नगर क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। इससे विभागीय रिकॉर्ड की सटीकता पर सवाल उठ रहे हैं।

इधर खाद्य विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण और चालानी कार्रवाई की जा रही है। नियमों के उल्लंघन पर व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। ऐसे में

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जब विभाग लाइसेंस और अन्य दस्तावेजों को लेकर सख्ती बरत रहा है, तब लाइसेंसों में क्षेत्र और पते की सही जानकारी दर्ज कराने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी होनी चाहिए।

मामले को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी (FSO) Deepak Gritlahare ने बताया कि इस संबंध में विभाग द्वारा आवश्यक जानकारी फरवरी माह में ही उच्च कार्यालय को भेज दी गई थी।

खाद्य विभाग के इस स्पष्टीकरण के बाद अब लोगों की नजरें उच्च स्तर पर लंबित प्रक्रिया पर टिकी हैं। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि छुईखदान और गंडई जैसे प्रमुख नगरों का नाम लाइसेंसों में स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए, ताकि व्यवसायों की सही पहचान और विभागीय अभिलेखों की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

फिलहाल विभाग का कहना है कि प्रस्ताव भेजा जा चुका है और आगे की कार्रवाई उच्च स्तर से पूरी होने के बाद आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। तब तक यह मुद्दा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

> हमारे द्वारा छुईखदान और गंडई क्षेत्र से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक प्रस्ताव फरवरी माह में ही विभाग को भेज दिया गया है। प्रक्रिया उच्च स्तर पर लंबित है। अभी तक वहां से कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। विभागीय स्तर पर जैसे ही आवश्यक कार्रवाई पूरी होगी, रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार किए जाएंगे।
>
> **दीपक गृतलहरे, एफएसओ**

सीएमएचओ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव के एरियर भुगतान पर उठे सवाल

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले के वर्तमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव के वेतन एरियर भुगतान को लेकर एक गंभीर शिकायत सामने आई है, जिसमें सितंबर 2019 से मार्च 2020 तक की अवधि के वेतन का भुगतान दिसंबर 2022 में एरियर के रूप में किए जाने पर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने इस पूरे प्रकरण को संदिग्ध बताते हुए मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। शिकायत के अनुसार डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव वर्ष 2019-20 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ थे। इस दौरान सितंबर 2019 से मार्च 2020 तक का उनका वेतन किसी कारणवश लंबित रहा। आरोप है कि उक्त छह माह के वेतन का भुगतान लगभग ढाई वर्ष बाद दिसंबर 2022 में एरियर के रूप में किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में किसी भी शासकीय कर्मचारी के लंबित वेतन के भुगतान के लिए निर्धारित प्रशासनिक प्रक्रिया, सक्षम अधिकारी की अनुमति एवं आवश्यक दस्तावेजी औपचारिकताओं का पालन किया जाता है, लेकिन इस मामले में पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

5 सवालों के बाद पत्रकार वार्ता समाप्त कर चले गए सांसद बृजमोहन अग्रवाल

■ **मोदी सरकार के 12 साल की उपलब्धियां गिनाने राजनांदगांव पहुंचे थे रायपुर सांसद, महंगाई और रुपए की गिरती कीमत पर पूछे गए सवाल**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां बताने राजनांदगांव पहुंचे रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल पत्रकारों के तीखे सवालों के बीच असहज नजर आए। भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का ब्योरा दिया, लेकिन सवाल-जवाब का दौर शुरू होने के बाद महज पांच सवालों के जवाब देकर अचानक प्रेस वार्ता समाप्त कर वहां से रवाना हो गए।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन मुख्यालय राजनांदगांव पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों को उपलब्धियों से भरा बताते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का उल्लेख किया।

हालांकि, पत्रकारों द्वारा महंगाई, खाद्य

तेलों की बढ़ती कीमतों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की लगातार गिरती कीमत जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे जाने के बाद माहौल बदल गया। बताया जा रहा है कि पांच सवालों के जवाब देने के बाद सांसद अग्रवाल असहज दिखाई दिए और अचानक प्रेस वार्ता समाप्त कर वहां से चले गए। उनके इस रवैये को लेकर पत्रकारों के बीच भी चर्चा का विषय बना रहा।

घटनाक्रम के बाद राजनीतिक गलियारों में भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। कांग्रेस नेताओं ने इसे सवालों से बचने की कोशिश बताया है, जबकि भाजपा की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस घटनाक्रम के बाद यह सवाल भी उठने लगे हैं कि जब केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा जा रहा था, तब मीडिया के सवालों का सामना करने के लिए पर्याप्त समय क्यों नहीं दिया गया। पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करने वाले सांसद बृजमोहन अग्रवाल का सवाल-जवाब के बीच अचानक उठकर चले जाना अब जिले की राजनीतिक और पत्रकारिता जगत में चर्चा का विषय बन गया है।

मोदी सरकार के 12 साल की उपलब्धियों पर बोले बृजमोहन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली हैं। वर्ष 2014 में जनता ने मोदी पर भरोसा जताया, 2019 में पहले से बड़ा जनादेश दिया और 2024 में लगातार तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाकर विकास की राजनीति पर अपनी मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर किए, जो किसानों के प्रति सरकार की प्राथमिकता को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए, जिनमें 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

महंगाई और रुपए की गरावट पर पूछे गए सवाल

पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों ने खाद्य तेलों की बढ़ती कीमत, महंगाई और डॉलर के मुकाबले रुपए की लगातार कमजोर होती स्थिति को लेकर सवाल किए। सूत्रों के अनुसार सांसद बृजमोहन अग्रवाल केवल पांच सवालों का जवाब ही दे सके, जिसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता समाप्त कर दी।

चातुर्मास समिति का गठन

कवर्धा/नवप्रदेश। साधु मार्गी जैन संघ कवर्धा की विशेष सभा स्थानक भवन में आयोजित की गई । इस मीटिंग में वर्षावास 2026 हेतु अध्यक्ष -सचिव का चयन किया गया। अपनी सादगी एवं स्पष्टवादिता के लिए मशहूर श्री ज्ञानचंद श्रीश्रीमाल को अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यक्रमो में अग्रणी भूमिका अदा करने वाले युवा श्री राजेंद्र सांखला को सर्वसम्मति से महामंत्री निर्वाचित किया गया । जैन श्री संघ कवर्धा को वीर निर्वाण संवत 2552 का चातुर्मास पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी महाराज साहब एवं उपाध्याय1007 पूज्य श्री राजेश मुनि जी महाराज साहब की विशेष अनुकंपा से प्राप्त हुआ है । चातुर्मास हेतु साध्वी पू 0 प्रथमा जी म0 सा 0, साध्वी पू0 छवि प्रज्ञा जी म0 सा 0 , साध्वी पूज्य श्री रामामि जी म0 सा 0 ठाणा 3 के जुलाई के उत्तरार्ध में कवर्धा पधारने की संभावना है ।

चोरी के सामान की खरीदी-बिक्री, सात कबाड़ी दुकानों पर पुलिस का छापा

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में जिले में अपराध नियंत्रण, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं चोरी के माल की खरीदी-बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीपीओ) कवर्धा श्री आशीष शुक्ला एवं थाना प्रभारी कोतवाली श्री योगेश कश्यप के नेतृत्व में कवर्धा शहर स्थित 07 कबाड़ी दुकानों में छापामार कार्रवाई एवं सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम द्वारा दुकानों में रखे विभिन्न प्रकार के कबाड़ सामग्री, अभिलेखों एवं खरीद-बिक्री संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही दुकानदारों से कबाड़ सामग्री के स्रोत के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सभी कबाड़ी व्यवसायियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे किसी भी प्रकार का संदिग्ध अथवा चोरी का सामान न खरीदें और न ही उसका संग्रहण करें।

शहर विकास के सात कार्यों के लिए मिली 1 करोड़ 15 लाख की स्वीकृति

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर विकास के लिए जारी मांगो के बीच नगरीय प्रशासन विभाग ने शहर के विभिन्न वार्डो मे निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ 15 लाख रू की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है । जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की अगुवाई में नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर और भाजपा के पार्षदों ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से मिलकर विभिन्न निर्माण कार्यो की मांग को लेकर पत्र सौंपा था । नगरीय प्रशासन मंत्री साव ने पालिकाध्यक्ष चंद्राकर और पार्षदों के मांग पत्र पर शहर विकास के कार्यो की जल्द ही स्वीकृति देने का भरोसा दिलाया था । मंत्री साव द्वारा त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश के बाद नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यपालन अभियंता हिमांशु देशमुख ने 15 जून को स्वीकृति आदेश जारी किए । शहर मे सात कार्यो के लिए मिली स्वीकृति मे अमलीपारा वार्ड 12 मे सर्व समाज मांगलिक भवन मे अहाता निर्माण एवं पेवर ब्लाक निर्माण कार्य के लिए 30 लाख रू, वार्ड 10 लालपूर, वार्ड 11 किलापारा धरमपूरा, और वार्ड 12 अमलीपारा मे पचरी निर्माण कार्य के लिए 35 लाख रू की स्वीकृति प्रदान की गई है।

तीन-तीन बार मुख्यमंत्री देने वाला क्षेत्र, फिर भी बरामदे में पढ़ रहे बच्चे

■ **राजनांदगांव के सरकारी स्कूल की हकीकत ने खोली शिक्षा व्यवस्था की पोल**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश में शिक्षा सुधार, स्मार्ट क्लास, गुणवत्ता शिक्षा और स्कूल प्रवेश उत्सव के दावों के बीच राजनांदगांव शहर के एक सरकारी स्कूल की तस्वीर कई असहज सवाल खड़े कर रही है। यह कोई दूरस्थ आदिवासी अंचल या दुर्गम गांव का विद्यालय नहीं, बल्कि शहर के मध्य स्थित शासकीय डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र प्राथमिक शाला है, जहां नए शिक्षा सत्र की शुरुआत बच्चों के बरामदे में बैठकर पढ़ाई करने से हुई।

विडंबना यह है कि यह विद्यालय उसी विधानसभा क्षेत्र में स्थित है जिसने प्रदेश को एक ही व्यक्ति को तीन-तीन बार मुख्यमंत्री के रूप में चुना। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में शिक्षा की यह तस्वीर सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच की दूरी को उजागर करती है।

पानी, शौचालय और पंखों की भी कमी

स्कूल की समस्या केवल कमरों तक सीमित नहीं है। यहां स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है और बच्चे हैंडपंप पर निर्भर हैं। पर्याप्त शौचालयों का अभाव है। कई स्थानों पर पंखे और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी जुगाड़ के भरोसे संचालित हो रही हैं। कुछ विद्यार्थियों को पुराने गणवेश और पुरानी पुस्तकों के साथ पढ़ाई करनी पड़ रही है।

एक कमरे में पांच कक्षाएं, बरामदे में चल रही पढ़ाई: विद्यालय में पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं हैं। जानकारी के अनुसार एक ही कमरे में कई कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जबकि अनेक बच्चों को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। गर्मी, उमस और बारिश के मौसम में यह व्यवस्था बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों के लिए चुनौती बन सकती है।

शिकायत के बाद सामने आई स्थिति: अभिभावकों की शिकायत मिलने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री विद्यालय पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षों की कमी, बरामदे में संचालित कक्षाएं, पेयजल और अन्य सुविधाओं का अभाव सामने आया। इसके बाद उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शहर के मध्य स्थित विद्यालय में बच्चों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

स्वागत के कार्यक्रम हुए, समस्याएं अनदेखी रहीं

नए शिक्षा सत्र के पहले दिन प्रदेशभर में स्कूल प्रवेश उत्सव मनाया गया। कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया, मिठाइयां बांटीं और तस्वीरें खिंचवाईं। लेकिन इसी दौरान इस विद्यालय की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा के नाम पर आयोजन तो हो रहे हैं, लेकिन विद्यालयों की वास्तविक जरूरतों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बिजली दर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल, भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी

■ **किसान, युवा और आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है सरकार : नवीन जायसवाल**

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में लगातार की जा रही वृद्धि, बढ़ती महंगाई, किसानों की उपेक्षा एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन करते हुए बिजली कार्यालय का घेराव किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तृत बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने तथा भाजपा सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जनता के हितों से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष को गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-बूथ तक और अधिक तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश की जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। एक ओर आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार बिजली दरों में वृद्धि कर लोगों की जेब पर अतिरिक्त भार डाल रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर थोपे गए बिजली दर वृद्धि के फैसले को कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने किसानों की स्थिति को और अधिक कठिन बना दिया है। खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में किसानों को खाद एवं बीज के लिए भटकना पड़ रहा है। युवा बेरोजगारी से परेशान हैं, महिलाएं महंगाई की मार झेल रही हैं और व्यापारी आर्थिक मंदी से जूझ रहे हैं। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

सालभर से झूल रहे बिजली तारों को पोल लगाकर हटाया, सोनेसरार के लोगों को मिली खतरे से राहत

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के सोनेसरार वार्ड मे शीतला मंदिर चौक के पा सडक़ मे झूल रहे बिजली पोल के तारो को आखिरकार खबर के बाद हटा दिया गया । बिजली पोल के तार यहां साल भर से अधिक समय से झूल रहे थे जिससे आने जाने वाले मालवाहक टकरा रहे थे । काफी नीचे तक झूलते तारो के चलते वार्ड के मुख्य मार्ग मे हर समय हादसो का खतरा मंडरा रहा था वही बड़ी दुर्घटना का डर भी बना हुआ था । लगातार शिकायतों के बाद भी मामले मे कार्यवाही अटकी पड़ी थी । पार्षद देवीन कोठले ने बताया कि खतरो की आशंका के बीच पिछले साल के सुशासन शिविर मे भी मामले को लेकर शिकायत की गई थी लेकिन बिना कार्यवाही के ही शिकायत को निराकृत बता दिया गया था । इस साल भी पिछले माह शहर के सांस्कृतिक भवन मे आयोजित समाधान शिविर मे वार्डवासियो की ओर से सडक़ के

बीच झूलते तारो को ठीक करने, गंभीर दुर्घटना होने की आशंका को लेकर शिकायत सौंपते मामले मे त्वरित कार्यवाही किए जाने का निवेदन किया गया था लेकिन सुशासन शिविर का समापन होने तक मामले मे कोई कार्यवाही नही हो पाई थी । इससे बारिश मे खतरा और बढने् का डर मंडरा रहा था ।

खबर के बाद जागा विभाग, पोल लगाकर मरम्मत कराई : खबर प्रकाशन के बाद हरकत मे आए बिजली विभाग के अधिकारियो ने आनन फानन मे कार्यवाही शुरू की । सर्वे की कार्यवाही करने के बाद मामले मे विद्युत मंडल ने मरम्मत कार्य शुरू कराया । झूलते तारो को ठीक करने शीतला मंदिर चौक मे पहले पोल लगाए जाने की कार्यवाही शुरू की गई । मंगलवार को शाम तक चले मरम्मत और संधारण कार्य के बाद पोल लगाकर बिजली तारो को सुधार दिया गया है । खबर के बाद मरम्मत और संधारण कार्यो को पूरा किए जाने से वार्डवासियो ने राहत की सांस ली है । वही कार्य पूरा होने से दुर्घटनाओ की आशंका अब दूर हो गई । विभागीय कार्यवाही पूरा होने से वार्डवासियो ने भी संतोष जताते कहा कि बारिश के दौरान दुर्घटना की आशंका खत्म हो गई । आवाजाही मे मालवाहको को भी आसानी होगी ।

// न्यायालय तहसीलदार नजूल जिला-दुर्ग//

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. / 202606104200003 /अ-20(1)/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला- दुर्ग (छ.ग.) के पत्र क्रमांक- भण्डार / I/107500 दुर्ग दिनांक 17/02/2026 के माध्यम से लेख है कि कार्यालय में किसानों का सतत् संपर्क रहने के कारण आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये कार्यालय भवन हेतु नजूल भूमि शीट क्रमांक 23 भूखण्ड क्रमांक 2/7 क्षेत्रफल 78,120 वर्गफीट भूमि को चिन्हांकित किया गया है। कार्यालय भवन निर्माण हेतु नजूल भूमि आबंटन किये जाने बाबत् पत्र इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 19/06/2026 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं । समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.06.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया ।

मुहर | जी-262701492/2

तहसीलदार (नजूल)
दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)

ऑनलाईन प्रथमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 451

क्रमांक 2527 / निविदा/ग्रा.यां. सेवा/2026 **रायपुर, दिनांक 15/06/2026**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 30/06/2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि	फार्म फीस
1	193467	TPSIRD, निमोरा के प्रशासनिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य।	86.47	64900	3000

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 15/06/2026 से देखी जा सकती है।

टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 02/07/2026 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है। **जी- 262701478/4**

कार्यालय नगर पंचायत दोरनापाल
जिला - सुकमा (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक/376/07/ स्थापना / 2026 **दोरनापाल, दिनांक 12.06.2026**

नगर पंचायत दोरनापाल द्वारा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था-ई रजिस्ट्रेशन में 'डी' एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदा 'अ' में निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

क्र.	S.T. No.	कार्य का विवरण	निविदा राशि (लाख में)	ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
01	193364	Construction of CC Road from Main Road to Bengali Samaj Shamshan Ghat Tak, Nagar Panchayat Dornapal (FIRST CALL) Road SOR (01.01.2025)	10.20	05.07.2026
02	193069	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of DORNAPAL, Chhattisgarh **(SECOND CALL)**	24.75	30.06.2026

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर देखी एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत दोरनापाल
जिला-सुकमा (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 11.06.2026

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र **'अ'** में प्रतिशत दर पर दिनांक 01.07.2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
139/193340	नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल-पुलिया का साधारण मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	14.97
140/193341	साजा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल-पुलिया का साधारण मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	15.00
141/193342	बेमेतरा संभाग के अंतर्गत मार्गो में मटेरियल सप्लाई का कार्य (जोनल एजेन्सी)	25.00
142/193343	नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	14.98
143/193344	साजा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	15.00
144/193345	बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल-पुलिया का साधारण मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	20.00
145/193346	बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	20.00
146/193347	नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का एम.ओ.डब्ल्यू, कार्य (जोनल एजेन्सी)	20.00
147/193348	साजा उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य (जोनल एजेन्सी)	20.00
148/193349	ग्राम कठिया, वि.ख. बेरला जिला बेमेतरा मे पशु औषधालय भवन का निर्माण कार्य	17.80
149/193350	ग्राम बेलतरा, वि.ख. साजा जिला बेमेतरा मे पशु औषधालय भवन का निर्माण कार्य	17.80
150/193351	उपसंभाग डोंगरगढ़ राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एम.ओ. डब्ल्यू, कार्य (जोनल एजेन्सी)	30.00
151/193352	उपसंभाग क्र. 02 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गो के पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	40.00
152/193353	उपसंभाग क्र. 01 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गो के पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	30.00
153/193354	उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य (जोनल एजेन्सी)	13.12
154/193355	उपसंभाग डोंगरगढ़ राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी)	25.00
155/193356	उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो के पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी)	25.00

टीप - 1. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी- 262701482/2

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग मंडल दुर्ग

गरियाबंद को मिली 600 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 76 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन, सड़क-सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और विद्युत अधोसंरचना को मिलेगी नई मजबूती

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज पुलिस परेड ग्राउंड, गरियाबंद में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में जिले को 603 करोड़ 46 लाख 32 हजार रुपये की लागत वाले 76 विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने 86 करोड़ 75 लाख 52 हजार रुपये की लागत से पूर्ण हुए 46 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 516 करोड़ 70 लाख 80 हजार रुपये की लागत से प्रारंभ होने वाले 30 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गरियाबंद जिले में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 757 करोड़ रुपये के बिजली बिल माफकिए जा रहे हैं, जिससे लाखों परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली मुक्त योजना लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर लोगों को बिजली खर्च से राहत दिलाई जा रही है तथा स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने किसानों के हितों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में कृषि सहकारी साख समितियों के नए केंद्र खोले जा रहे हैं, जिससे किसानों को ऋण, खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आग्रह करते हुए नैनो यूरिया के उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया के उपयोग से उत्पादन लागत कम होती है, भूमि की उर्वरता बनी रहती है और कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है।

श्री साय ने कहा कि सुशासन और पारदर्शी प्रशासन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 संचालित की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें देश की सेवा करने का सबसे लंबे समय तक अवसर प्राप्त हुआ है और उनके नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीब परिवारों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है तथा विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने गरियाबंद जिले के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए जनता से विकास कार्यों में सहभागी बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति तथा बुनियादी सुविधाओं का विस्तार है। उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले में आज जिन विकास कार्यों की शुरुआत हुई है, उनसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, पेयजल, विद्युत और जनसुविधाओं के क्षेत्र में सुधार होगा तथा जिले के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गरियाबंद जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध आदिवासी संस्कृति और धार्मिक महत्व के स्थलों के कारण विशेष पहचान रखता है। छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहलाने वाला राजिम तथा राजीव लोचन मंदिर और कुलेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। राज्य सरकार द्वारा यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है।

एनएसएस विशेष शिविर में नशा मुक्ति व जैविक खेती पर जागरुकता कार्यक्रम

कुरूद/नवप्रदेश। शासकीय आईटीआई कुरूद द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) के अंतर्गत ग्राम जी. जामगांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन विभिन्न जागरूकता एवं सेवा गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी एवं स्वच्छता अभियान के साथ की गई, जिसमें ग्रामवासियों को स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

शिविर के दौरान बाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य एवं कुपोषण से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थियों को शिक्षादान कर अध्ययन में सहयोग प्रदान किया गया।

बौद्धिक सत्र में जिला धमतरी के ड्रग इंस्पेक्टर श्री चंद्रभान मरावी ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उपस्थित सभी लोगों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।

इसके पश्चात कृषि विकास विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी श्री खिलेश्वर खूंटे ने किसानों को जैविक खेती के महत्व, लाभ एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी दी और किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। शिविर का संचालन डॉ. चमन लाल पाल (हस्स् कार्यक्रम अधिकारी) एवं प्रीति साहू द्वारा किया जा रहा है।

इस विशेष शिविर के माध्यम से ग्राम में स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं कृषि संबंधी जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने गोलछा निवास पहुंच परिजनों से की आत्मीय मुलाकात

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने भाटापारा प्रवास के दौरान सिविल लाइन स्थित गोलछा निवास पहुंच कर परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर पार्षद श्रेणिक गोलछा के दादा का कुशल क्षेम जाना ।

भाटापारा में नवनिर्मित ऑडिटोरियम लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय पहुंचे विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं संजय वार्ड के पार्षद श्रेणिक गोलछा के सिविल लाइन स्थित निवास पहुंचे।जहा उनका स्वागत उनके पिता राजेंद्र गोलछा,भाई सिद्धार्थ गोलछा सहित परिजनों ने किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रेणिक के दादा श्री गुलाब

चंद गोलछा से बड़ी आत्मीयता के साथ मुलाकात करते हुए उनका कुशल क्षेम जाना और उनसे पारिवारिक चर्चा की। डॉ साहब ने इस संक्षिप्त मुलाकात के दौरान परिवार के सभी सदस्यों का कुशलक्षेम जाना तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा की।वे लगभग आधे घंटे तक गोलछा निवास में रहे। गोलछा परिवार से उनका वर्षो पुराना आत्मीय संबंध रहा है , उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार और सहज उपस्थिती से परिवारजन काफी प्रफुल्लित हुए। इस अवसर पर क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, सुनील यदु, योगेश अनंत ,आशीष जायसवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वित्तीय साक्षरता पर विशेष व्याख्यान का सफल आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा के वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता एवं वित्तीय प्रबंधन संबंधी ज्ञान के विकास के उद्देश्य से ÷वर्तमान युग में वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता÷ विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ए. आर. सी. जेम्स के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. शरद देवांगन, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), डॉ. भवर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय, पेंड्रा (छ.ग.) उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के महत्व, बचत एवं निवेश की आवश्यकता, बैंकिंग सेवाओं के प्रभावी उपयोग, डिजिटल भुगतान प्रणाली, साइबर सुरक्षा, वित्तीय जोखिमों तथा व्यक्तिगत वित्तीय नियोजन के विभिन्न आयामों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अपने व्याख्यान में डॉ. देवांगन ने कहा कि वर्तमान डिजिटल एवं प्रतिस्पर्धात्मक युग में वित्तीय रूप से जागरूक होना प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने वित्तीय संसाधनों का उचित प्रबंधन करने, नियमित बचत की आदत विकसित करने तथा सोच-समझकर निवेश करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने डिजिटल लेन-देन के दौरान आवश्यक सावधानियों एवं वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला।

पेज 1 का शेष...

'तुम लोग परजीवी हो...', सीजेआई...

निशाना बनाते हैं, जिससे उन्हें बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस दौरान ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले साइबर अपराधियों को लेकर भारत के चीफ जस्टिस ने बहुत ही तीखी टिप्पणी की।

रेत का खूनी खेल: भाजपा...

है। वहीं गांव के ही भाजपा नेता मनोज त्रिपाठी, उनके पुत्र समेत रिश्तेदारों के डंपर का उपयोग रेत खनन व परिवहन में किया जाता था।

उद्धव की पार्टी टूटी...

राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागी सांसदों को खरी-खोटी सुनाई। राउत ने कहा- ये बेईमान लोग हैं। बेईमानी उनके खून में हैं। राउत ने बाद में मीडिया से कहा- मराठी में ऐसे शब्द आम बोलचाल का हिस्सा हैं। शिवसेना में 4 साल के बाद यह दूसरी बार टूट हुई है। इससे पहले जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 39 विधायक शिवसेना से अलग हो गए थे। बगावत से उद्धव ठाकरे सरकार गिर गई। बाद में शिंदे गुट को पार्टी का असली शिवसेना का नाम और धनुष-बाण सिंबल मिला।

राउत बोले- सांसदों को 50-50 करोड़ ऑफर, चार्टर्ड से दिल्ली आए

राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया कि बागी सांसदों को 50-50 करोड़ रुपए ऑफर हुए हैं। राउत ने कहा- मेरे पास जानकारी है कि सांसदों को 15-15 करोड़ रुपए पहुंचाए गए हैं और उन्हें 3 चार्टर्ड विमानों से दिल्ली लाया गया है। राउत की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से सिर्फ 3 सांसद, अनिल देसाई, राजाभाऊ वाजे और अरविंद सावंत मौजूद रहे। राउत ने कहा कि बाकी सांसदों को खुद सामने आकर अटकलों का खंडन करना चाहिए।

भारत पर हमला हुआ तो...

हमला करता है, तो हम मदद के लिए वहां होंगे। '

ट्रंप ने खुद को बताया भारत का दोस्त

ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ बैठक में खुद को भारत का शुभचिंतक और दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, व्हाइट हाउस में उनका (भारत का) एक बहुत अच्छा दोस्त है... यहां हर कोई भारत से प्यार करता है और वे इस व्यक्ति (पीएम नरेंद्र मोदी) का बहुत सम्मान करते हैं। '

भारतीय नाविकों की मौत पर ट्रंप ने तोड़ी चुप्पी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के दौरान ओमान के पास अमेरिकी नौसेना के हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे को उनके सामने उठाया है। भारतीय नाविकों की मौत के मामले को लेकर भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव है। भारत ने इस मामले में नई दिल्ली में वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब कर विरोध जताया था।

विद्युत यांत्रिकी विभाग...

को अपने कर्मा नगर स्थित निवास पर बुलाया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने एक लाख रुपये की राशि सौंपी, पहले से घात लगाए एसीबी अधिकारियों ने दबिश देकर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से रिश्वत की पूरी राशि बरामद कर ली गई।

एसीबी टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक मनीष तंबोली ने बताया कि संतोष सोनकर की ग्रेच्युटी राशि भुगतान के लिए उनके पुत्र गुमान सिंह से एक लाख रुपये की मांग की गई थी। शिकायत की पुष्टि होने पर ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई की खबर फैलते ही विद्युत यांत्रिकी विभाग सहित संबंधित कार्यालयों में हड़कंप की स्थिति बन गई।

जनपद पंचायत मनोरा का...

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कपरोल (हड़िकोना) निवासी एवं पूर्व उप सरपंच रीतु राम यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2022-23 में मनरेगा के तहत कराए गए गेबियन संरचना निर्माण कार्यों के मूल्यांकन एवं भुगतान प्रक्रिया पूरी कराने के एवज में प्रभारी एसडीओ संजय कुमार दिवाकर द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी अधिकारी ने प्रारंभ में 70 हजार रुपए की मांग की थी। बाद में करीब छह माह तक मूल्यांकन लंबित रखने के बाद 50 हजार रुपए मांगे गए। रकम मिलने पर मूल्यांकन कराया गया, लेकिन मूल्यांकन रिपोर्ट का सत्यापन कर बिल भुगतान कराने के लिए फिर से 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई। रिश्वत से परेशान शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी एसीबी अंबिकापुर को दी।

समर्पित भाव से काम...

के साथ अपने प्रतिनिधियों का चयन किया है, उस विश्वास पर खरा उतरना अब उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री श्री साय कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री कॉल सेंटर के माध्यम से नागरिक अपनी शिकायतें और समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। सरकार जनता की समस्याओं के समयबद्ध और प्रभावी निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

61 इंस्पेक्टर्स के तबादले...

प्रभावित जिलों में लंबे समय से कार्यरत निरीक्षकों को प्रदेश के विभिन्न जिलों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और कोंडागांव जैसे जिलों में पदस्थ अधिकारी शामिल हैं। प्रशासनिक जरूरतों और पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इन अधिकारियों को अन्य जिलों में भेजा गया है।

नाम परिवर्तन/सूचना

मैं सेल्लू बोईना नेहरू (Sellu Boina Nehru) पिता स्व. सी. सत्यनारायण (C. Satyanarayan) निवासी मकान नं.-47/ए, सड़क नं.-16, सेक्टर-2, वार्ड कमॉक-40, भिलाई नगर, तहसील व जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम सेल्लू बोईना नेहरू (Sellu Boina Nehru) पिता स्व. सी. सत्यनारायण (Late C. Satyanarayan) से बदल कर चेल्लुबोइना नेहरू (Chelluboina Nehru) पिता स्व. सी. सत्यनारायण (Late C. Satyanarayan) रख लिया है।

शपथकर्ता
सेल्लू बोईना नेहरू
पिता स्व. सी. सत्यनारायण
निवासी मकान नं.-47/ए,
सड़क नं.-16, सेक्टर-2, वार्ड कमॉक-40, भिलाई नगर,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै रूशना पति मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्मद फारूक निवासी-250, वार्ड नंबर 08, फरीद नगर सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023 (माता / पिता/पालक का नाम) सुपुत्री आइरा फातमा (AAIRA FATMA) पिता (MOHD ZUNAID) माता (RABIYA BEGUM) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर 250, वार्ड नंबर 08, फरीद नगर सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023 ने अपने नाबालिग सुपुत्री का नाम आइरा फातमा (AAIRA FATMA) पिता (MOHD ZUNAID) माता (RABIYA BEGUM) (पुराना नाम) से बदल कर आइरा फातमा (AAIRA FATMA) पिता मोहम्मद जुनैद (MOHAMMAD JUNAID) माता रूशना (RUSHNA) रख लिया है।

शपथकर्ती
रूशना पति मोहम्मद जुनैद
पिता मोहम्मद फारूक
निवासी-250, वार्ड नंबर 08,
फरीद नगर सुपेला भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै विनोद कुमार पिता श्री राजा राव उम्र 37 वर्ष निवासी-46/डी, एवेन्यू-ए, सेक्टर-7, भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्री का नाम एस. अगाथा (S.AGATHA) (पुराना नाम) से बदल कर अगाथा (AGATHA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
विनोद कुमार पिता श्री राजा राव
निवासी-46/डी, एवेन्यू-ए,
सेक्टर-7, भिलाई नगर,
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

I, Hileshwari Sahu, husband Manish Kumar Sahu, age - 32 years, resident -Ward No. 1, Nayapara, resident of Shri Ram Colony Durg, Tehsil and District -Durg (Chhattisgarh), present the following statement on oath: 1. That, my name and address are as above. 2. That, my name is recorded in my Aadhar Card, Bank Passbook, Driving License and other documents as Hileshwari Sahu, Husband Manish Kumar Sahu, which is my name after marriage which is true and correct. 3. That, in my marksheet and educational certificates my name is recorded as Hileshwari father Premlal Sahu which is my maiden name. 4. That, Hileshwari Sahu husband Manish Kumar Sahu and Hileshwari father Premlal Sahu both are the names of the same person i.e. my name is the same in support of which this affidavit is presented.

Hileshwari Sahu, husband Manish Kumar Sahu resident -Ward No. 1, Nayapara, resident of Shri Ram Colony Durg, Tehsil and District -Durg (Chhattisgarh)

नाम-परिवर्तन

मै हिलेश्वरी साहू पति मनीष कुमार साहू, उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर-1, नयापारा, श्रीराम कालोनी दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ:- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ड्रायविंग लायसेंस एवं अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम हिलेश्वरी साहू पति मनीष कुमार साहू दर्ज है जो कि यह मेरे विवाह पश्चात् का नाम है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि मेरे अंकसूची एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रो मे मेरा नाम हिलेश्वरी पिता प्रेमलाल साहू दर्ज है जो कि यह मेरे विवाह पूर्व का नाम है। यह कि, हिलेश्वरी साहू पति मनीष कुमार साहूएवं हिलेश्वरी पिता प्रेमलाल साहू दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरा ही नाम है जिसके समर्थन मे यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
हिलेश्वरी साहू
पति मनीष कुमार साहू
निवासी वार्ड नंबर-1, नयापारा,
श्रीराम कालोनी दुर्ग,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं गुलशन कुमार साहू (GULSHAN KUMAR SAHU) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता चैतराम साहू (CHAITRAM SAHU) उम्र 30 वर्ष, निवासी- ग्राम डोड़की, तह. बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अब तक गुलशन साहू (GULSHAN SAHU) पिता चैतराम साहू (CHAITRAM SAHU) (पुराना नाम) ने अपना नाम बदल कर गुलशन साहू (GULSHAN SAHU) पिता चैतराम साहू (CHAITRAM SAHU) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
गुलशन कुमार साहू
पिता चैतराम साहू
निवासी- ग्राम डोड़की,
तह. बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं नवसाद (NAVSAD) मो. नवसाद (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता मोहम्मद युनुस, उम्र 51 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 08, बाजार चौक उतई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अब तक नवसाद (NAVSAD) मो. नवसाद पिता मोहम्मद युनुस (पुराना नाम) ने अपना नाम बदल कर मोहम्मद नवसाद (MOHAMMAD NAVSAD) पिता मोहम्मद युनुस (MOHAMMAD YUNUSA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
नवसाद पिता मोहम्मद युनुस
निवासी वार्ड नं. 08, बाजार चौक
उतई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं हेमलता साहू (HEMLATA SAHU) पिता श्री राजेन्द्र साहू, उम्र 22 वर्ष, निवासी-ग्राम कंडरका, तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं मैं अपना पुराना नाम हेमलता साहू (HEMLATA SAHU) को बदलकर नया नाम खुशबू साहू (KHUSHBOO SAHU) रख लिया है।

शपथकर्ती
हेमलता साहू
पिता श्री राजेन्द्र साहू
निवासी-ग्राम कंडरका, तह.
अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202605100800076
/अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम बिरेभाट, प.ह.न. 07

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / दानग्रहिता विनोद सिंह ठाकुर पिता जीयराखन सिंह ठाकुर जाति राजपूत निवासी गांधी चौक ब्राम्हण पारा राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम बिरेभाट, प.ह.नं. 07. तहसील धमधा, जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 367, 544 रकबा क्रमशः 1.54, 0.76 हे. जो अभिलिखित भूमिस्वामी/दानकर्ता सुबोध सिंह पिता जिवराखन जाति क्षत्रिय निवासी मकान नं. 208 वार्ड कमांक 37 ब्राम्हण पारा रामायण समिति के बाजू राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदक / दानग्रहिता को पंजीकृत दान दस्तावेज क्र. सी.जी. 2026-27-114-1-322. दिनांक 12/05/2026 के आधार पर नामांतरण की मांग किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 22.06.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं दामेश्वरी राऊत (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/ पत्नी हेमलाल राऊत वर्तमान निवासी-म.नं. 339, वार्ड नं. 14, जंजगिरी पोस्ट अंडा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. एतद्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँ। मैं म.नं. 339, वार्ड नं. 14, जंजगिरी पोस्ट अंडा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम दामेश्वरी राऊत (DAMESHWARI RAUT) पति हेमलाल राऊत (HEMLAL RAUT) है और मैं अपना नाम बदलकर नया नाम मुलेश्वरी यादव (MULESHWARI YADAV) पति हेमलाल यादव (HEMLAL YADAV) करवाना चाहती। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम कार्य करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ती
दामेश्वरी राऊत
पिता/पत्नी हेमलाल राऊत
वर्तमान निवासी-म.नं. 339,
वार्ड नं. 14, जंजगिरी पोस्ट अंडा
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम1 और 5)
व्यवहार वाद क्रमांक 11ए/2026 प्रो.क्रं. 429/2026
न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

वादीगण :- राहमीन बाई व अन्य
प्रतिवादीगण :- कृष्णा बाई व अन्य
बनाम :- 1. मुन्नी शर्मा पिता स्व. श्री खुशीराम शर्मा पति श्री रामअवतार शर्मा, 2. उषा शर्मा पिता स्व. श्री खुशीराम शर्मा पति श्री बजरंग शर्मा, 3. राजकुमार शर्मा पिता स्व. श्री खुशीराम शर्मा. 4. दिलीप शर्मा पिता स्व. श्री खुशीराम शर्मा सभी निवासी-मकान नम्बर-109, जवाहर नगर, सिकोला, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्योंकि वादीगण ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते अस्थायी निषेधाज्ञा का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23.06.2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसके सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो अपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्ठि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बताई गाई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजान नही होंगे तो वाद कीसुनवाई और निराकण अपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

दिनांक 15.06.2026 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
न्यायालय
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश,
कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202606102800017
/बी-125/ वर्ष 2025-26
ग्राम मुरमुंदा प.ह.न. 16

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री दीपक यादव पिता स्व. बिसहत यादव, उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मुरमुंदा, देवांगन पारा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 अंतर्गत प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के पिता बिसहत यादव पिता समारूराम यादव, घटना दिनांक 20.05.2025 को समय दिन के लगभग 12 बजे नहाने के लिए शितला तालाब निकला था, नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने से डुब जाने से उसकी मृत्यु हो गई। इस प्रकार आवेदक के पिता का पानी में डूबने से मृत्यु होने के कारण शासन से मिलने वाली आर्थिक अनुदान सहायता राशि की मांग करते हुए अपने आवेदन के समर्थन में पुलिस थाना नंदिनी नगर का मर्ग क्रमांक 37/2025 धारा 194 बीएनएसएस की छायाप्रति सह शव परीक्षण रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, की छायाप्रति संलग्न किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 30.06.2026 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के ल-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

यह कि मैं अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) एल.आई.सी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड चौहान स्टेट भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करती हूँ कि मेरे पक्षकार संतोष कुमार वैष्णव पिता श्री गोविनद दास वैष्णव निवासी कांकेतरा राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा दिये गये अधिकार उपरान्त विक्रेता अशोक कुमार जैन आ. स्व. श्री भंवरलाल जैन पता गुडाखू लाईन वार्ड नं. 23, राजनांदगांव (छ.ग.) एवं क्रेता अकरम खान पिता श्री अब्दुल सत्तार पता वार्ड नं. 16, तुलसीपुर राजनांदगांव (छ.ग.) मौजा चिखली खसरा नम्बर 4/56, रकबा 0.018 हेक्टेयर अर्थात 2004 वर्गफीट रजिस्ट्री दिनांक 18/03/2011 ग्रन्थ नं. 8764, पृष्ठ नं. 91-96 दस्तावेज नं. 7349 की मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गयी है उक्त मूल पुरानी रजिस्ट्री पेपर का कोई दुरूपयोग ना करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज करायी गई है अतएव आम जनता जो कि उक्त जमीन/मकान के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्व: स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात् किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा। सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित।

जयराम भागवानी
अधिवक्ता-जिला न्यायालय दुर्ग
पता-प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के बाजू में न्यू आदर्श नगर दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9302838684

सौर ऊर्जा से कृषि क्रांति की ओर अफ्रीका, भारत का मॉडल बना प्रेरणा स्रोत: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती में सौर ऊर्जा के उपयोग का भारत का मॉडल अफ्रीका के लिए एक प्रभावी और बड़े पैमाने पर अपनाया जा सकने वाला समाधान साबित हो सकता है। साझा समृद्धि, समुदायों को सशक्त बनाने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने की इसकी क्षमता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने इसे भारत के किसानों और पूरे देश के लिए गर्व का विषय बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी का एक लेख साझा करते हुए लिखा, "सौर ऊर्जा एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रही है। कृषि के लिए स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग का भारत का मॉडल अफ्रीका के लिए बड़े पैमाने पर अपनाया जा सकने वाला उदाहरण है, जो साझा समृद्धि को मजबूत करेगा, समुदायों को सशक्त बनाएगा और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

यह हमारे किसानों और हम सभी के लिए गर्व की बात है।" लेख में बताया गया है कि भारत की सौर क्रांति अब देश की सीमाओं से आगे बढ़कर अन्य देशों के लिए भी नए अवसर पैदा कर रही है। इसमें प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (इंटरनेशनल सोलर अलायंस) जैसी पहलों को सौर ऊर्जा आधारित कृषि और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बताया गया है। लेख में कहा गया है कि भारत का अनुभव यह दिखाता है कि नवीकरणीय ऊर्जा खेती की उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय में सुधार करने और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने में मदद कर सकती है। लेख में यह भी कहा गया है कि सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई और कृषि प्रणालियों को सफलतापूर्वक अपनाने का भारत का अनुभव उन देशों और क्षेत्रों के लिए उदाहरण बन सकता है, जो ऊर्जा उपलब्धता, जलवायु परिवर्तन और खाद्य उत्पादन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

भारत की सौर क्रांति देश की सीमाओं से बहुत आगे तक नई राहें खोल रही है

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी एक्स पर यह लेख शेयर करते हुए कहा कि भारत की सौर क्रांति देश की सीमाओं से बहुत आगे तक नई राहें खोल रही है। उन्होंने कहा कि पीएम-कुसुम और इंटरनेशनल सोलर अलायंस जैसी पहलों के माध्यम से भारत का सफल सौर ऊर्जा आधारित कृषि मॉडल कई देशों में खाद्य सुरक्षा मजबूत करने, किसानों की आय बढ़ाने और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच का विस्तार करने में मदद कर रहा है। जोशी ने कहा, "भारत की सौर क्रांति अब दुनिया के कई देशों के लिए नई संभावनाओं के रास्ते तैयार कर रही है।"

सपा में बड़ी टूट, राम गोपाल यादव ने शाह को सौंपी चिट्ठी

लखनऊ/ए.। उत्तर प्रदेश की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी में टूट का दावा किया है। राजभर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होगी। राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी को चिट्ठी सौंपी है। खनन घोटाला और गोमती रिवर फ्रंट घोटाला का मास्टरमाइंड कौन है, पूरा उत्तर प्रदेश जानता है। शिकंजा कस रहा है तो सपा परेशान है। महाराष्ट्र बंगाल छोड़िए, समूची सपा, भाजपा में शामिल होने को तैयार बैठी है। राजभर उत्तर प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सहयोगी एसबीएसपी के प्रमुख हैं। 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले आए उनके इन दावों पर सपा ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ये दावे ऐसे समय में आए हैं जब तृणमूल कांग्रेस अभूतपूर्व विभाजन से जूझ रही है, वहीं विपक्ष के एक अन्य प्रमुख दल शिवसेना (यूबीटी) को भी संकट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसके नौ लोकसभा सांसदों में से कुछ सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल होने के इच्छुक हैं।

टीएमसी में टूट, शिवसेना यूबीटी में बगावत

बता दें कि राजभर ने यह दावा ऐसे वक्त पर किया है जब टीएमसी में टूट हो चुकी है और शिवसेना यूबीटी में विभाजन तय दिख रहा है। टीएमसी के 50 से अधिक विधायक एक अलग गुट बनाकर पार्टी से अलग हो चुके हैं। वहीं, शिवसेना यूबीटी में दरार पड़ चुकी है और कभी भी टूट हो सकती है। पार्टी के 9 में से 6 विधायकों के अलग होने की खबरें हैं। आज ये 6 सांसद संजय राउत की प्रेस कांफ्रेंस में भी नहीं पहुंचे। इससे इन कयासों को जोर मिला कि ये सांसद जल्द ही अलग गुट का ऐलान कर सकते हैं। ओम प्रकाश राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया हैं। वह अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं।

भारत की रक्षा क्षमताओं में आया बड़ा बदलाव : मोदी

तीनों सेनाओं की क्षमताओं में हुआ विस्तार : पीएम

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले एक दशक में भारत की रक्षा क्षमताओं में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन को रेखांकित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता, नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्वदेशी विनिर्माण के बल पर देश ने रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, "आत्मनिर्भरता की दृष्टि से निर्देशित और नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं स्वदेशी विनिर्माण द्वारा संचालित, भारत की रक्षा क्षमताओं में पिछले दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है।" उन्होंने कहा कि यह श्रृंखला पिछले 12 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति की एक झलक प्रस्तुत करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के महानिदेशक आशीष खन्ना द्वारा लिखित एक लेख साझा किया है। उन्होंने कहा कि यह लेख सौर ऊर्जा और कृषि क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग की संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

लेख में बताया गया है कि सौर ऊर्जा एक क्रांतिकारी शक्ति के रूप में उभर रही है। इसमें कृषि क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग के लिए भारत के मॉडल को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। लेख के अनुसार, यह मॉडल अफ्रीकी देशों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

आत्मनिर्भरता से मजबूत हुई राष्ट्रीय सुरक्षा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति आत्मनिर्भरता के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा को सशक्त बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि देश ने रक्षा उत्पादन और तकनीकी विकास के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित किए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने वायु, भूमि और समुद्र तीनों क्षेत्रों में अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है। साथ ही स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।

साझा समृद्धि और खाद्य सुरक्षा को मिलेगा बढ़ावा

लेख में कहा गया है कि कृषि के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग साझा समृद्धि को मजबूत करने, समुदायों को सशक्त बनाने और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित करने की दिशा में भी मदद मिल सकती है।

राम मंदिर में सोने-चांदी और हीरे की 1250 श्रीराम शिलाएं गायब

अयोध्या। श्रीराम मंदिर की दान राशि गबन के मामले के बीच एक और बड़ा दावा सामने आया है। धर्मसेना के संस्थापक और श्रीराम मंदिर आंदोलन से जुड़े रहे संतोष दुबे ने दावा किया है कि देश-विदेश से पूजित होकर अयोध्या लाई गईं सोने, चांदी, हीरे और अष्टधातु की 1250 श्रीराम शिलाएं गायब हो चुकी हैं। यह हर किसी को सकते में डालने वाला आरोप है। संतोष ने थाने में तहरीर दी है। इसमें उन्होंने गबन मामले में ट्रस्ट के पदाधिकारियों व कर्मचारियों पर आरोप लगाए हैं। उधर, टिन्नू के घर से करोड़ों रुपये का सोना बरामद होने की भी चर्चा है। संतोष के मुताबिक, ये शिलाएं ढाई दशक पहले तक कारसेवकपुरम में थीं। साथ में मिट्टी की भी शिलाएं रखी गई थीं। अब वहां सिर्फमिट्टी की शिलाएं हैं, जबकि कीमती शिलाएं गायब हो चुकी हैं। संतोष का कहना है कि सोने, चांदी, हीरे और अष्टधातु की शिलाओं की देखरेख की जिम्मेदारी ट्रस्ट के महासचिव की थी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)
(TENDER- FIRST CALL)

क्रमांक /926/व.ले.लि. / ग्रायांसेवा/2026-27 — अम्बिकापुर, दिनांक 15.06.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन (Online) निविदा दिनांक 30.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्र.	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (लाख में)
1	192914	हायर सेकेण्डरी कतकालो में 50 सीटर PVTG Hostel भवन निर्माण, विद्युतीकरण कार्य सहित, ज. पं. अम्बिकापुर।	180.47
2	192915	हायर सेकेण्डरी नर्मदापुर में 50 सीटर PVTG Hostel भवन निर्माण, विद्युतीकरण कार्य सहित, ज. पं. मैनपाट ।	180.47

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 16.06.2026 से डाउनलोड की जा सकती है।

(अविनाश मिंज)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर
जी - 262701538/6

कार्यालय संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771 4903223
Email- eocghbzone03@gmail.com
आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कचना कॉलोनी, रायपुर में स्थित फ्लैट क्र ई.डब्ल्यु. एस-135/ ब्लॉक-12, **श्री शुभम असाटी, पिता-श्री श्याम असाटी** को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र.-8831 दिनांक 06.09.2017 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। वर्तमान में नामांतरी **श्री शुभम असाटी, पिता श्री श्याम असाटी** शिव मंदिर के पास, सेक्टर-01, शंकर नगर मंडल बाडा, शंकर नगर जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट को **क्रेता सुश्री हेमा सिन्हा, पति- श्री परमेश्वर सिन्हा** निवासी 622/2, विधानसभा मार्ग, बजरंगपारा सडड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने दी जान सुसाइड नोट में मां-बाप से मांगी माफी

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली के पालम में रहने वाली रेणु ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरुआती जांच के अनुसार, छात्रा ने 3 मई को नीट परीक्षा दी थी और परीक्षा रद्द होने की खबरों के बाद से कथित तौर पर वह डिप्रेशन में थी। पुलिस ने बताया कि 13 जून को रेणु के पिता अपने ससुर की मौत के बाद ससुराल गए थे। घटना के समय रेणु घर पर अकेली थी। उसने कथित तौर पर 13 जून की शाम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से मिले सुसाइड नोट से उसकी मानसिक परेशानी का पता चला। नोट में उसने अपने माता-पिता से माफी मांगी और लिखा कि वह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। परिवार मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब नीट परीक्षा को लेकर लगातार विवाद चल रहे हैं।

इससे पहले राजस्थान के सीकर में भी एक छात्र ने आत्महत्या की थी। 22 साल के उमेश माली नाम का यह छात्र नीट परीक्षा के अपने तीसरे प्रयास की तैयारी कर रहा था, जो 21 जून को होनी है। सीकर में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की आत्महत्या का यह दूसरा मामला था। पुलिस के मुताबिक, झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ का रहने वाला उमेश परीक्षा की तैयारी के चलते सीकर के उद्योग नगर पुलिस स्टेशन इलाके में एक फ्लैट में अपनी मां, बड़ी बहन और छोटे भाई के साथ रह रहा था। उसके पिता मुंबई में टाइल कॉन्ट्रैक्टर का काम करते हैं। मंगलवार को भी एक छात्रा ने भी आत्महत्या कर ली थी। देहरादून में 23 साल की एक युवती ने नीट परीक्षा पास न कर पाने के कारण कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड ने क्यूआईपी के माध्यम से जुटाए 150 करोड़ रुपए

जयपुर/ए.। आभूषण उद्योग की अग्रणी और तेजी से उभरती कंपनी मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड ने 11 जून 2026 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के तहत 150 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 13,57,46,600 इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी। इन शेयरों का इश्यू प्राइस 11.05 रुपये प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया। कंपनी ने यह शेयर पात्र क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स को आवंटित किए हैं। आवंटियों में प्रमुख विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक पाइन ओक ग्लोबल फंड, मिंट फोकस्ड ग्रोथ फंड पीसीसी-सेल 1, सेंट क्या कैपिटल फंड और नोवा ग्लोबल अपॉर्च्युनिटीज फंड़ पीसीसी-टचस्टोन शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी) C.I.N.- U40108CT2003SGC015820
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (एम0आर0टी0) संभाग-एक, गुढ़ियारी, रायपुर Phone/Fax 0771-2574721
क0 10-61/क्रय/203 — रायपुर, दिनांक 17.06.2026
//निविदा आमंत्रण सूचना//
*** SUV श्रेणी वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु***

कार्यपालन यंत्री (एम0आर0टी0) संभाग-एक, रायपुर के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier Jeep) श्रेणी वाहन या समान दर पर वाहन अस्थाई अल्पकालिन अनुबंध दो वर्ष हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय
दिनांक 06.07.2026 समय 17:00 बजे तक	दिनांक 07.07.2026 समय 15:00 बजे तक	दिनांक 07.07.2026 समय 15:30 बजे

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री(एम0आर0टी0)संभाग-एक
छ.ग.स्टे0पा0ट्रां0कं0लि0.,रायपुर
S-48180/1

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग)
फोन नं.:-07705-296123 Email- bpm.chcmagarlod@gmail.com
क्रमांक 636/सीएचसी / 2026-27 — मगरलोड, दिनांक 16.06.2026
// निविदा आमंत्रण //

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड जिला- धमतरी के अंतर्गत भर्ती मरीजों / आयुष्मान भारत/जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के हितग्राहियों के लिये एवं विभिन्न बैठक / प्रशिक्षण हेतु चाय नास्ता/भोजन व्यवस्था हेतु मुहर बंद निविदा आमंत्रण किया जाना है।

इच्छुक फर्म निविदा पत्रक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में 500/-रू. अक्षरी पाँच सौ रूपये नगद जमा कर दिनांक 22.06.2026 तक समय दोपहर 3:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। स्थानीय महिला स्व सहायता समूह को प्राथमिकता दी जावेगी ।

निविदा फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 22.06.2026 (दोपहर 3:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 08.07.2026 (दोपहर 3:30 बजे तक)
निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 08.07.2026 (दोपहर 4:00 बजे तक)
निविदा खोले जाने का स्थान - सभा कक्ष

खंड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड
जी-262701528/3

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी)
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
।। निविदा सूचना ।।

क्रमांक/आब./निविदा/2026/3170
दुर्ग, दिनांक- 16/06/2026

दुर्ग जिले की विदेशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड दुर्ग के संचालन के लिये भवन किराये पर लिये जाने हेतु दिनांक 14.07.2026 अपरान्ह 1:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14.07.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेगी। मदिरा दुकान की जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्तें तथा निविदा संबंधी समस्त जानकारी दिनांक 14.07.2026 दोपहर 12 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला-दुर्ग (उप महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, दुर्ग) के कक्ष क्रमांक 44 से कार्यालयीन समय/दिवसों में प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक आयुक्त आबकारी,
हेतु कलेक्टर
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
जी-262701542/3

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता, बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 193359 निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि. / 2026-27 — **दि. 16.06.2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **07.07.2026 17:30** तक ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

कार्य का नाम - नारायणपुर जिले के विकासखंड ओरछा के किहकाड़ स्टापडेम का निर्माण कार्य।
अनुमानित लागत - रू. 88.72 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **23.06.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, नारायणपुर
कृते अधीक्षण अभियंता
बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर
जी- 262701524/5

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)
NIT NO. 490/RAIPUR — **DATED- 16.06.2026**
Online bids are invited for the following works of works up to **03.07.2026 at 17.30 hours.**

Sr. No	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate (In Lakh)
1	193561	श. पंकज विक्रम वार्ड क्र. 58 अंतर्गत टैगोर नगर चौंक से पुजारी पार्क कब्रिस्तान मोड़ तक पाईप लाईन विस्तार कार्य।	18,87,000.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **16.06.2026, 17.30 Hours** (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through EmailID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
(ZONE NO. 06)
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

खाद संकट, जर्जर सड़कें और कानून व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन, सड़क किया जाम

■ जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, खाद की काला-बाजारी का लगाया आरोप

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को सिहावा बस स्टैंड में राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के नेतृत्व में विशाल धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम का आयोजन किया गया। शाम लगभग 4 बजे शुरू हुए इस आंदोलन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, किसानों तथा आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध जुआ-सट्टा कारोबार पर रोक लगाने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण करने तथा कानून व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।धरना स्थल पर लगाए गए बैनर और पोस्टरों के माध्यम से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, वहीं कुछ स्थानों पर खाद की कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पैदा किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए

एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में अवैध जुआ और सट्टा का कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खुलेआम संचालित हो रहे इस अवैध कारोबार के कारण सामाजिक वातावरण भी बिगड़ रहा है। प्रशासन से मांग की गई कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि युवाओं को गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सके।

प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र की बदहाल सड़कों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने बताया कि सांकरा-जैतपुरी मार्ग, सिहावा-बिरगुड़ी मार्ग, बोराई-सिहावा मार्ग, कर्णेश्वर-घठुला मार्ग तथा हिरापुर-सिहावा मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं। सड़कें जगह-जगह से उखड़ चुकी हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने मांग की कि इन मार्गों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा आवश्यकतानुसार नई सड़कों का निर्माण कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

न्यूज गैलरी

नन्हे कदमों की छाप बनी यादगार, सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर की अनूठी पहल

बालोद/नवप्रदेश। विद्यालय में बच्चों का पहला दिन उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत होता है। इसी पल को हमेशा के लिए यादगार बनाने के उद्देश्य से सरस्वती शिशु मंदिर, जगन्नाथपुर के शिक्षकों ने एक प्रेरणादायी और भावनात्मक पहल की। नए प्रवेशी बच्चों के नन्हे-नन्हे कदमों की लाल रंग से छाप लेकर उन्हें कोरे पन्नों पर अंकित किया गया तथा प्रत्येक बच्चे का नाम लिखकर यह स्मृति-चिह्न उनके पालकों को भेंट किया गया।विद्यालय परिवार का मानना है कि शिक्षा के मंदिर में रखा गया यह पहला कदम केवल स्कूल में प्रवेश नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। बच्चों के पहले कदमों की यह छाप आने वाले वर्षों में उनके शैक्षणिक सफर की मधुर याद बनकर परिवारों को प्रेरित करती रहेगी।इस अवसर पर सिद्धिविनायक शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद हरदेल ने कहा कि बच्चों के जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को संजोना उन्हें विद्यालय से भावनात्मक रूप से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। प्रधानाचार्य ताराचंद साहू ने बताया कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार और संवेदनाओं के विकास को भी समान महत्व देता है।कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफउपस्थित रहा। शिक्षकों की इस अनूठी पहल की पालकों ने भी सराहना की और इसे बच्चों के शैक्षणिक जीवन की सुंदर शुरुआत बताया। नन्हे कदमों की यह छाप न केवल कागज पर अंकित हुई, बल्कि उपस्थित सभी लोगों के हृदयों में भी एक मधुर स्मृति बनकर बस गई।

मोदी के 12 साल बेमिसाल: प्राकृतिक खेती कार्यशाला का सफल आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे मोदी के 12 साल बेमिसाल अभियान के अंतर्गत संबलपुर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, रासायनिक मुक्त कृषि, लागत में कमी तथा कृषि को आत्मनिर्भर एवं लाभकारी बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कृषि क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक सुधारों पर भी प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा जी, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद जी, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक ठाकुर जी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री रोहताश मिश्रा जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता कर प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में नवाचार, किसान सम्मान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिनका लाभ देश के करोड़ों किसानों तक पहुंच रहा है। मोदी के 12 साल बेमिसाल अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

फोटो-3- महिलाएं प्रमाण पत्र के साथ पीछे नपाध्यक्ष

पीएम स्वनिधि महोत्सव में हितग्राहियों को किया गया प्रोत्साहित

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने तथा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थियों ने सहभागिता की।

महोत्सव के दौरान हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाओं, समय पर ऋण अदायगी के लाभ, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने तथा आगामी ऋण किश्तों की पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर योजना से लाभान्वित पथ विक्रेताओं ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे अन्य व्यापारियों को भी योजना से जुड़ने की प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने पात्र पथ विक्रेताओं से योजना का लाभ लेने और समय पर ऋण भुगतान करने की अपील की।

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि यह योजना रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के तहत बिना किसी जमानत के आसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे छोटे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।

राजनांदगांव पुलिस की अभिनव पहल, निःशुल्क कोचिंग और मेंटरशिप कार्यक्रम की घोषणा

'पहल' का डॉ. रमन सिंह ने किया शुभारंभ शिक्षा-सामाजिक परिवर्तन की नई शुरुआत

■ 2600 से अधिक लोगों की सहभागिता, विद्यार्थियों के लिए रीडिंग रूम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। समाज और पुलिस के बीच विश्वास, संवाद एवं जनसहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से राजनांदगांव पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व में ÷पहल÷ नामक एक अभिनव जन-केंद्रित अभियान की शुरुआत की गई। सोमवार को पुलिस लाइन राजनांदगांव में आयोजित भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय, जिले के विधायकगण, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में लगभग 2600 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें

550 कोटवार, करीब 1000 ग्रामीण, 400 प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थी, 500 से अधिक यातायात मित्र तथा 111 गुड समैरिटन्स शामिल रहे।

विद्यार्थियों के लिए शुरू हुआ 'पहल रीडिंग रूम'-अभियान के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ÷पहल रीडिंग रूम÷ का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा विशेष रूप से झुग्गी-बस्तियों, अटल आवास कॉलोनियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जहां अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध नहीं हो पाता।

पुलिस का उद्देश्य केवल अध्ययन की सुविधा प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को अपने क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव का वाहक बनाना है। चिखली थाना क्षेत्र से इस सुविधा की सबसे अधिक मांग सामने आई, जो इस बात का संकेत है कि कठिन परिस्थितियों में रहने वाले युवाओं में आगे बढ़ने की मजबूत इच्छाशक्ति मौजूद है।

अपराधमुक्त ग्रामों के सम्मान में वृक्षारोपण: कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2024, 2025 और 2026 में अपराधमुक्त रहे 164 गांवों के सम्मान में पुलिस लाइन एवं संबंधित थाना परिसरों में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह पहल सामाजिक जागरूकता और अपराध नियंत्रण में जनसहयोग को सम्मानित करने का प्रतीक बनी।

कोटवार और अपराधमुक्त ग्राम सम्मेलन का आयोजन: ग्रामीण सूचना तंत्र को मजबूत करने और पुलिस-जन संवाद को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के कोटवारों का सम्मेलन आयोजित किया गया। वहीं अपराधमुक्त ग्रामों के सरपंचों, पटेलों एवं ग्राम प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद कर उनके अनुभव साझा किए गए और सामुदायिक नेतृत्व को प्रोत्साहित किया गया। जिलेभर से आए अभ्यर्थियों के लिए प्रेरक सत्र, पुस्तक वितरण और कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मसानडबरा जनमन आवास कॉलोनी को देश का आदर्श मॉडल बनाने मुख्यमंत्री को दी जानकारी : अरुण सार्वा

नगरी/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने इस सप्ताह लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से मसानडबरा स्थित प्रधानमंत्री जनमन आवास कॉलोनी की जानकारी देते हुए इसके भव्य लोकार्पण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

अरुण सार्वा ने मुख्यमंत्री को बताया कि मसानडबरा में विकसित की गई जनमन आवास कॉलोनी अति पिछड़ी जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह कॉलोनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनजातीय उत्थान संबंधी सोच को साकार करने वाली एक उत्कृष्ट परियोजना है, जिसे विकसित भारत की अवधारणा के अनुरूप देश के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कॉलोनी के भव्य लोकार्पण के लिए समय देने का आग्रह भी किया।

मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय अधोसंरचना विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखे गए। इनमें सांकरा-घटुला-बेलर-जेतपुरी मार्ग के चौड़ीकरण, केरेगांव-गट्टासिल्ली-बिरगुड़ी मार्ग के नवीनीकरण, सांकरा-झरियाबाहरा मार्ग के चौड़ीकरण, पुरूर-खिड़मीयेलन-गंगरेल मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण तथा पुरूर-भटगांव-गोकुलपुर मार्ग के उन्नयन की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। इसके साथ ही नगरी-सिहावा मार्ग के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह भी किया गया।

अरुण सार्वा ने क्षेत्र की जनसुविधाओं, सड़क संपर्क और ग्रामीण विकास से जुड़े अन्य आवश्यक कार्यों पर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

नगरी विकासखंड क्षेत्र के अंतिम ग्राम मेचका में शालिनी राजपूत का विशेष जनसंपर्क संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 12 साल विकास के विश्वास के जनकल्याण के विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत शालिनी राजपूत अध्यक्ष हस्त-शिल्प कला बोर्ड एवं संगठन प्रभारी विधानसभा सिहावा द्वारा नरेन्द्र मोदी जी के देश के सबसे लम्बे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री कार्यकाल पूरा कर जनता के विश्वास देश के विकास एवं एक वैश्विक नेता बनकर उभरे हैं इस विशेष जनसंपर्क अभियान में ग्राम सांकरा मेचका अरसीकन्हार बेलरबाहरा क्षेत्र में वरिष्ठ ग्रामीण जन से भेंट कर संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा कर उनका हालचाल जाना इस

अवसर पर मोहन नाहटा मंडल प्रभारी राजेश गोसाई सभापति जनपद पंचायत नगरी

पवन साहु अध्यक्ष किसान मोर्चा शशि भूषण साहु जीवन नाग सरपंच मेचका विमला ध्रुर्वा पूर्व सरपंच वोषित पटेल गोपाल सोरी संतोष ठाकुर चंद्र कुमार नाग अंकेश ध्रुर्वा छक्कन ध्रुर्वा लखन सिन्हा गजेन्द्र सोनबोईर रेवा प्रसाद तिवारी पूनम सिन्हा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जन शामिल रहे।

कंपनी विस्तार के लिए आज जनसुनवाई ग्रामीण लामबंद, करेंगे पुरजोर विरोध

धरसींवा/ कूंरा/नवप्रदेश। मढ़ी में स्थापित मेमर्स गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के विस्तार के लिए आज जनसुनवाई होनी है। जिसका ग्रामीण पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इसी कंपनी ने पिछले दो सालों से धूल, धुएं और प्रदूषण से ग्रामीणों का जीना मुहाल कर रखा है, अब फिर इसी कंपनी के विस्तार के लिए आज 18 जून को पर्यावरणीय जनसुनवाई रखी गई है। सबसे बड़ा सवाल है पंचायत से बिना NOC लिए जनसुनवाई कैसे ? वर्तमान सरपंच एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों ने कंपनी को कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया है। इसके बावजूद जनसुनवाई की

तारीख तय कर दी गई। इसे नियम विरुद्ध बताते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने तत्काल रद्द करने की मांग की थी पर कुछ नहीं हुआ। पंचायत, ग्राम सभा, जनपद सदस्य ने भी कलेक्टर, उद्योग विभाग और मंत्रियों को अलग-अलग लिखित आवेदन देकर विस्तार पर रोक और जनसुनवाई तत्काल स्थगित करने की मांग किया था। पंचायत का स्पष्ट कहना है कि, जब पंचायत की सहमति ही नहीं है तो जनसुनवाई का मतलब क्या ? सवाल सिर्फ कंपनी से नहीं, कलेक्टर, पर्यावरण मंडल और उद्योग विभाग से है। क्या जनता की जान की कीमत कंपनी के निवेश से कम है ?

प्रशासन को तय करना है कि वह जनता के साथ खड़ा है या प्रदूषण फैलाने वाली कंपनी के साथ। बता दें कि, पर्यावरणीय जनसुनवाई के लिए ग्राम पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी NOC अनिवार्य है। सरपंच ने सूचना के अधिकार के तहत एनओसी को लेकर उद्योग विभाग से जानकारी मांगी है। मढ़ी पंचायत का कहना है कि, उन्होंने कोई NOC जारी नहीं की।

संस्कार-संस्कृति को संजोए रखने के लिए 'डे केयर' के रूप में हमर ठीहा का संचालन

नगरी/नवप्रदेश। संस्था का उद्देश्य एकल परिवार, युवाओं का रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन और भाग दौड़ भरी जिंदगी के कारण हमारी कई वरिष्ठ नागरिक दिन के समय अकेलेपन तथा उपेक्षा का सामना कर रहे हैं।

यह अकेलापन केवल भावनात्मक नहीं बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर समस्या है इन समस्याओं का संरक्षण एवं विचारों को समेटने के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति को संजोए रखने के लिए ÷डे केयर के रूप में हमर ठीहा का संचालन किया जा रहा है ताकि उनके विचारों को उनके अनुभवों को उचित स्थान मिल सके और अपना जीवन आत्मसम्मान के साथ व्यतीत कर सके संस्था का इतिहास-यह संस्था विगत 16 वर्षों से स्टडी क्लब के रूप में स्कूली बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है तथा विगत 4 वर्षों से कंपटीशन की दुनिया में सीजी पी एस सी व्यापम और एकदिवसीय प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवा रही है।

सरकारी दफ्तर में शराब का सेवन, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय मे शासकीय कार्यालयों मे कर्मचारियो द्वारा ही शराबखोरी की घटनाएं थमने का नाम नही ल रही हे । शिक्षा कार्यालय मे शराबखोरी करते पकड़ाए लिपिक और प्रधानपाठक के बाद अब कलेक्टर कार्यालय मे संचालित होने वाले जिला आबकारी कार्यालय मे ही वहाँ पदस्थ बाबू कार्यालयीन समय मे शराबखोरी करते वाइरल विडियो मे सामने आए है । कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित जिला आबकारी कार्यालय से कर्मचारियों के शराब

सेवन का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक हलकों में हडक़ंप मच गया है। विभाग के कक्ष से वायरल वीडियो में आबकारी विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन सुजीत पूरी गोस्वामी और मुख्य लिपिक वीरेंद्र सिंह यादव ड्यूटी समय में शराब का सेवन करते दिखाई दे रहे हैं। विडियो दोपहर के समय का बताया गया है । उल्लेखनीय है कि पूरे जिले मे सरकारी शराब की व्यवस्था संभालने वाले आबकारी कार्यालय मे कार्यालयीन समय मे ही कर्मचारियो द्वारा शराब सेवन किए जाने की यह पहली घटना सामने आई है । जिला कार्यालय मे कलेक्टर सहित जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से मौजूद रहते हैं, उसी परिसर में कर्मचारी बेखौफ होकर शराब पीते नजर आए। घटना सामने आने के बाद सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शराब सेवन के वाइरल विडियो मामले पर जिला आबकारी विभाग फिलहाल बोलने से बच रहे है । मामले को लेकर अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि मामला की जानकारी मिली है। संबंधित कर्मचारियों के खिलाफनियमानुसार दंडात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

गड़बड़ी: माफियाओं के आगे प्रशासन बेबस, कलेक्टर के आदेश का भी असर नहीं

रातापायली में दिन-रात धड़ल्ले से चल रहा रेत का अवैध खनन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत खनन पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर द्वारा लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं, लेकिन डोंगरगांव जनपद पंचायत अंतर्गत रातापायली में इन आदेशों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। आरोप है कि हर रात बड़ी संख्या में ट्रैक्टर और अन्य वाहन नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर शासन को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगा रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रशासन को अवैध खनन की पूरी जानकारी है, तब भी रेत माफियाओं के खिलाफ प्रभावी

कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? स्थानीय लोगों का आरोप है कि एसडीएम, तहसीलदार और माइनिंग विभाग केवल दिखावटी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर अवैध खनन का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। सूत्रों की मानें तो कुछ दिन पहले राजस्व विभाग की टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची थी। इस दौरान कथित रूप से रेत माफियाओं ने राजस्व विभाग की वाहन में तोड़फोड़ का भी मामला सामने आया है इतनी गंभीर घटना के बाद भी यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई है, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर कई सवाल खड़े करता है।

क्षेत्र में चर्चा है कि आखिर रेत माफियाओं को किसका संरक्षण प्राप्त है? क्या राजनीतिक दबाव के कारण अधिकारी कार्रवाई से बच रहे हैं? यदि नहीं, तो फिर अवैध खनन का यह खेल आखिर किसके इशारे पर चल रहा है?

पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ अवैध खनन से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की चुप्पी लोगों के बीच नाराजगी का कारण बन रही है।

अब देखना यह होगा कि कलेक्टर के आदेशों का पालन करते हुए प्रशासन रेत माफियाओं पर कब तक बड़ी कार्रवाई करता है या फिर अवैध खनन का यह काला कारोबार यूं ही चलता रहेगा।

24 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में होगी ग्राम सभा

महासमुंद/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून 2026 को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का वाचन एवं अवलोकन किया जाएगा।

दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस के सिलिका रिडक्शन प्लांट ने पार किया 20 लाख टन उत्पादन का आंकड़ा

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के अंतर्गत संचालित दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस के सिलिका रिडक्शन प्लांट (एसआरपी) ने 4 जून को 20 लाख टन संचयी उत्पादन का महत्वपूर्ण माइलस्टोन हासिल किया। यह उपलब्धि लौह अयस्क संसाधनों के अधिकतम और दक्ष उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सिलिका रिडक्शन प्लांट का उद्घाटन 23 जून 2023 को किया गया था और अक्टूबर 2023 से इसका वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ। संचालन प्रारंभ होने के 563 दिनों के भीतर संयंत्र ने 7 मई 2025 को 10 लाख टन उत्पादन का आंकड़ा पार किया। इसके बाद अगले 10 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य मात्र 393 दिनों में हासिल किया गया, जो संयंत्र की बढ़ती उत्पादकता और परिचालन दक्षता को दर्शाता है।

सिलिका रिडक्शन प्लांट (जिसे बेनीफिशिएशन प्लांट के नाम से भी जाना जाता है) की स्थापना उच्च सिलिका युक्त 1 एमएम से कम आकार के लौह अयस्क फाइंस के उत्थान हेतु की गई है। यह अत्याधुनिक बेनीफिशिएशन तकनीक से सुसज्जित है, जिसके माध्यम से लौह अयस्क में उपस्थित सिलिका की मात्रा को कम कर बीएसपी के लिए उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क उपलब्ध कराया जाता है।

निम्न श्रेणी के लौह अयस्क संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। छह दशक से अधिक पुराने दल्ली-राजहरा खदान क्षेत्र में लौह अयस्क की गुणवत्ता में क्रमिक कमी को देखते हुए 1 एमएम से कम आकार के लौह अयस्क फाइंस का बेनीफिशिएशन आवश्यक हो गया था, ताकि ब्लास्ट फर्नेस संचालन के लिए अपेक्षित गुणवत्ता का अयस्क उपलब्ध कराया जा सके।

उन्नत गुणवत्ता वाले लौह अयस्क की उपलब्धता से भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों में हॉट मेटल उत्पादन क्षमता में सुधार हुआ है। कोक की खपत में कमी, फर्नेस दक्षता में वृद्धि और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी यह संयंत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सिलिका रिडक्शन प्लांट सेल की सतत और पर्यावरण-अनुकूल इस्पात उत्पादन की प्रतिबद्धता को भी सशक्त बना रहा है।

दल्लीराजहरा से रावघाट तक दौड़ेगी यात्री ट्रेन 58 वैगन वाली मालगाड़ी से ट्रैक का ट्रायल

भिलाई/नवप्रदेश। दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना के तहत 17 जून को रावघाट रेलखंड पर नियंत्रित गति और सीमित भार के साथ तकनीकी ट्रायल प्रारंभ किया गया। यह ट्रायल आगामी दिनों में विभिन्न चरणों में जारी रहेगा और रेल लाइन की परिचालन क्षमता, संरचनात्मक सुरक्षा व तकनीकी मानकों का परीक्षण किया जाएगा। इस प्रगति के साथ रावघाट रेल परियोजना अब अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है।

करीब 95 किलोमीटर लंबी दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना को सेल-बीएसपी और भारतीय रेलवे के साझा प्रयासों से विकसित किया जा रहा है। वर्ष 2008 में हुए एमओयू के बाद शुरू हुई यह परियोजना केवल लौह अयस्क परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि बस्तर अंचल को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण पहल बन चुकी है। इस परियोजना में सेल द्वारा अब तक करीब 1800 करोड़ रुपये रेल लाइन निर्माण पर और रावघाट परियोजना के समग्र विकास पर लगभग 2000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों से गुजरने वाली इस परियोजना को पूरा करना आसान नहीं था।

आज रेल लाइन निर्माण का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में रावघाट स्टेशन भवन, यात्री सुविधाओं और सिग्नलिंग व दूरसंचार से जुड़े कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जुलाई के अंत तक स्टेशन परिसर के शेष कार्य पूर्ण होने की संभावना है। इसके बाद कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी द्वारा निरीक्षण और सुरक्षा स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी ट्रायल का उद्देश्य रेल लाइन की परिचालन तैयारियों का आकलन करना है। विभिन्न गति और भार स्थितियों में परीक्षण किए जाने के बाद आवश्यक अनुमतियां प्राप्त होंगी। सीआरएस की स्वीकृति मिलने के बाद इस रेलखंड पर यात्री ट्रेन संचालन का मार्ग भी प्रशस्त हो जाएगा, जिसका लंबे समय से बस्तर क्षेत्र के लोग इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2022 में दल्लीराजहरा से तरोकी तक यात्री ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं। रावघाट तक रेल संपर्क के बाद यह लाभ ज्यादा व्यापक होगा।

न्यूज गैलरी

उमदा और पाटन में तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर आज से

दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश सहित दुर्ग जिले में 'विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी व हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के दो प्रमुख स्थानों पर तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विशेष शिविर 18 जून से 20 जून तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पात्र नागरिकों का मौके पर ही पंजीयन कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 3 महेश राजपूत से मिली जानकारी के अनुसार भिलाई 3 क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिए तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन उमदा में किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन लवकेश ध्रुव ने बताया कि पाटन क्षेत्र के अंतर्गत इस वृहद पंजीकरण शिविर का आयोजन डॉ. खूबचन्द बघेल सामुदायिक भवन अटारी, नगर पंचायत पाटन में किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से पाटन और उसके आसपास के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं से सीधे जोड़ा जाएगा।

राज्य महिला आयोग की आज जनसुनवाई

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के मामलों के त्वरित निराकरण के लिए 18 जून को जिले में एक विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनवाई जिला मुख्यालय स्थित पांच बिल्डिंग परिसर के बाल गृह परिसर में बने 'प्रेरणा सभाकक्ष' में सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। आयोग की अध्यक्ष व न्यायपीठ की उपस्थिति में होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न मामलों की गंभीर सुनवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाने की पहल की जाएगी।

अवैध प्लाटिंग पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की सख्त कार्रवाई

दुर्ग। पाटन तहसील अंतर्गत ग्राम अमलीडीह पटवारी हल्का नंबर 10 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 15000 रकबा 27.351 हेक्टेयर भूमि पर अनुमोदित अभिन्यास का विचलन कर बड़े-बड़े टुकड़े में उपविभाजन और अवैध रूप से मार्ग, बाउण्ड्रीवॉल व अन्य विकास/निर्माण का कार्य कर भूमि के प्राकृतिक स्वरूप में परिवर्तन करने पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की टीम ने सख्त कार्रवाई की है। मेसर्स दमयंती इन्फ्रास्ट्रक्चर डंगनिया को विधिवत नोटिस की तामिल कर, समयावधि में जवाब प्राप्त न होने पर कार्यवाही की गई। टीम में सहायक संचालक श्रव्या दीवान मिश्रा, अनूप गढ़े, सजल शर्मा, तहसीलदार पाटन भूपेन्द्र सिंह, अमलीडीह पटवारी रूपेन्द्र साहू, अमलीडीह थाना प्रभारी व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

राजेन्द्र पार्क में तीन दिवसीय भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी आज से

दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के सफल और गौरवशाली कार्यकाल के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के, कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। आम जनता को सरकार की नीतियों, विकास कार्यों और उपलब्धियों से रू-ब-रू कराने के उद्देश्य से राजेन्द्र पार्क दुर्ग में भव्य तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी 18 जून से 20 जून तक आयोजित की गई है। प्रदर्शनी का शुभारंभ 18 जून को शाम 4 बजे किया जाएगा। प्रदर्शनी में सरकार द्वारा विगत वर्षों में देश व प्रदेश के विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए चलाई जा रही प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

बिजली टैरिफ बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस ने किया उग्र प्रदर्शन, स्मार्ट मीटर तोड़कर जताया आक्रोश

■ जिला ग्रामीण कांग्रेस और दुर्ग शहर कांग्रेस ने फूंके मुख्यमंत्री के पुतले

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 1 जुलाई से घरेलू बिजली दरों में 30 से 50 पैसे की बढ़ोतरी के साथ ही व्यवसायिक बिजली की दरें बढ़ाने के विरोध में दुर्ग में कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बिजली विभाग के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के पुतले को जलाया।

इससे पहले कांग्रेसी बैनर-पोस्टर और मुख्यमंत्री के पुतले को लेकर राजीव भवन से निकले और पटेल चौक होते हुए बिजली दफ्तर पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने बिजली दरों को कम करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने बेरिकेड्स तोड़ दिये। जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने प्रतीकात्मक रूप से स्मार्ट मीटर को तोड़कर विरोध जताया।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने स्मार्ट मीटर और चिमनी भेंटकर कहा कि आज पूरे प्रदेश में बढ़े बिजली बिल को लेकर त्राहि-त्राहि मची है। घरों में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगा दिए गए। स्मार्ट मीटर के माध्यम से जनता की जेब पर डाका डालने का प्रयास किया जा रहा है।

दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि ट्रपल इंजन की सरकार देश-प्रदेश की जनता पर चौतरफा महंगाई का बोझ बढ़ा रही है। बिजली उत्पादन में अग्रणी राज्य छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली की सप्लाई की जा रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद बिजली की दरें अब तक 31 प्रतिशत तक बढ़ी है।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, आरएन वर्मा दीपक दुबे, संजय कोहले, राजेश यादव, विक्रांत अग्रवाल, अल्ताफअहमद, रायसिंह ढिकोला, नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, आनंद ताम्रकार, अनूप वर्मा, गुरदीप भाटिया, जामवंत गजपाल, प्रेमलता साहू, राम सूर्यवंशी, मोहन साहू, मनीष बघेल, कमलेश साहू, देवेंद्र देशमुख, करीम खान, उमेश साहू, संतलाल बंजारे, राजेश मानिकपुरी, राकेश हिरवानी, अमृत राजपूत, अभिषेक जांगड़े, जयप्रकाश साहू, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली उपस्थित थे।

हाईकोर्ट के आदेश पर नंदिनी रोड से हटाया गया अवैध कब्जा

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई की टीम ने जोन 4 शिवाजी नगर क्षेत्र के नंदिनी रोड स्थित रूप ए ब्लॉक ब्लॉक क्रमांक-2 के पूर्व दिशा में किए गए अवैध निर्माण को हटाने की कार्यवाही की। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा संरचना के विध्वंस संबंधी पारित आदेश के पालन में की गई।

उक्त स्थल पर उत्पल घोष द्वारा आवागमन बाधित कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। निगम प्रशासन ने 11 जून को बेदखली की कार्रवाई शुरू की थी, लेकिन कब्जाधारी द्वारा स्वयं अवैध निर्माण हटाने के लिए 24 घंटे का अतिरिक्त समय मांगा गया। कब्जेधारी की मांग पर निगम की टीम ने कार्रवाई स्थगित कर दी। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। 17 जून को निगम प्रशासन ने दोबारा सख्त कार्रवाई करते हुए जोन-4 राजस्व विभाग, बेदखली दल और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटाया।

कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। निगम अमले ने पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। निगम प्रशासन ने नागरिकों से सार्वजनिक भूमि एवं मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

गांव में अवैध शराब की बिक्री और अवैध निर्माण पर रोक लगाने जनदर्शन में गुहार

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सिद्धी थॉमस ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज 135 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनदर्शन में दुर्ग नगर के पटरीपार सिकोला भाठा, सिकोला बस्ती, जवाहर नगर, शक्ति नगर क्षेत्र के रहवासी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे और शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को यथावत रखने का आवेदन सौंपा। अपर कलेक्टर ने सीएमएचओ दुर्ग को आवेदन मार्क कर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। प्रगति नगर रिसाली वार्ड-22 के नागरिकों ने अधूरी नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कराने आवेदन दिया। स्मृति नगर भिलाई के लोगों ने बंद भारतम पार्क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की।

वार्ड-25 जवाहर नगर भिलाई के निवासियों ने जवाहर विद्यालय के सामने सड़क मरम्मत कराने की मांग की। रिसाली के भोज ठाकुर ने छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना अंतर्गत चौथी कक्षा में अध्ययनरत पुत्र सयुष ठाकुर को आर्थिक सहायता की अगली किश्त राशि देने की मांग की। ग्राम कचान्दुर के किसानों ने राईस मिलर्स द्वारा रास्ते में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण करने पर मार्ग बाधित होने की शिकायत की। भिलाई सेक्टर 7 वार्ड-67 के निवासियों ने भिलाई में पीलिया रोग के बढ़ते प्रकोप को रोकने गुहार लगाई। धमधा तहसील अंतर्गत ग्राम बिरौदा के समस्त ग्रामवासियों ने ग्राम में अवैध निर्माण और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने आवेदन दिया।

सख्ती से हटाएं अवैध निर्माण, आयुक्त ने दिये निर्देश

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय ने जोन 3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन आकांक्षी शौचालय, सार्वजनिक शौचालय, पुल निर्माण व अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का अवलोकन किया। अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। अवैध निर्माण और सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

आयुक्त ने पावर हाउस छावनी थाना के सामने स्थित लाल मैदान का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। फ्ल मंडी क्षेत्र में पूर्व से निर्मित शौचालय की साफ-सफाई, नलों में टोटी लगाने और पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए। शौचालय परिसर के पास नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जवाहर मार्केट में नागरिकों और व्यापारियों की सुविधा के लिए बनाए गए सामुदायिक शौचालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। टाटा लाइन रोड के पास नाली पर निर्माणाधीन पुल का कार्य शीघ्र पूरा करने कहा।

आयुक्त ने सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रखकर यातायात बाधित करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये। वार्डों में नालियों के ऊपर बने स्लैब तोड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सूर्या नगर कैम्प 2 में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय व वार्ड 36 श्याम नगर स्थित महिला शौचालय का कार्य शीघ्र पूरा करने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि त्रिलोचन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवक जन फाउंडेशन ने किया 192 यूनिट रक्तदान, रक्तदाताओं का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सेवक जन फाउंडेशन द्वारा कला मंदिर सभागार भिलाई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे 200 से अधिक सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, बीएसएफ आईजी संजय पंत, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष एनके बंछोर, ऑफिसर्स एसोसिएशन के पूर्व महासचिव परविंदर सिंह, भाजपा नेता अमित साहू, श्री राम जन्मोत्सव समिति यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, सर्व समाज कल्याण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, पूर्व सीएसपी वीरेंद्र सतपथी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में 192 यूनिट रक्तदान किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता के तहत 70 से अधिक लोगों के ब्लड शुगर की जांच की गई। स्वास्थ्य जांच की पूरी व्यवस्था आरोग्यम अस्पताल की टीम द्वारा की गई। इस अवसर पर जन सेवक फाउंडेशन द्वारा समाज सेवा और रक्तदान शिविर आयोजन में अग्रणी संस्थाओं का सम्मान किया गया। रायपुर छत्तीसगढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी, फाउंडेशन सीटीबी को विगत पांच वर्षों में समाज हित में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में किये गए कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सीटीबी फाउंडेशन के मोहम्मद आरिफ अशरफी को राज्य स्तरीय रक्त अलंकरण सम्मान से नवाजा गया।

नीट परीक्षा: कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

जिले के सभी 19 परीक्षा केंद्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा के लिए जिले में कुल 19 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 6939 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था, शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिले के सभी 19 परीक्षा केंद्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग, निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने बिजली विभाग और परीक्षा संबंधी भ्रामक खबरों व अफवाहों पर अंकुश लगाने के लिए प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया व डिजिटल मीडिया मॉनिटरिंग हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी 19 परीक्षा केंद्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सुरक्षा और कानून व्यवस्था संभालेंगे। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त सभी अधिकारियों को परीक्षा के दिन सुबह 11 बजे से शाम 6.30 बजे तक अपने-अपने केंद्रों में उपस्थित रहकर कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने निर्देशित किया गया है। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों और स्टाफ की त्वरित चिकित्सीय सहायता के लिए एम्बुलेंस और मेडिकल टीमों को भी मुस्तैद किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत तैनात स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों के रूप में डॉ. उदभव चंद्राकर, डॉ. डीगेश्वर बघेल, डॉ. नूर आलम और डॉ. विराज वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग का अन्य स्टाफ तैनात रहेगा। परीक्षा अवधि में सभी 19 परीक्षा केंद्रों और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में सतत व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार के व्यवधान से सीसीटीवी निगरानी, संचार व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां प्रभावित हो सकती हैं, जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के दुर्ग संभाग के कार्यपालन निदेशक और भिलाई के अधीक्षण अभियंता को संबंधित क्षेत्र के विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों को अलर्ट रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश कोचिंग संस्थान नहीं कर सकेंगे पाम्पलेट वितरण

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने जिले में निर्धारित नीट परीक्षा के सभी परीक्षा केन्द्रों के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किए हैं। कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी सिंह द्वारा पारित आदेशानुसार परीक्षा दिवस 21 जून को संबंधित परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में सभी प्रकार के कोचिंग संस्थानों, शैक्षणिक मार्गदर्शन केन्द्रों, बुक स्टॉल संचालकों, पुस्तक विक्रेताओं या अन्य व्यक्तियों द्वारा किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार, पर्चा, पंपलेट वितरण, ज्ञापन वितरण, अस्थायी स्टॉल टेंट, टेबल, कुर्सी, शिविर का संचालन या अनावश्यक भीड़ एकत्र करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर की परिधि में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर, डीजे, धुमाल, ध्वनि विस्तारक यंत्र, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पुलिस/प्रशासन को छोड़कर) या अन्य ऐसे यंत्र जो ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा 21 जून को राष्ट्रीय पात्रता नीट परीक्षा का आयोजन जिले के विभिन्न 19 परीक्षा केन्द्रों में किया जाना है। परीक्षा दिवस 21 जून को यह आदेश संबंधित परीक्षा केन्द्रों के लिए निर्धारित क्षेत्र में प्रभावशील रहेगा।

रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद मिलने पर नगर निगम करेगा कार्यवाही

■ आयुक्त के निर्देश पर रिसाली में किया जा रहा सर्वे

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम की सभी आवासों और व्यवसायिक परिसर में बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच करेगी। वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या कंडम होने पर रिसाली नगर निगम प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करेगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसके लिए टीम का गठन किया है। जल संरक्षण के लिए बनाए सोक पिट का सत्यापन भी किया जा रहा है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्धारित मापदण्डों के तहत तैयार वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सत्यापन करने के निर्देश दिये हैं।

आयुक्त ने बताया कि शासन जल संरक्षण को लेकर गंभीर है। शासन के निर्देश पर पूरे क्षेत्र में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच की जा रही है। अगर किसी प्रकार की कोताही बरते जाने पर समझाइश दी जाएगी। इसके बाद कार्यवाही होगी। आयुक्त ने घर या व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थल पर बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बारिश के पूर्व संधारित करने की अपील नागरिकों से की है।

पहले दिन ही फेल हुई ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था, वीएसके एप क्रैश होने से परेशान रहे शिक्षक

रायपुर/नवप्रदेश। नए शिक्षा सत्र के पहले ही दिन शिक्षकों और कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए शुरू की गई वीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) एप आधारित व्यवस्था लड़खड़ा गई। हजारों शिक्षकों द्वारा एक साथ लॉगिन करने के प्रयास के बीच एप का सर्वर डाउन हो गया, जिससे अधिकांश शिक्षक अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कर सके।

स्कूल खुलने के पहले दिन ही तकनीकी खामी सामने आने से शिक्षकों में नाराजगी देखी गई और शिक्षक संगठनों ने व्यवस्था की तैयारी पर सवाल खड़े किए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्देश जारी कर 16 जून से सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति वीएसके मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज करना अनिवार्य किया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर संबंधित कर्मचारी की उपस्थिति शून्य मानी जाएगी तथा जून माह का वेतन रोका जा सकता है। इसी आशंका के चलते शिक्षक निर्धारित समय पर स्कूल पहुंचकर सुबह 10 बजे से लगातार एप पर चेक-इन करने का प्रयास करते रहे, लेकिन अधिकांश मामलों में सफलता नहीं मिली।

घंटों मोबाइल लेकर जूझते रहे शिक्षक

प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों को उपस्थिति दर्ज कराने के लिए घंटों मोबाइल फोन पर प्रयास करते देखा गया। कई स्थानों पर शिक्षक एक-दूसरे से संपर्क कर समस्या की जानकारी लेते रहे, लेकिन अधिकांश को एक ही जवाब मिला-'सर्वर डाउन है।' बताया जा रहा है कि एक साथ बड़ी संख्या में उपयोगकर्ताओं के लॉगिन करने से एप का सर्वर दबाव नहीं झेल पाया और सिस्टम क्रैश हो गया।

तैयारी पर उठे सवाल

शिक्षकों का कहना है कि यदि ऑनलाइन उपस्थिति को अनिवार्य किया गया था तो पहले से पर्याप्त तकनीकी तैयारी और सर्वर क्षमता सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। पहले ही दिन आई तकनीकी दिक्कत ने पूरी व्यवस्था की तैयारियों पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

शिक्षक संगठनों ने जताई आपत्ति

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन का उपयोग सरकारी उपस्थिति दर्ज करने के लिए अनिवार्य करना उनके मौलिक अधिकारों और निजता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले वैकल्पिक और सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध करानी चाहिए। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे ने कहा कि किसी भी एप को डाउनलोड करने के लिए कैमरा, लोकेशन और डेटा संबंधी कई अनुमति देनी पड़ती हैं, जिससे व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। उन्होंने इसे शिक्षकों की निजता से जुड़ा गंभीर विषय बताया। वहीं छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राठौर ने कहा कि शिक्षकों के निजी मोबाइल का 'शासकीयकरण' बंद होना चाहिए। यदि सरकार ऑनलाइन उपस्थिति चाहती है तो पहले स्कूलों में आवश्यक उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

बायोमेट्रिक अटेंडेंस की मांग तेज

ऑनलाइन एप आधारित व्यवस्था में आई तकनीकी समस्याओं के बाद शिक्षक संगठनों ने स्कूलों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू करने की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि इससे उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तकनीकी बाधाओं से मुक्त हो सकेगी। नए शिक्षा सत्र के पहले ही दिन वीएसके एप के ठप पड़ जाने से ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब शिक्षकों को इंतजार है कि विभाग इस समस्या का स्थायी समाधान कब तक निकालता है।

न्यूज गैलरी

जर्जर पुलिस आवासों पर हाईकोर्ट सख्त, पुलिस हाउसिंग सोसायटी ने पेश किया शपथपत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के आमानाका स्थित जर्जर पुलिस आवासों के मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस हाउसिंग सोसायटी ने शपथपत्र प्रस्तुत कर नए आवास निर्माण प्रोजेक्ट की जानकारी दी है। कोर्ट को बताया गया कि पुलिस आवासों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभिक स्तर पर शुरू कर दी गई है और इसकी प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर अदालत के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। दरअसल, रायपुर के आमानाका क्षेत्र में स्थित पुलिस क्वार्टरों की जर्जर हालत को लेकर प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि करीब 34 वर्ष पुराने 24 पुलिस आवास बेहद खराब स्थिति में हैं। कई मकानों की सीढ़ियां टूटकर गिर चुकी हैं और पहली मंजिल तक जाने वाले रास्ते खंभों के सहारे टिके हुए हैं। ऐसे हालात में करीब 20 परिवार जोखिम के बीच रहने को मजबूर थे। मामले की पिछली सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बी.डी. गुरु की खंडपीठ के समक्ष पुलिस हाउसिंग सोसायटी के प्रबंध संचालक एवं आईपीएस अधिकारी पवन देव उपस्थित हुए थे। उन्होंने अदालत को बताया था कि सभी जर्जर आवास खाली करा लिए गए हैं तथा नए निर्माण और मरम्मत कार्यों के लिए शासन से 10 करोड़ रुपये की मांग की गई है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद राज्य शासन ने योजना को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसके बाद पुलिस आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान पुलिस हाउसिंग सोसायटी की ओर से शपथपत्र दाखिल किया गया। शपथपत्र में बताया गया कि रायपुर के संबंधित क्षेत्रों में पुलिस आवास निर्माण परियोजना का प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया गया है।

सड़क पर मवेशी छोड़ना पड़ेगा महंगा, अब होगी स्थायी जब्ती

बिलासपुर/नवप्रदेश। सड़कों पर आवारा घूमने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं और यातायात बाधाओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में अब राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और अन्य सार्वजनिक सड़कों पर पाए जाने वाले गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं को स्थायी रूप से जब्त किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऐसे पशुओं को पकड़ने के बाद दोबारा मालिकों को नहीं लौटाया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिला प्रशासन, नगर निगम और पशुपालन विभाग संयुक्त रूप से विशेष अभियान चला रहे हैं। प्रशासन का मानना है कि आवारा मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। अधिकारियों के अनुसार शहर और आसपास के क्षेत्रों से पकड़े गए पशुओं को फिलहाल मोपका स्थित पशु आश्रय केंद्र में रखा जा रहा है, जहां उनके स्वास्थ्य परीक्षण और संरक्षण की व्यवस्था की जाती है। अब तक कई मामलों में पशुपालक जुर्माना भरकर या निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर अपने पशु वापस ले जाते थे, लेकिन बाद में उन्हें फिर सड़कों पर छोड़ देते थे। इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने स्थायी जब्ती का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा राज्य मार्ग पर विचरण करते पाए जाने वाले गौवंशीय और भैंसवंशीय पशुओं को जब्त कर उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। जब्त किए गए सांडों को बैलजोड़ी बनाकर बैगा-बिरहोर समुदाय और जरूरतमंद किसानों को सौंपा जाएगा। वहीं गायों को गौ-इकाई के रूप में पालन-पोषण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

बाइक और एक्टिवा से शराब परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 45 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब जब्त की है। पहले मामले में पुलिस को सूचना मिली थी कि बुधूडोंगर निवासी अलेख राम अजगर (43 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 06 जीके 5309 से अवैध महुआ शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना के आधार पर ग्राम नूनपाली-दुलारपाली मार्ग स्थित गोहिरा पेड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की है। दूसरे मामले में पुलिस ने जोगनीपाली क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए वार्ड क्रमांक-03 निवासी धीरज दास मानिकपुरी (28 वर्ष) को पकड़ा। आरोपी फुलझर राइस मिल जोगनीपाली मोड़ के आगे तालाब के पास बिना नंबर की एक्टिवा में अवैध शराब का परिवहन कर रहा था।

जंगल में 4 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ठाकुरदिया खुर्द के पास स्थित जंगल में एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी, जहां गोवर्धन सतनामी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद की गई।

नालियां जाम, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल

न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बदहाली का शिकार, गंदगी से रहवासी त्रस्त

दो वर्षों से नहीं हुआ निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर फूटा रहवासियों का आक्रोश

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के छत्रपति शिवाजी वार्ड अंतर्गत न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नगर निगम की लापरवाही और उपेक्षा के चलते हालात लगातार बदतर होते जा रहे हैं। नियमित सफाई नहीं होने से नालियां जाम पड़ी हैं और उनका गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। कॉलोनी की गलियों में फैली गंदगी और जलभराव से रहवासियों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कॉलोनी के रहवासियों का आरोप है कि नगर निगम सभी प्रकार के करों की नियमित वसूली तो करता है,लेकिन बदले में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। स्वच्छता अभियान और अमृतकाल जैसे दावों के बीच कॉलोनी की स्थिति प्रशासनिक दावों की पोल खोल रही है। रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या भी लंबे समय से बनी हुई है। बार-बार बिजली कटौती के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है,लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर लोगों में गहरा असंतोष व्याप्त है।

कॉलोनी के रहवासी पी नागेंद्र राव ने कहा कि पूरे देश में स्वच्छता और विकास की बात की जा रही है,लेकिन न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आज भी उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नगर सरकार के गठन के लगभग दो वर्ष बाद भी महापौर संजय पांडे और निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने क्षेत्र का निरीक्षण तक नहीं किया। वहीं अनिल सामंत ने बताया कि विद्युत आपूर्ति केंद्र के पास खाली भूमि पर निर्माण मलबा डंप किए जाने की शिकायत कई बार की गई,लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। हेलेना गिरधरन ने लगातार बाधित हो रही बिजली आपूर्ति पर चिंता जताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

रहवासी बोले- कर वसूली पूरी, सुविधाएं क्यों अधूरी?

न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र में वर्षों से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है,नालियां जाम हैं,सड़कें गंदे पानी से लबालब हैं,बिजली आपूर्ति अनियमित है और खाली भूखंडों पर अवैध रूप से मलबा डंप किया गया है। कई बार शिकायतों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद न तो मलबा हटाया गया और न ही जिम्मेदार लोगों पर जुर्माना लगाया गया। रहवासियों का आरोप है कि नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण कॉलोनी को लावारिस छोड़ दिया गया है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सफाई,मलबा निष्पादन और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई तो वे जनआंदोलन का रास्ता अपनाने पर विवश होंगे।

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत, आधे संकुलों तक नहीं पहुंचीं किताबें

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में नया शिक्षा सत्र मंगलवार से शुरू हो गया, लेकिन पहले ही दिन स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों और यूनिफॉर्म की कमी ने शिक्षा विभाग की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कक्षा 1 से 8 तक की पाठ्य पुस्तकें अब तक प्रदेश के करीब आधे संकुलों तक ही पहुंच पाई हैं, जबकि अधिकांश स्कूलों में बच्चों को पहले दिन न तो किताबें मिल सकीं और न ही यूनिफॉर्म का वितरण हो पाया।

जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा सरकारी, अनुदान प्राप्त तथा छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। इस वर्ष भी पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा पुस्तकों की आपूर्ति में देरी होने से स्कूल खुलने के पहले दिन बच्चों को खाली हाथ लौटना पड़ा। जिन संकुलों में किताबें पहुंच भी चुकी हैं, वहां से संबंधित स्कूलों तक उनका वितरण नहीं हो सका।

9वीं-10वीं की किताबों में भी भ्रम की स्थिति: कक्षा 9वीं और 10वीं की पुस्तकें सभी हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों तक पहुंचा दी गई हैं, लेकिन इनमें आधी नई बारकोडयुक्त और आधी पुरानी बिना बारकोड वाली पुस्तकें भेजी गई हैं। इससे शिक्षकों के सामने स्कैनिंग और रिकॉर्ड संधारण को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। पाठ्य पुस्तक निगम की ओर से पुरानी पुस्तकों पर बारकोड स्टीकर चिपकाकर उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

कई स्कूलों में केवल औपचारिक रहा प्रवेशोत्सव: पुस्तकों और यूनिफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण अनेक स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव केवल औपचारिकता बनकर रह गया। रायपुर जिले सहित कई स्थानों पर विद्यार्थियों को न तो किताबें वितरित की जा सकीं और न ही नई यूनिफॉर्म मिल पाई। शिक्षा सत्र के पहले दिन बच्चों में उत्साह तो दिखा, लेकिन आवश्यक सामग्री नहीं मिलने से निराशा भी नजर आई।

यूनिफॉर्म वितरण की भी धीमी रफ्तार: बच्चों की यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ को दी गई है। इस वर्ष यूनिफॉर्म का रंग भी बदला गया है। 16 जून तक 18 जिलों में दो-दो सेट यूनिफॉर्म संकुल स्तर तक पहुंचा दिए गए हैं, जबकि 15 जिलों में केवल एक सेट ही पहुंच पाया है।

फेसबुक पर दोस्ती, प्यार और फिर रेप, आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर की एक युवती से यूपी के युवक ने फेसबुक के जरिए दोस्ती की, युवती को प्रेमजाल में फंसाया फिर होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। युवती की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार था और मोबाइल बंद कर अपनी लोकेशन छिपाकर रह रहा था। हालांकि, लगातार तलाशी के बाद बस्तर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर जगदलपुर लाया है। जहां से न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, युवती ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश निवासी रवि कुमार राजभर (22) से हुई थी। दोनों के बीच रिश्ते गहरे होते गए। युवक युवती से मिलने जगदलपुर आया। इसके बाद शहर के एक होटल में बातचीत के बहाने ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया।

भूपेश के खिलाफ चुनाव याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी, हाईकोर्ट ने कहा- तथ्य पर्याप्त हैं

भूपेश बघेल की ओर से दायर आवेदन खारिज, 23 जून को होगी सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल के खिलाफ दायर चुनाव याचिका को प्रारंभिक स्तर पर खारिज करने से इनकार कर दिया है। न्यायाधीश रवींद्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चुनाव याचिका प्रथम दृष्टया सुनवाई योग्य है। इसे गुण-दोष के आधार पर परीक्षण के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। ऐसे में मामले की सुनवाई जारी रहेगी। आगे की कार्यवाही के लिए 23 जून को सूचीबद्ध किया गया है।

अधिवक्ता सौरभ चौबे ने बताया कि सांसद विजय बघेल ने हाईकोर्ट में भूपेश के खिलाफ चनाव याचिका दायर की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि नवंबर 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले लागू साइलेंस पीरियड में भूपेश बघेल ने कथित रूप से रोड शो और रैली की।

जबकि भूपेश बघेल की ओर से अधिवक्ता ने अंतरिम आवेदन दाखिल कर चुनाव याचिका की वैधता पर प्रश्न उठाया था। अधिवक्ता ने तर्क दिया था कि याचिका में आवश्यक तथ्यों का अभाव है। भ्रष्ट आचरण संबंधी आरोप अस्पष्ट हैं। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के समर्थन में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 65-बी का प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है। ऐसे में याचिका जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की अनिवार्य शर्तों का पालन नहीं करती। साथ में यह भी कहा कि याचिका में चुनाव परिणाम पर कथित प्रभाव के संबंध में पर्याप्त आधार नहीं बताए गए हैं। वकील सौरभ चौबे के मुताबिक याचिका में घटना की तिथि, कथित रोड शो, शिकायतें, वीडियो रिकॉर्डिंग और संबंधित परिस्थितियों का स्पष्ट उल्लेख है। कोर्ट में प्रारंभिक चरण में ही मिनी ट्रायल कराने का प्रयास कर रहे हैं। कई प्रश्न साक्ष्यों के परीक्षण के बाद ही तय हो सकते हैं।

नयापारा में कपड़े की दुकान में भीषण आग, इलाके में मची अफरा-तफरी

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के गीदम रोड स्थित नयापारा क्षेत्र में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब इंडसइंड बैंक के समीप स्थित एक कपड़े की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान से उठती ऊंची लपटों तथा धुएं के गुबार ने आसपास के लोगों को दहशत में डाल दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंच गए। आग लगने के बाद आसपास की दुकानों और प्रतिष्ठानों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई,ताकि आग अन्य दुकानों तक न फैल सके। स्थानीय लोगों ने प्रारंभिक स्तर पर अपने संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण स्थिति पर काबू पाना आसान नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैल रही थी, जिसके चलते क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

मानसून की रफ्तार धीमी, अगले 5 दिनों तक बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मानसून का इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है। जून का आधा महीना बीत जाने के बावजूद प्रदेश के मध्य हिस्सों में मानसूनी गतिविधियां अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी हैं। राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में उमस और गर्मी से लोग परेशान हैं, जबकि तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला हुआ रह सकता है। इस अवधि में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, मेघगर्जन और तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने और वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है। वहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। ऐसे में लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में फिलहाल उमस भरी गर्मी का असर बना हुआ है। बारिश की रुक-रुक कर हो रही गतिविधियों के कारण वातावरण में नमी बढ़ गई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। हालांकि मौसम विभाग का मानना है कि आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने से तापमान में गिरावट आ सकती है।

कृषि कार्यों की तैयारी कर रहे किसानों की नजर भी मानसून की सक्रियता पर टिकी हुई है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण कई क्षेत्रों में बोनी का कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में अगले कुछ दिनों में होने वाली बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आ सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से मौसम संबंधी चेतावनियों पर ध्यान देने और खराब मौसम के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

पेंशन हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर

22 जून से 22 जुलाई तक होगा आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। निराश्रित एवं सामाजिक सहायता पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए रायपुर नगर निगम 22 जून से 22 जुलाई 2026 तक विशेष समस्या निवारण शिविर आयोजित करेगा। यह शिविर नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में लगाए जाएंगे, जहां पेंशनधारकों की विभिन्न तकनीकी और बैंकिंग संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा जारी जानकारी के अनुसार शिविरों में केवाईसी अपडेट, आधार एवं मोबाइल नंबर संशोधन, मृत हितग्राहियों की जानकारी एवं पंचनामा प्रस्तुत करने, बैंक खाते के ब्लॉक होने, आधार का एनपीसीआई से लिंक नहीं होने सहित अन्य बैंकिंग समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावा केन्द्र सरकार की पेंशन योजनाओं-इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना के लाभार्थियों का एप के माध्यम से शत-प्रतिशत सत्यापन भी किया जाएगा।

नगर निगम प्रशासन ने सभी जोन कमिश्नरों को शिविरों के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर अभियान की रूपरेखा साझा करने तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों तक जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है।

नगर निगम ने पेंशन हितग्राहियों एवं उनके परिजनों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम जोन कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं और सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करें। यह अभियान पेंशन योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को समयबद्ध और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाभियान के रूप में संचालित किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com